अधिकतम :30°C
न्यूनतम : 12°C
77,414.92
23,519.35
92,115
1,04,000
ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मुरादाबाद, रविवार 30 मार्च 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 230 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com
चैत्र कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082
29 रमजान 1446 हिजरी
नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# म्यांमार त्रासदी: मौत का आंकड़ा 1644 पहुंचा

## 3400 घायल, म्यांमार में फिर आया 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता के भूकंप आए

नेपीदा, वार्ता



- यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे को आशंका, 10 हजार से ज्यादा हो सकता है मौत का आंकड़ा
- पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए और 100 से अधिक लोग लापता

**म्यांमार में** शनिवार दोपहर 3.30 बजे फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह 2 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले तीन भूकंप आ चुके हैं। शुक्रवार को 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने जताई है।

भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग लापता हैं, उनमें से कई बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत के मलबे में फंसे हुए हैं। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक म्यांमार की सैन्य सरकार ने कहा है कि मरने वालों का आंकड़ा 1,644 हो चुका है, जबकि 3400 से ज्यादा लोग घायल हैं। म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप है। भारी तबाही के चलते म्यांमार के 6 राज्यों और पूरे थाईलैंड में इमरजेंसी लगा दी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपये) दिए। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा है। चीन की रेस्क्यू टीम सबसे पहले पहुंची। हॉन्ग कॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भेजेंगे। थाईलैंड में आए भीषण भूकंप के दौरान बैंकॉक के डाक्टरों ने हॉस्पिटल के बाहर सड़क पर एक बच्चे को जन्म दिलवाया। महिला बच्चे को जन्म देने के लिए हॉस्पिटल गई हुई थी, इसी दौरान भूकंप आ गया। इसके बाद डाक्टरों को हॉस्पिटल को खाली करना पड़ा। बैंकॉक शहर के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। इसके लिए वे 100 से ज्यादा इंजीनियरों को तैनात करने जा रहे हैं।

### भारत ने म्यांमार के लिए सहायता की पहली खेप भेजी

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार के लोगों के लिए मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी है। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा कि वायुसेना का सी-130 विमान कंबल, तिरपाल, स्वच्छता किट, स्लीपिंग बैग, सोलर लैंप, भोजन के पैकेट और रसोई सेट लेकर जा रहा है। इस उड़ान के साथ एक खोज और बचाव दल और चिकित्सा दल भी है। हम घटनाक्रम पर नज़र रखना जारी रखेंगे और आगे और सहायता भेजी जाएगी।

### मोदी ने म्यांमार के वरिष्ठ जनरल से बात कर एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भीषण भूकंप से तबाह म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग फ्लाइंग से बात कर कहा है कि भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ खड़ा है और राहत सामग्री के साथ-साथ बचाव अभियान में भी मदद कर रहा है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग फ्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।

### यूपी से म्यांमार जाएंगे फील्ड अस्पताल के 118 मेडिकल स्टाफ

**नई दिल्ली।** भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। यूपी के आगरा से 118 सदस्यों वाला फील्ड अस्पताल म्यांमार जाएगा। ऑपरेशन ब्रह्मा पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि म्यांमार में भारत के राजदूत राहत और बचाव कार्यों का बेहतर समन्वय करने के लिए फिलहाल नेपीदा में हैं। सरकार के मुताबिक भारतीय समुदाय के किसी सदस्य के हताहत होने की अभी तक कोई खबर नहीं मिली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि संकट के समय सबसे पहले मदद करना भारत की विदेश नीति का हिस्सा है।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 17 नक्सली ढेर

सुकमा, वार्ता

- इंसॉस और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद दो जवान भी घायल

**छत्तीसगढ़ के** सुकमा जनपद में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में अब तक 17 नक्सली मारे गए हैं। इंसास और एसएलआर समेत बड़ी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। मरने वाले नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। एक साल के अंदर अब तक 410 नक्सली मारे जा चुके हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने अपडेट देते हुए बताया कि 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। खबर है कि इस मुठभेड़ में डीवीसीएम जगदीश ढेर हो गया है। वहीं सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण ने बताया कि हमने अब तक 17 नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। बड़ी संख्या में एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। दो जवानों को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, एक अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ केरलापाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक जंगल में हुई है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। आगे बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात को अभियान शुरू हुआ। अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीआरपीएफ के जवान शामिल हैं। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिला सुकमा के थाना केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति की सूचना परब 28 मार्च को जिला सुकमा डीआरजी और सीआरपीएफ की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए हुई। अभियान के दौरान शनिवार सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ स्थल और आस-पास क्षेत्रों की सुरक्षाबलों द्वारा सघन सर्चिंग जारी है।

### हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में 17 नक्सलियों को ढेर किए जाने पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए शनिवार को संकल्प व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने हथियार रखने वालों से अपील की है कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता। केवल शांति और विकास ही बदलाव ला सकता है।

## 29वां रोज़ा

### दुआ का पैगाम देता है माहे रमज़ान का आखिरी दिन



आज उन्तीसवां रोज़ा है। अगर ईद का चांद आज शाम को नज़र आता है, तो माहे-रमज़ान के आखिरी अशरे यानी दोजख से निजात के अशरे का यह आखिरी रोज़ा होगा, लेकिन आज चांद नजर नहीं आता है, तो इंशाअल्लाह कल तीसवां और आखिरी रोज़ा होगा यानी सवाब का एक और दिन। उन्तीसवां रोज़ा रमज़ान की रुखसत के इशारे के साथ रोज़ेदारों और नेक बंदों से अल्लाह पर ईमान के साथ दुआ का पैगाम दे रहा है। माहे-रमज़ान में रोज़े रखते हुए तिलावते कुरआन करते हुए इबादत करते हुए अनजाने में जो भूलें या गलतियां हुई हैं, रोज़ेदार की किसी बात से किसी का दिल दुख गया हो। फर्ज में कोई कमी रह गई हो, न चाहते हुए भी यानी जब्त करने के बाद भी गुस्सा आ गया हो, वादाखिलाफी हो गई हो। अनजाने ही कोई कोताही हो गई हो, तो तौबा-ए-अस्तगफार करके अल्लाह से अपने मां-बाप, मुल्क और दुनिया की भलाई के लिए कसरत से दुआ मांगनी चाहिए।




### सऊदी अरब में हुआ चांद का दीदार भारत में कल मनाई जाएगी ईद

**नई दिल्ली।** सऊदी में ईद का चांद नजर आ गया है। सऊदी अरब में अब 30 मार्च (आज) को ईद-उल-फितर मनाई जाएगी। 29 मार्च को सऊदी अरब में ईद का चांद नजर आने का लोगों को बड़ी बेसब्री से इंतजार था, जो कि अब खत्म हुआ और ईद का चांद नजर आ गया। वहीं, भारत में 30 मार्च को चांद नजर आएगा और ईद-उल-फितर 31 मार्च 2025, सोमवार को मनाई जाएगी। हर बार भारत से एक दिन पहले सऊदी अरब में ईद मनाई जाती है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि सऊदी अरब में रमजान एक दिन पहले यानी 1 मार्च से शुरू हुआ था, तो वहीं, भारत में रमजान की शुरुआत 2 मार्च से हुई थी। इस्लामिक कैलेंडर चांद के मुताबिक चलता है और हर हिजरी महीने की शुरुआत चांद दिखने से तय होती है। ईद-उल-फितर इस्लामी महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनाई जाती है।

### आयुष्मान भारत योजना में 36.9 करोड़ कार्ड बने

**नई दिल्ली।** देश की स्वास्थ्य क्षेत्र की प्रमुख आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत 36.9 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संसद में पेश एक रिपोर्ट में कहा है कि आयुष्मान भारत योजना देश में स्वास्थ्य सेवा का परिदृश्य बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

# डिजिटल अरेस्ट में बुजुर्ग दंपति ने की आत्महत्या

बेंगलुरु, वार्ता

- ठगों ने कर्नाटक में दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन 50 लाख ठगे सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

**कर्नाटक के** बेलगावी में एक बुजुर्ग दंपति ने डिजिटल अरेस्ट में 50 लाख रुपये की साइबर ठगी होने के बाद आत्महत्या कर ली। 83 साल के दियांगो नजारत ने गला काटकर जबकि उनकी पत्नी प्लेव्याना नजारत (79) ने जहर खाकर खुदकुशी की।

पुलिस के मुताबिक, ठगों ने बुजुर्ग दंपति से वीडियो कॉल पर संपर्क किया और खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। उन्होंने दंपति को झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख रुपये ठग लिए। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेद ने बताया कि पुलिस बैंक खातों की जांच कर रही है और ठगों की ओर से वसूली गई कुल रकम का पता लगाया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और इसकी जांच की जा रही है। ठगों ने खुद को दिल्ली के टेलीकॉम विभाग और क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर बुजुर्ग दंपति को कॉल -शेष पृष्ठ दो पर

# प. बंगाल के मालदा में हिंसा 34 गिरफ्तार, इंटरनेट बंद

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मोथाबाड़ी में 27 मार्च को दो गुटों के बीच हुई हिंसा मामले में 34 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना के बाद से इलाके में इंटरनेट बंद है। आर्म्ड और रैपिड एक्शन फोर्स की तीन कंपनियां तैनात की गई हैं।



- उपद्रवियों ने दुकानें- गाड़ियां तोड़ीं, सामान लूटा, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने डीएम और एसपी से 3 अप्रैल तक एक्शन रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि राज्य को सावधानी से काम करना चाहिए। साथ ही हिंसा से प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। 26 मार्च को मोथाबाड़ी मस्जिद में नमाज हो रही थी। इस दौरान वहां से एक जुलूस गुजर रहा था, तभी कुछ लोगों ने धार्मिक नारे लगाए। 27 मार्च को दूसरे समुदाय ने इसका विरोध किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक 27 मार्च को विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों के हाथ में धार्मिक झंडे थे। नारेबाजी कर रहे लोग अचानक हिंसक हो गए और दुकानों, घरों में तोड़-फोड़ की, सामान लूटा और सड़कों पर खड़ी गाड़ियों में आग लगा दी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे।




# यूपी में यकायक बदला मौसम का मिजाज

- पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चलीं

**लखनऊ।** उप्र में एक बार फिर से मौसम ने यू-टर्न लिया है। शनिवार की सुबह से पश्चिमी उप्र और पूर्वांचल के जिलों में ठंडी हवाएं चल रही हैं। शुक्रवार की आंधी रात को कई जिलों में धूल भरी हवाएं चली थीं।

मौसम विभाग ने पहले ही शनिवार को मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की थी। देश के दूसरे राज्यों में हुए मौसम का बदलाव भी यहां देखने को मिल रहा है। प्रदेश में बीते दो से तीन दिनों में चुभने और जलने वाली गर्मी पड़ी थी। कई जिलों में तापमान 40 के आसपास पहुंच गया था। शुक्रवार को प्रयागराज और हमीरपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया और लू जैसी स्थितियां रहीं। कई जिलों में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। वाराणसी, सुल्तानपुर, अमेठी जैसे शहरों में भी उष्ण दिवस रहा और तपिश से लोग बेहाल रहे। हालांकि 30 से 40 किमी रफ्तार से चली पछुआ के असर से तीखी गर्मी और तपिश बर्दाश्त करने लायक रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक रविवार को भी पछुआ की रफ्तार बनी रहेगी और पारे में थोड़ी सी गिरावट आएगी और तात्कालिक तौर पर तपिश से थोड़ी राहत मिलेगी। सोमवार से गर्मी फिर से सिर उठाएगी। अप्रैल की शुरुआत तपिश भरी धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के साथ होगी।

# कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई में तीन नए केस दर्ज

**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं।

मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई



पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है।

# नदियों की हालत देख चिंता होती है: जस्टिस नाथ

## दिल्ली पॉल्यूशन को लेकर कहा: बच्चे बाहर खेलने के लिए भी मास्क लगाएं, ये मंजूर नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि देश की नदियां देखकर चिंता होती है। वे गंदगी से भरी पड़ी हैं। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम इनका गौरव बचाने में असमर्थ हैं, ये चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में पॉल्यूशन का लेवल हर रोज हाई होता है। हम सभी का मानना है कि हमारे बच्चों का ऐसे वातावरण में बड़ा होना कतई मंजूर नहीं, जहां उन्हें बाहर खेलने के लिए भी मास्क की जरूरत, कम उम्र में सांस संबंधी बीमारियों की चिंता हो। शनिवार को जस्टिस नाथ दिल्ली में विज्ञान भवन में पर्यावरण पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन- 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी थीं। कार्यक्रम में देश के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी भी मौजूद थे। जस्टिस नाथ ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने की जरूरत है, जो आर्थिक विकास और पर्यावरण की भलाई के बीच संतुलन बनाए रखें। सरकारी नीतियों को ग्रीन टेक्नॉलोजिस पर फोकस करना चाहिए। हमें एमिशन को रेग्यूलेट करने, क्लीन टेक्नॉलोजिस में इंवेस्ट करने और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट ऑप्शन के लिए साथ आना चाहिए। जिससे हमें सांस लेने वाली हवा से समझौता नहीं करना पड़े और आर्थिक प्रगति हो। मैं जब इन नदियों के किनारों को देखता हूं, तो मुझे पुरानी बातें याद आती हैं चिंता होती है। ये पानी कभी कितना जीवंत और शुद्ध था। हम उन्हें उनकी नेचुरल प्राइड में कंजर्व करने में असमर्थ हैं। ये चिंता का विषय है।



## एक नजर

### छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**स्योहारा।** नगर के इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित होने पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को विधालय परिसर में कक्षा नर्सरी में प्रथम अल्फैज, द्वितीय यश, तृतीय सायमा, केजी में प्रथम अरीब, द्वितीय जोया, तृतीय जजा व राधिका कक्षा एक में प्रथम बुशरा, द्वितीय अदनान व तृतीय साइम कक्षा दो में प्रथम सारिका, द्वितीय हुमैरा, तृतीय दानिश को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जूनियर में भी उच्च अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### सरस्वती विद्या मंदिर का परीक्षाफल घोषित



**स्योहारा।** सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मनोज वर्मा उपस्थित रहे। साथ में विद्यालय के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह व प्रबंधक मनोज भटनागर उपस्थित रहे। नक्श, शिवांगी, हिमांशु, प्रज्ञा, परी, आर्यन, वंशिका, मानवी, प्रशांत, वंश, रोबिन्द ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शौर्य, नूतन, अमृता, अनिकेत, तरु, जिया, सनी, कशिश चौहान व जयदेव ने अपनी-अपनी कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वरुण, खुशी, निहारिका, चारु, फलक, परी, नवनीत, लव कुश, सपना ने अपने वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. मनोज वर्मा मुख्य अतिथि ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

### परीक्षाफल देख छात्रों के चेहरे खिले



**हल्दौर।** डॉक्टर फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। विद्यालय के व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार रस्तौगी, अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, प्रधानाचार्य ब्रजपाल सिंह, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार रस्तोगी ने अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्र, छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वार्षिक परीक्षाफल देखकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए।

### सपा सांसद का पुतला फूंका



**धामपुर।** ग्राम हुसैनपुर पुराना धामपुर मे चौक पर राजपूत समाज ने सपा सांसद रामजी सुमन द्वारा संसद भवन में दिये गये बयान की कड़े शब्दों मे घोर निंदा करते हुए उनकी संसद सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने की मांग करते हुए उनका पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि सांसद रामजी सुमन सार्वजनिक रुप से माफी मांगे। समाज के लोगों ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला आग के हवाले कर दिया। पुतला फूँकने वालों मे अनिल कुमार राजपूत, गौरव कुमार, नभय चौहान, कामेन्द्र देवरा, पूर्व प्रधान मान सिह,समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, सतेंद्र सिंह, पंकज, राजेंद्र चौहान, सुरेशचंद देवरा आदि शामिल रहे।

### अभिकान्त ने किया विद्यालय टॉप

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 6, 7, 8, 9 व 11 के कुल 800 छात्र इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 97.29 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 6 के छात्र अभिकान्त ने 97.15% अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूद्र प्रताप कक्षा 9 के छात्र ने दूसरा तथा इसी कक्षा के छात्र सूर्यांश सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# गुलदार का पिता-पुत्र पर हमला

## वन विभाग से गुलदार पकड़ने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील चांदपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर से गुलदार के हमलों को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है और अब फिर से चिंता सताने लगी है।

गत दिवस ग्राम चौंधेरी में आदमखोर गुलदार ने फिर किसानों पर तीसरी बार हमला कर दिया। हमले में पिता व पुत्र दोनों बुरी तरह घायल हो गए। गुलदार के इस हमले को लेकर ग्राम चौंधेरी के आसपास के गांव में भय का माहौल बना हुआ है। बच्चे, बूढ़े व महिला घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। गुलदार के हमले में घायल किसान करतार सिंह व राहुल दोनों को सी.एच.सी स्याऊ में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। ग्रामीणों की माने तो ग्राम चौंधेरी में 27 फरवरी को खेत पर



चारा लेने गई एक महिला पूनम देवी को गुलदार ने अपना निवाला बनाते हुए मौत के घाट उतार दिया था। उसके बाद 27 मार्च को गुलदार ने गांव के ही दो किसानों पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। और इसी क्रम में आज फिर 29 मार्च को अपने खेत पर काम कर रहे पिता व पुत्र दोनों पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में पिता व पुत्र दोनों बुरी तरह घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया गया है।

गांव में नरभक्षी गुलदार का आतंक मचा हुआ है। ग्रामीण जंगल जाने से घबरा रहे हैं। ग्राम चौंधेरी के लोगों के साथ -साथ आसपास के ग्रामीणों में भी भय का माहौल बना हुआ है। यदि ठीक प्रकार से देखा जाए तो वन विभाग भी गुलदार को पकड़ने में नाकाम साबित होता नजर आ रहा है। हालांकि वन विभाग द्वारा कई जगह पर जाल लगाकर गुलदारों को पकड़ा भी जा चुका है। लेकिन एक सप्ताह में लगातार गुलदार के तीन हमले ग्रामीणों को भय के साये से उबरने नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार संभावित क्षेत्र में जाल बिछाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

## शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव के स्वागत की तैयारी के लिए बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शिव सेना पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक बसंती देवी धर्मशाला में शिवसेना के प्रदेश उप प्रमुख पंडित नरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एवं जिला महासचिव सुरेंद्र चौधरी के संचालन में हुई।

बैठक में पंडित नरेश कुमार शर्मा ने कहा कि शिवसेना उत्तर प्रदेश में तेजी से आगे बढ़ रही है जिसे देखते हुए शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दिशा निर्देश पर 4 अप्रैल को मुरादाबाद में महाराष्ट्र से शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल पहुंच रहे हैं जो शिव सैनिकों को संबोधित करेंगे। शिव सेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि बिजनौर से बड़ी संख्या में सभी शिवसैनिक शिवसेना क्षेत्रीय कार्यालय ग्राम बागडपुर में एकत्रित होकर 4 अप्रैल को मुरादाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सभी अपने प्रिय नेता का स्वागत करेंगे। बैठक में मुक. ेश लांबा, रितुल शर्मा, कृष्ण मोहन, अशोक कुमार, शंकर, अक्षित शर्मा, संदीप बिल्ला, सोनू, जतिन कुमार, राहुल आदि शिव सैनिक उपस्थित रहे।

## शैक्षिक सत्र के समापन पर कार्यक्रम



**धामपुर।** पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय मिलक जहांगीराबाद वि क्षेत्र अलहैपुर में शैक्षिक सत्र के समापन के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय द्वारा वर्ष भर में आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों, प्रतियोगिताओं जैसे पतंग बनना प्रतियोगिता, मिट्टी के कार्य प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, हिंदी अंग्रेजी स्पेलिंग प्रतियोगिता, श्रुतलेख प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। साथ ही कक्षा में वर्ष भर 100% उपस्थित रहने वाले छात्रों को भी सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षा अफसाना खातून शबनम ग्राम प्रधान, ज्योति प्रकाश गहलौत, अभयवीर सिंह, चंद्रभान प्रसाद, पूनम चौहान, नीरज, कुलजीत, निगार सुल्तान, होशियारी देवी, तरन्नुम खातून, जायदा खातून आदि मौजूद रहे। प्रधान अध्यापक अभिषेक भारद्वाज द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ आगामी सत्र में शत प्रतिशत नामांकन हेतु अभिभावकों से विनम्र अपील की गई।

## हानिया ने रखा पहला रोजा इबादत में गुजारा सारा दिन



**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात निवासी शमशाद हुसैन जैदी की 8 वर्षीय पुत्री पत्रकार नौरोज हैदर शाही की भांजी हानिया बतूल जैदी ने रमजान माह में अपने जीवन का पहला रोजा रखा और अल्लाह पाक की इबादत की। रोजे के दौरान परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों के द्वारा मासूम हानिया बतूल की हौसला अफजाई की गई। हानिया बतूल के द्वारा सारा दिन इबादत कर गुजारा गया तथा मुल्क में अमनो अमान की दुआ की गई। शाम को रोजा इफ्तार के समय परिवार के सदस्यों के द्वारा मासूम रोजेदार हानिया बतूल को मुबारकबाद और उपहार दिए गए तथा दुआओं से नवाजा गया। साथ ही उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी।

## राणा सांगा पर अशोभनीय टिप्पणी करने पर क्षत्रिय समाज ने सांसद का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में स्थित महाराणा प्रताप तिराहे पर क्षत्रिय समाज द्वारा राणा सांगा पर अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में सपा राज्यसभा सांसद का पुतला फूंका।

क्षत्रिय समाज को लोगों ने महाराणा प्रताप तिराहे पर भारी संख्या में इकट्ठा हुए। कार्यकर्ताओं ने राणा सांगा पर सपा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करने का रोष प्रकट किया और प्रदर्शन करते हुए सांसद का पुतला फूंका। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र पाल सिंह को राष्ट्रपति के नाम सांसद के खिलाफ कठोर कार्रवाई कराएं जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। महाराणा प्रताप के पास बने पार्क में गंदगी देख पालिका कार्यालय पहुंचे। आरोप है कि गंदगी के ढेर पड़ें हुए है। पालिका कार्यालय परिसर में कर्मचारियों



द्वारा सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर आक्रोशित होकर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। मौके पर पहुंची ईओ ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का भरोसा दिलाया। लोग शांत हो गए और धरना समाप्त कर दिया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष टीकम सिंह, पीयूष कुमार, प्रमोद कुमार उर्फ भोले, राजेंद्र सिंह, पीयूष कुमार, दीपक कुमार चानू आदि मौजूद रहे।

## क्रिसेंट में जूनियर वर्ग का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में जूनियर वर्ग का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मेधावी छात्रों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान ने कक्षा 8 की छात्रा मरयम जहाँ को पूरे वर्ष 100 प्रतिशत उपस्थिति बनाए




रखने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन, उप प्रबंधक मरगूब अहमद और प्रधानाचार्य नदीम बख्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सारिम फरहत ने किया। शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान ने मेधावी छात्रों की प्रशंसा करते हुए उनके परिश्रम और समर्पण की सराहना की। जबकि प्रधानाचार्य नदीम बख्त ने सभी छात्रों को अच्छे अंक लाने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक मुंशी हसीनुद्दीन ने कहा कि क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कम फीस में उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जा रही है और नए सत्र के लिए कक्षा नर्सरी से कक्षा 9 तक के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने विद्यालय के समस्त कर्मचारियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए उपहार भी वितरित किए।

## एक नजर

### चौकीदार के बेटे ने फांसी लगा कर जान दी



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा केशो निवासी उदयराज सैनी सिंह पैलेस बैंकट हॉल मैं चौकीदारी का काम करता है। उदयराज सैनी अपनी पत्नी और अपने पुत्र के साथ बैंकट हॉल में ही रहता था। शुक्रवार को चौकीदार व उसकी पत्नी जंगल में खेत में पानी लगाने चले गए। इसी बीच उदयराज सैनी का पुत्र उम्र करीब 24 वर्ष अमित कुमार ने बैंकट हॉल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब चौकीदार वापस सिंह पैलेस आया तो देखा कि उसका पुत्र मृतक अवस्था में लटका हुआ है। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी उतारी और पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



**बुढ़नपुर।** श्री साईं इण्टर कॉलेज रुपपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए तथा बच्चों द्वारा काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक प्रमोद त्यागी, निदेशक राहुल कुमार प्रधानाचार्य प्रियंका कुमारी, शोभित त्यागी आदि के द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित प्रबंधक प्रमोद त्यागी ने बच्चों से कहा कि मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें प्रथम स्कूल टॉपर कक्षा 8 की छात्रा विदिशा चौहान ने 98.35 % द्वितीय स्कूल टॉपर कक्षा 8 की छात्र निखिल कुमार ने 95.65% एवं तृतीय स्कूल टॉपर कक्षा 7 का छात्र अंश ने 95.20% अंक प्राप्त कर स्कूल का एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। तथा प्रथम टॉपर विदिशा चौहान को 2100 रुपए, द्वितीय टॉपर निखिल कुमार को 2100 रुपए एवं तृतीय टॉपर अंश को 500 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका मोनिका कुमारी एवं कोमल कुमार ने किया।

### निष्पक्ष जांच के लिए पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



**शेरकोट।** नगर के पत्रकारों ने एक ज्ञापन थाना अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार को देते हुए बताया कि दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान मण्डावर में अवैध कालोनियों के फैले कारोबार के सम्बन्ध में आवाज बुलन्द कर इसकी शिकायत कार्यक्रम में उपस्थित मन्त्री जी से की थी, जिससे खफा होकर अवैध रूप से कालोनी काटने वाले मण्डावर के कॉलोनाईजरों ने सम्पादक आजम आदिल के खिलाफ झूठा शिकायती पत्र दे दिया है, जिसमें रुपये के लेन देन का झूठा आरोप लगाया गया है। सभी पत्रकारों ने निष्पक्ष जांच करने की मांग की। इस दौरान पत्रकार डा. शाहनवाज, अमिष रस्तोगी, शकाफत एस भारती, सुहैल इदरीसी, मास्टर अकील, शराफत कस्सार, अरमान सैफी, अनीस खान, अबरार मंसूरी, विजय वर्मा, खालिद खान, सुशील उर्फ सोनू, इन्तजार मंसूरी, सुमित वर्मा, गुफरान राजा, अदनान राईन, शाहरूख मलिक, पण्डित कृष्ण कुमार, इमरान अहमद आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

### सुहाना और अनवर ने किया कॉलेज टॉप



**सहसपुर।** स्थानीय पब्लिक इंटर कॉलेज सहसपुर के वार्षिक परीक्षा परिणाम किए घोषित। पब्लिक इंटर कॉलेज के परीक्षा प्रभारी आलिम खां ने बताया कि अनवर अकरम ने कक्षा 6 में 1600 में से 1336 अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 8 में सुहाना परवीन पुत्री मौ. शकील अपनी कक्षा में 1600 में से 1449 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। कक्षा 11 की इकरा सलीम पुत्री मौ.सलीम ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पब्लिक इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने वार्षिक परिणाम घोषित किए। पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अकील अहमद ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मार्च माह के अंतिम सप्ताह में रिजल्ट घोषित किया गया है। कॉलेज टॉप में प्रथम स्थान पर सुहाना परवीन पुत्री शकील अहमद कक्षा 8 की छात्रा रही। कॉलेज टॉप के दूसरे स्थान पर कक्षा 6 के छात्र मौहम्मद अनवर पुत्र मौ. अकरम रहे और अंतिम तृतीय स्थान पर इकरा सलीम पुत्री मौ. सलीम कक्षा 11 की छात्रा रही। कार्यवाहक प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने कहा सभी बच्चों को मेहनत करके अपने स्कूल माता-पिता अपने शहर का नाम रोशन करना चाहिए। निर्दोष कुमार त्यागी ने कहा जिन बच्चों के नंबर कम आए हैं वह और अधिक मेहनत करें।

## माटी कला पुरस्कार समारोह में पारंपरिक कारीगरों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने शनिवार को मिट्टी के बर्तन और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्कृष्ट शिल्पियों और उद्यमियों को सम्मानित किया। लखनऊ के गांधी भवन सभागार में आयोजित 'राज्य स्तरीय माटी कला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार समारोह 2025' के दौरान ये पुरस्कार वितरित किए गए। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल कारीगरों को वित्तीय सशक्तीकरण प्रदान करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करना भी है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और कारीगरों ने इस पहल की सराहना की तथा इसे आत्मनिर्भर

**इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है**

भारत की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया है। समारोह का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। सचान ने पर्यावरणं संरक्षण, जन स्वास्थ्य में सुधार और रोजगार सृजन के लिए मिटी के बर्तनों और खादी उद्योगों को बढ़ावा देने की योगी सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्लास्टिक के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में मिटी से बने उत्पादों कुल्हड़, गिलास, प्लेट और बोतल का उपयोग करने को प्रोत्साहित किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**डिजिटल अरेस्ट...** किया। उन्होंने दावा किया कि उनके नाम पर फर्जी सिम कार्ड जारी किया गया है, जो अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। पहले सुमित बिर्रा नामक ठग ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताकर धमकाया और फिर अनिल यादव नाम के शख्स से कॉल ट्रांसफर कर दिया, जिसने खुद को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताया। ठगों ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी और डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से उनकी संपत्ति और वित्तीय जानकारी मांग ली। डर और घबराहट में आकर, दियांगो ने ठगों को 50 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी धमकियां मिलती रहीं और और ज्यादा पैसों की मांग की गई। बुजुर्ग दंपति लगातार मिल रही धमकियों और ठगी की वजह से मानसिक रूप से टूट गए और उन्होंने घर में आत्महत्या कर ली। घटना स्थल से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने ठगी की सारी जानकारी दी है। शुरुआत में पुलिस को हत्या का संदेह हुआ, लेकिन जब दंपति का सुसाइड नोट और मोबाइल फोन रिकॉर्ड खंगाले गए, तो साइबर ठगी का मामला सामने आया। बुजुर्ग दंपति महाराष्ट्र सचिवालय में कार्यरत रह चुके थे और सेवानिवृत्त जीवन जी रहे थे। उनकी कोई संतान या करीबी रिश्तेदार नहीं थे। वे डर और शर्मिंदगी के कारण किसी को अपनी परेशानी नहीं बता सके।

## दिल्ली जीत गए, अब बिहार की बारी

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली जीत गए हैं, अब बिहार की बारी है।

नड्डा ने दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चे की ओर से यहां के अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता लालू यादव पर तीखा प्रहार किया और कहा कि उनके (यादव के) शासनकाल में बिहार जंगलराज में तब्दील हो गया था। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा आया था कि शाम पांच बजे के बाद लोगों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। लालू राज ने बिहार को डूबता हुआ बिहार बना दिया था। डॉक्टर, उद्योग. पति और अन्य पेशेवर लोग बिहार से



**विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार से मिली**

पलायन करने लगे थे, लेकिन अब स्थित बदल चुकी है। बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विश्व को प्रजातंत्र की सीख भी बिहार की भूमि से मिली है। दुनिया के किसी भी कोने में जाएंगे, तो मैथिली, मगही या भोजपुरी बोलने वाले मिल जाएंगे। ईमानदारी से अपने काम को करने की ताकत इसी बिहार की धरती के लोगों में हैं। उन्होंने कहा कि जहां पूर्वांचल चल पड़ता है, वहां से देश आगे बढ़ता है। इतिहास इस बात का गवाह है। बिहार चाणक्य की भूमि रही है, तो महात्मा गांधी और लो. कनायक का आंदोलन भी बिहार की भूमि से ही शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अपने बचपन के दौरान मैंने गंगा किनारे महात्मा गांधी सेतु को बनते हुए देखा है, निर्माण कार्य कई दशकों तक चलता रहा। आज बिहार में गंगा किनारे मरीन ड्राइव बन चुका है। सड़क और रेल के बड़े ब्रिज बन चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2005 में बिहार में ग्रामीण क्षेत्र में सड़क केवल 384 किलोमीटर की थी, लेकिन इस समय एक लाख 12 हजार किमी सड़क बन चुकी है। बिहार में राजमार्ग बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना की सौगात बिहार को दी है। उन्होंने कहा कि श्री लालू से लोग सड़क बनाने की बात करते थे, तो वह कहते थे कि सड़क बन जाएगी, तो पुलिस आ जाएगी, ए बेवकूफी ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि कभी आपने सोचा था कि पूर्णिया, सारण, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई जैसे शहरों में मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale







**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

29वां रोजा वक्त इफ्तार 30 मार्च शाम 6:37
30वां रोजा वक्त सहरी 31 मार्च सुबह 4:43

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र


मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा


## चैत्रीय नवरात्र

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन भक्त नौ विग्रह रूपों में माता के पहले स्वरूप शैलपुत्री की उपासना करते हैं। पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण उनका नाम शैलपुत्री पड़ा। सती स्वरूप द्वारा यज्ञ अग्नि में स्वयं को भस्म करने के पश्चात उन्होंने पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया। माता के एक हाथ में त्रिशूल तथा दूसरे में कमल का फूल सुशोभित होता है। नवरात्र के पहले दिन जो भक्त सच्ची भक्ति, उपासना द्वारा उनके इस स्वरूप को जागृत करता है, माता उसका निस्संदेह कल्याण करती हैं।


डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी
एवं नर्सिंग होम
स्योहारा ( बिजनौर )

# राजन शर्मा को एनडीपीएस एक्ट में तीन वर्ष का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे चतुर्थ चांदपुर के द्वारा एनडीपीएस एक्ट में अभियुक्त राजन शर्मा को तीन वर्ष छह माह के कठोर कारावास एवं तीन हजार रुपए के अर्थदण्ड से

### तीन हजार रुपये का अर्थदण्ड

दण्डित किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर पुलिस ने तीन अप्रैल 2019 को राजन शर्मा पुत्र सुमित शर्मा निवासी धनौरा रोड, कस्बा व थाना चांदपुर को 450 प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना चांदपुर को एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

रमजान की हार्दिक बधाई
अरूण कुमार वर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल
भाजपा नेता, स्योहारा


मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम

संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20

## मंडावर के चर्चित हिस्ट्रीशीटर मनोज नेवला को उम्र कैद

**बिजनौर।** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नगीना ने मण्डावर के चर्चित हिस्ट्रीशीटर बदमाश मनोज उर्फ नेवला को हत्या व लूट के मामले में उम्र कैद एवं एक लाख रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। धामपुर के मौहल्ला नई सराय निवासी अफजाल पुत्र शौकत हुसैन की एक जून 2018 को बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह नहटौर में पीर की चुंगी स्थित वैस्टर्न यूनियन कार्यालय पर बाइक से जा रहा था। उससे छह लाख रुपए भी लूट लिए गए थे। इस मामले में मौहम्मद आरिफ उर्फ बकरी पुत्र मौहम्मद हनीफ निवासी मौहल्ला बैरमनगर, नहटौर, ओमकार पुत्र दयाराम निवासी ग्राम पहाड़पुर व मनोज उर्फ नेवला पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम अंगाखेड़ी, थाना मण्डावर के नाम प्रकाश में आए थे। मनोज के खिलाफ विभिन्न थानों में तीस अभियोग पंजीकृत हैं।

# नगीना में विशाल रोजा इफ्तारी

## चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज सहित कई हस्तियां शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विशाल रोजा इफ्तारी में साम्प्रदायिक सद्भाव व भाईचारे की झलक देखी गई। इस मौके पर मुल्क में अमन, खुशहाली व भाईचारे की दुआएं की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला पटेरी में पूर्व सभासद अफजाल कुरैशी के द्वारा विशाल रोजा इफ्तारी का आयोजन किया गया। इस रोजा इफ्तारी में आम नागरिकों के साथ-साथ कई गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने भी शिर. कत की। खासतौर पर मुरादाबाद की सपा सांसद कुंवरानी रूचि वीरा व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष एवं नगीना के युवा विकास पुरुष शेख शाहनवाज खलील ने शिरकत की।

रोजा इफ्तारी में शहर व दूरदराज से आए सैकड़ों रोजेदार शामिल रहे। अफजाल कुरैशी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इफ्तारी में खुशनूद खां, काजी अरशद मसूद उर्फ शन्नू, रईस कुरैशी, मौलवी खलीक, शेख राशिद, तंजील आलम, अब्दुल गफ्फार, गुलजार कुरैशी, गुड्डू कुरैशी, आलमगीर उस्मानी, किसान नेता आदिल, अतीक भारती, पवन यादव, रविश इकबाल, सय्यद जुबैर जैदी, राशिद मुनीर, आलमगीर खलीफा, दिलशाद सैफी, अंसार कुरैशी, तफसीर अहमद गुड्डे, युवा ठेकेदार शेख जमशेद, महताब अहमद, इमरान कुरैशी प्रधान, मकसूद उस्मानी, आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता आरिफ मलिक, जाहिद अंसारी, इरफान अंसारी, जहांगीर खलीफा, गुड्डू शम्सी, जहीर पहलवान, एजाज अहमद उर्फ गुड्डू, यावर अली, डॉ. खालिद परवेज उर्फ पप्पू, बाबर, रविश इकबाल, तलत अहमद, तसलीम अहमद, मौहम्मद अहकाम आदि लोग मौजूद रहे। सभी ने मुल्क में अमन चैन व भाईचारे की दुआएं की।

## अरविंद को दो साल की कैद

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे एफटीसी सैकंड ने मारपीट व गाली-गलौच के मामले में अरविंद पुत्र भगवंत सिंह निवासी ग्राम हरगनपुर, थाना नहटौर को दो वर्ष के कठोर कारावास एवं 1500 रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. खुर्शीद मंसूरी
चेयरमैन
अनूप कुमार रावत
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, साहनपुर


रमजान माह की बधाई
श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह
जिला अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, जनपद बिजनौर


श्रीमती ओमवती पूर्व सांसद

आरके सिंह पूर्व आईएएस




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर


रमजान माह की बधाई
शेख जाकिर हुसैन
जिला अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जिला-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
शमीम अख्तर
उपाध्यक्ष-अल्पसंख्यक
वेलफेयर सोसायटी
कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी
चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत
मण्डावर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
शेख शाहनवाज खलील
युवा समाजसेवी, नगीना
जिलाध्यक्ष- स्थानीय
निकाय अध्यक्ष संघ
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
रागिब हुसैन शहजादा
वरिष्ठ समाजसेवी
नगर पंचायत, झालू


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के वाइस चेयरमैन
नहटौर


रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर


समाजवादी पार्टी जिंदाबाद

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मनोज पारस
विधायक नगीना
व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार
काजी सुहैल इकबाल
नगराध्यक्ष सपा नगीना
जनपद-बिजनौर

## एक नजर

### बिजनौर ईदगाह में नमाज आठ बजे

**बिजनौर।** शहर काजी बिजनौर काजी माजिद अली ने बताया कि ईदगाह बिजनौर में ईद की नमाज ठीक आठ बजे अदा की जाएगी। काजी साहब ने तमाम मुसलमानों से अपील की है कि वह वक्त का ख्याल रखते हुए ठीक समय पर ईदगाह पहुंचकर ईद की नमाज अदा करें और सरकार की गाइडलाइन का ख्याल करते हुए कोई भी बाहर सड़क पर नमाज न अदा करें। ईदगाह के बराबर में जो बाग है, उसमें नमाज का इंतजाम किया गया है। अगर ईदगाह भर जाए तो उसे बाग में लोग चले जाएं, किसी भी हालत में सड़क पर कोई भी नमाज ना पढ़े।

### हल्दौर ईदगाह पर नमाज 8:50 पर

**हल्दौर।** ईद उल फितर का त्यौहार सोमवार या मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर ईद उल फितर की नमाज ईदगाह पर सुबह 8:50 बजे पर अदा की जाएगी। जबकि मदीना जामा मस्जिद हल्दौर पर सुबह ठीक 9:30 बजे नमाज अदा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए इमाम ए ईदगाह मुफ्ती मौहम्मद अब्दुल्लाह जामिई व मदीना जामा मस्जिद कमेटी के मुतवल्ली परवेज आलम सिद्दीकी ने सभी नगर व क्षेत्र के मुसलमान से नमाज के लिए समय से पहले ईदगाह पहुंचने की अपील करते हुए ईद उल फितर का त्यौहार आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

### शेरकोट ईदगाह में नमाज 8:30 बजे

**शेरकोट।** ईद का चांद दिखाई देने के बाद ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज सुबह 8:30 बजे और जामा मस्जिद में नौ बजे अदा की जाएगी। नमाज के वक्त का ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह रमजान के मुबारक महीने में हमने बुराईयों से तौबा करके अल्लाह को राजी करने के लिए घरों और मस्जिदों में इबादत की है, इस सिलसिले को आने वाले महीनों में भी पाबंदी से जारी रखे। उन्होंने कहा कि ईद प्यार मौहब्बत कौर खुशियों का त्यौहार है। इसकी खुशियों में गरीबों को भी शामिल करें। काजी शमीम ने ईद के दिन सभी लोगों से वक्त से ईदगाह पहुंचकर ईदगाह के अंदर नमाज अदा करने, आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने और शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### मूर्ति देवी कालेज का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

**नजीबाबाद।** मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज नजीबाबाद का वार्षिक परीक्षाफल 99% रहा। आज प्रात: 8:00 बजे कॉलेज के 1 से 9 तथा कक्षा 11 तक का परीक्षा फल परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें उच्चतम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के नाम की घोषणा की गई जो इस प्रकार है। कक्षा 11 की कुमारी वैष्णवी विज्ञान वर्ग, मानवी वर्ग में कुमारी रिया, कक्षा 11 वाणिज्य वर्ग में कुमारी प्रथम, कक्षा नाइंथ बी में कुमारी निदा अंसारी, कक्षा आठवीं कुमारी अवनी वर्मा, कक्षा 7 भी में कुमारी नेहा तोमर, कक्षा 6 डी में कुमारी मानवी, कक्षा 5 बी में कुमारी आयुषी, कक्षा 4जीबी कुमारी अदिति, कक्षा 3 ए में कुमारी फौजिया खान, कक्षा 2 में कुमारी आरोही, कक्षा 1 में कुमारी आयत रही। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्रीमती सुचित्रा चौधरी ने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पालिका के खिलाफ प्रदर्शन



**बिजनौर।** शांति नगर व नुमाइश ग्राउंड के आसपास रहने वाले लोगों ने आज कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया। प्रदर्शनकारी लोगों का कहना है कि वे नुमाइश ग्राउंड से निकले मार्ग से होकर आते-जाते हैं। नुमाइश ग्राउंड में एक पार्क भी है। इस पार्क का इस्तेमाल भी शांतिनगर व नुमाइश ग्राउंड में रहने वाले लोग भी करते हैं। नगर पालिका प्रशासन उक्त मार्ग व पार्क को बंद करना चाहता है। यदि ऐसा हुआ, तो शांतिनगर व आसपास के लोगों का जीना दुश्वार हो जाएगा। ज्ञापन में मार्ग व पार्क को बंद न किए जाने का अनुरोध किया गया है। प्रदर्शन करने वालों में राजवीर सिंह एडवोकेट, बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह प्रधान, दुष्यंत, सौरभ चौधरी, विवेक चौधरी, कमला रानी अग्रवाल, नीरज, फूल सिंह, कल्पना गुप्ता, उर्मिला देवी, कौशल कुमारी, जगदेव सिंह, ओमवीर सिंह, गजराज सिंह, वीरेन्द्र भंडारी आदि शामिल रहे।

### नगीना में ईदगाह का निरीक्षण



**नगीना।** नगर पालिका में ईद त्यौहार की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती ताहिरा खलील के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना ने ईदगाह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने सफाई नायक, प्रभारी सफाई नायक को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने ईदगाह परिसर में समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही चूना छिड़काव और फॉगिंग कराने के भी निर्देश दिए। यह कदम ईद के अवसर पर नमाजियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए उठाया गया है। इस मौके पर शेख शाहनवाज खलील, शेख शहजाद, धीरज राय वर्मा सहित कई समाजसेवी व पालिका अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पुलिसकर्मी विशाल मलिक पर गाली-गलौज करने का आरोप

## पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिले सभासद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के वार्ड नम्बर दस के सभासद मौहम्मद अली निवासी मौहल्ला नायक सराय ने नगर के सभासदों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी को पुलिसकर्मी विशाल मलिक पर गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई कर स्थानांतरण करने की मांग की।

सभासद मौहम्मद अली ने बताया कि बीट आरक्षी विशाल मलिक अफजलगढ़ में फल व चांट विक्रेताओं से सामान लेकर व चांट पकौड़ी खाकर पैसे नहीं देता है। जिसकी शिकायत उसने नगर पालि. का परिषद के सभासद रिजवान हुसैन के साथ मिलकर तत्कालीन थानाध्यक्ष अफजलगढ़ व पुलिस क्षेत्राधिकारी से अवैध वसूली के सम्बन्ध में उपरोक्त सिपाही की शिकायत की थी। जिस कारण उपरोक्त सिपाही नगर पालिका के सभासदों को थाना परिसर में देखकर आक्रोशित होकर दुर्वव्यहार व गाली गलौच करता है। 28 मार्च को प्रार्थी के रिश्तेदारों में कहासुनी हो गयी थी। जिनकी सुलह समझौते को वह थाने गया था।

थाने में सभासद मौहम्मद अली को बैठे देखकर सिपाही विशाल मलिक आग-बबूला हो गया तथा उसके साथ गाली-गलौच की तथा मारपीट करने पर आमादा हो गया। जब सभासद ने अपना परिचय दिया, तो परिचय देने के पश्चात भी विशाल मलिक बदतमीजी व गाली गलौच करता रहा और धमकी देता रहा कि तू मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता और बुला ले किसे बुलाएगा। मैं नहीं डरता, मौहम्मद अली सभासद के साथ एक दर्जन सभासदों ने विशाल मलिक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सूचित कर व थाना अफजलगढ़ से स्थानान्तरित करने की मांग की।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## सेतु निगम के अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी

**नजीबाबाद।** मथुरापुर मोर बेगम कोठी से बीरूबाला मार्ग को जोड़ने वाले मार्ग पर बहने वाली मालन नदी पर पुल निर्माण के लिए आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने शासन और उत्तर प्रदेश सेतु निगम के उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया था। मांग पत्र में बताया गया था कि उक्त बीरूबाला क्षेत्र में सरकार द्वारा लाखों रुपए की लागत से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा दो स्कूल बेसिक शिक्षा विभाग के भी हैं तथा इन तीनों स्कूल के पीछे मालन नदी बहती है, अगर पुल का निर्माण कर दिया जाए तो किसानों को अपार फायदा होगा। इसी परिपेक्ष में आज मुरादाबाद से उत्तर प्रदेश हेतु निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात अजय कुमार ने क्षेत्र का दौरा कर आवश्यक जानकारी पुल निर्माण के संबंध में जुटाई तथा क्षेत्र के लोगों से संपर्क किया। उनके साथ बीरूबाला निवासी समाजसेवी सुरजीत सिंह चीमा उपस्थित थे। संबंधित अधिकारी ने बताया कि पुल निर्माण के संबंध में सेतु निगम के उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।

## ईद की खरीदारी करने जा रहे युवक पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ईद की खरीदारी के लिए जा रहे एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

जानकारी के मुताबिक नगर के मौहल्ला बेगम सराय निवासी रईस अहमद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात उनका बेटा आशु ईद के लिए कपड़े खरीदने जा रहा था। इसी दौरान हसन मस्जिद के पास पहले से घात लगाए बैठे मौहल्ला बेगम सराय निवासी शादाब पुत्र रफीक, रफीक अहमद, नदीम पुत्र शकील और शकील अहमद ने अचानक आशु पर हमला कर दिया। आरोपियों ने आशु के साथ गाली-गलौज करते हुए ताबड़तोड़ चाकू से वार किए। आशु की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों की भीड़ जमा होते देख आरोपी आशु को खून से लथपथ हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने गंभीर रूप से घायल आशु को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। पुलिस ने रईस अहमद की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी नदीम को हिरासत में ले लिया है। जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

## डोर टू डोर सरकार की योजनाएं बताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** शिक्षक विधायक सरदार हरि सिंह ढिल्लों ने नजीबाबाद में डोर टू डोर जनसंपर्क कर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने सरकार की योजनाओं का बखान किया।

नजीबाबाद नगर मंडल के बूथ संख्या पर आठ साल का रिपोर्ट कार्ड जनता को सौंपते हुए शिक्षक विधायक विधान परिषद सदस्य सरदार हरि सिंह ढिल्लों ने नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, चौधरी ईशम सिंह,महामंत्री अभिषेक यादव, सरदार परविंदर सिंह वाधवा, बूथ अध्यक्ष कमल सेठी, दीपक शर्मा, एड नीरज पाल, बिट्टू भटनागर, राजन टंडन गोल्डी, ठाकुर राजकिशोर सिंह, राजू घाघट , रामपाल सिन्हा, नरेंद्र पारचा, कोमल पाल ललित पाल के साथ सम्राट सिनेमा के पास डोर टू डोर संपर्क किया। साथ ही मोहल्ला मकबरा में डोर टू डोर संपर्क करके भारतीय जनता पार्टी की जनहित की योजनाओं की जानकारी एवं रिपोर्ट कार्ड की प्रतिलिपि आम जनता को सौंपी। इस अवसर पर सरदार हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। सरकार अनेक जनहित की योजना चलाकर क्षेत्र देश एवं प्रदेश का विकास कर रही है। आज हम सरकार का रिपोर्ट कार्ड आम जनता को घर-घर पहुंच रहे हैं। उन्होंने आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पुन: भाजपा का सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर आशीष एडवोकेट नरेंद्र, रामपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। इन सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुद्वारे में जाकर प्रार्थना की।

# भाकियू टिकैत ने पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

## पुलिस व्यवस्था में सुधार की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ताओं ने पुलिस व्यवस्था में सुधार लाने हेतु एक पांच सूत्रीय ज्ञापन थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी को सौंपा।

उक्त ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि पुलिस विधि अनुसार कानून व्यवस्था को संचालित करती है। इसमें पुलिस द्वारा कई बार कानून व नियमो का उल्लंघन होता साफ नजर आता है। जिसमें आम लोगों में कानूनी अधिकार जो कानून के प्रावधान व सीधा प्रभावित होते है तथा कानून व्यवस्था प्राप्त नहीं हो पाती है। निर्दोष व अपराधी के लिये नियम व कानून का अनुपालन हो उसकी आपसे आशा की जाती है। आप या किसी भी लोक सेवक से कानून के अनुसार आचरण करने, कानून का अनुपालन करने की आप की जिम्मेदारी व कर्तव्य ही अपने दायित्व व कर्तव्य का निर्वाह कानून के अनुरूप न करना एक कानूनी अपराध बनता है।

पुलिस द्वारा मानव अधिकारो का कानून के अनुरूप ध्यान रखा जाये। अवैधानिक रूप से किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी ना की जाये, बिना लिखित सूचना के किसी व्यक्ति को थाना बुलाना नियम विरूद्ध है। जिस व्यक्ति की गिरफ्तारी की गई है उसमें सभी नियमों का कानून के अनुरूप अनुपालन किया जाये। बिना कारण व बिना लिखित सूचना के किसी व्यक्ति को थाने में न रखा जाये अन्यथा वह आप द्वारा बंधक माना जायेगा। अपराध में कानून व्यवस्था के अनुरूप कार्यवाही की जाये यदि गिरफ्तारी की जानी आवश्यक है तो नियम कानून का पालन होना चाहिए। नियमों व कानून के दुरूपयोग के लिये आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।

भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा का नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी एसएसआई श्रीपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर अतुल कुमार शर्मा, प्रदीप सहोता, सतनाम सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, राणा सैनी, रोहित चौधरी, अर्जुन त्यागी, सोमवीर सिंह, डॉक्टर मन्नू, दीपक सिरोही, शराफत अल्वी, शरीफ अंसारी, वसीम गुर्जर, गुरमुख सिंह, रमेश शेखावत, सखावत अली, अताउल्लाह, बिरसा सिंह, पिंकल चौधरी, संजय गहलोत आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम व चेयरमैन ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** एसडीएम विजय शंकर सीओ नितेश सिंह ने चेयरमैन इंजी. मुअज्जम के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया।

इस दौरान एसडीएम वहां की सफाई व्यवस्था का चुस्त रखने पानी की व्यवस्था कराने निर्देश दिये। एसडीएम ने सड़क पर नमाज ना अदा करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ईद को परम्परागत ढंग एंव प्यार मुहब्बत के साथ मनाए। सीओ नितेश सिंह ने कहा कि ईद की नमाज के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पालिका अध्यक्ष इंजी. मुअज्जम ने सफाई एवं पानी की व्यवस्था के लिए कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ईद की नमाज के दौरान रम्मनवाला और हर्षवाड़ा क्षेत्र में वालिंटयर्स लगाकर नमाज की व्यवस्था रखने, बाद में आने वालों के लिए मदरसे में नमाज अदा करने को कहा है। इस दौरान हर्षवाड़ा प्रधान मौ. आरिफ उर्फ मोनू आदि मौजूद रहें।

## अब्दुल्ला परवेज ने बढ़ाया गौरव

**नजीबाबाद।** वाहिद नगर निवासी डॉ. एसएम परवेज के पुत्र अब्दुल्ला परवेज को इंदौर मे आयोजित अखिल भारतीय 300 मीटर बिग बोर राइफल चौम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर नाम रोशन कर एक बार फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया। अब्दुल्ला परवेज के रजत पदक जीतने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। इससे पहले भी अब्दुल्ला परवेज कई गोल्ड मेडल जीते हैं।

## एक नजर

### नाबालिग से रेप में जुनैद अरेस्ट

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने दलित समाज की नाबालिग बच्ची का अपहरण कर उससे रेप के आरोपी जुनैद पुत्र खलील निवासी ग्राम सुआवाला को गिरफ्तार किया है।

### धामपुर का जीशान गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने धामपुर के मौहल्ला बंदूकचियान निवासी जीशान पुत्र हिफजुर्रहमान को चोरी किए गए एक बैटरे व बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। ग्राम स्याऊ निवासी डॉ. रिहान पुत्र लियाकत अली ने 21 मार्च को चांदपुर थाने में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उनके क्लीनिक का ताला तोड़कर बैटरा व पांच हजार रुपए चोरी कर ले गए। साथ ही श्रीराम कॉलोनी, मौहल्ला चिम्मन निवासी इलम सिंह पुत्र इशरी सिंह ने 11 जनवरी को अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट चांदपुर थाने में दर्ज कराई थी।

### अफजलगढ़ में नईम गिरफ्तार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने मौहल्ला बेगम सराय निवासी नदीम पुत्र शकील को जानलेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार किया है।

### नजीबाबाद में मोहित गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने ग्राम चौगांवा निवासी मोहित कुमार पुत्र जयसिंह, साहनपुर के मौहल्ला किला निवासी वकील अहमद पुत्र शकील अहमद एवं मौहल्ला रवापुरी निवासी अतुल पुत्र चेतराम को महबूब अहमद पुत्र विलायत हुसैन निवासी मौहल्ला रम्पुरा, नजीबाबाद के गोदाम से टाइल्स के 13 डिब्बे चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ई-रिक्शा में भरकर टाइल्स ले जा रहे थे। उन्हें रंगे हाथों पकड़ा गया।

### बलात्कार में तुराब गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने थाना मंडावली के ग्राम मिर्जापुर सैद निवासी तुराब जाफरी पुत्र हाजी अनवार हुसैन को शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ बलात्कार करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### युवक से तीन लाख की ठगी

**अफजलगढ़।** गांव अनवारपुर चण्डिका निवासी उस्मान पुत्र बुन्दु अहमद ने तहरीर में बताया कि उसका किसी अनजान व्यक्ति से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई । जिस पर फेसबुक मित्र ने पीड़ित को पाँच लाख अस्सी हजार खाते में आने की बात कही। कुछ देर बाद उसे चौबीस घण्टे के लिये पैसा फंस जाने की बात कही तथा पैसे मित्र के अकाउंट में वापस डालने को कहा जिस पर पीड़ित से कई बार में तीन लाख दस हजार रुपये डलवा लिये गए। वहीं फेसबुक मित्र का कोई पैसा पीड़ित को नहीं मिला। जिस पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

### गिफ्ट पाकर छात्रों के चेहरे खिले




**नगीना।** नगर क्षेत्र नगीना के प्राथमिक विद्यालय विश्नोई सराय 2 का परीक्षाफल घोषित किया गया जो शत प्रतिशत रहा। परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह प्रगतिपत्र व पुरस्कार वितरित करते हुए प्रधानाध्यापक मनीष राणा ने छात्रों से मन लगाकर पढ़ने व नगर का नाम रोशन करने की अपील की। कक्षा 5 में सारा परवीन ने प्रथम, फरहान अंसारी ने द्वितीय व मरियम ने तृतीय कक्षा 4 में अवैस ने प्रथम, बिलाल ने द्वितीय व आफियान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3 में जकिया परवीन ने प्रथम फैसल ने द्वितीय व अकदस ने तृतीय स्थान, कक्षा 2 में अलीशान ने प्रथम आयुष ने द्वितीय व अंश ने तृतीय स्थान कक्षा 1 में रहमाना ने प्रथम अजहर ने द्वितीय व मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को प्रतीक चिन्ह व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। गिफ्ट व पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**नजीबाबाद।** नगर के सुप्रसिद्ध मूर्ति देवी सरस्वती बाल विद्या मंदिर में वार्षिक समारोह में विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अतुल बहादुर सक्सेना ने कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र- 2024 2025 का पूर्ण शुल्क स्वरूप चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कक्षा एक में मोहम्मद अनस, कक्षा 2 में हरनाव कुमार, कक्षा 3 में हर्ष कुमार, कक्षा 4 में कर्तव्य कुमार को सम्मानित सम्मानित किया। कक्षा में द्वितीय वे तृतीया स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी को पुरस्कार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों का संवर्धन करते हुए आशीर्वाद स्वरुप भविष्य में और अधिक अंक लाने के लिए और अधिक अंक लाने के लिए प्रेरित किया।

# अटल आवासीय विद्यालय के लिए तीन छात्राएं चयनित

## सरकार उठाएगी इंटरमीडिएट तक पढ़ाई का खर्च




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी की तीन छात्राओं का चयन अटल आवासीय विद्यालय की कक्षा नौ के लिए हुआ है, ये सभी छात्राएं मुरादाबाद मंडल के एक मात्र अटल आवासीय विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करेंगी और इनकी इंटरमीडियट की पढ़ाई तक का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

विद्यालय की मुख्य अध्यापिका निशा रानी ने बताया कि शिक्षक परवेज आदिल, सौरभ शुक्ला, स्वाति वर्मा आदि के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय रावलहेड़ी की तीन छात्राओं (अलफिया, नयना, गायत्री) ने अटल आवासीय विद्यालय की कक्षा नौ में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा दी थी। 28 मार्च को घोषित हुए परिणाम में विद्यालय की तीनों छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की और विद्यालय का प्रदर्शन शत-प्रतिशत रहा। खुशी से गद गद छात्रा अलफिया तथा गायत्री ने बताया कि वह विदेश सेवा में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश सेवा करना चाहती हैं जबकि छात्रा नयना विज्ञान के क्षेत्र में सफलता हासिल कर सुनीता विलियम्स के खोजी स्पेस मिशन को आगे बढ़ाना चाहती हैं। विदित हो कि छात्रा नयना और गायत्री ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में भी इसी वर्ष सफलता प्राप्त कर 50 हजार रूपये वार्षिक छात्रवृत्ति पाने में सफलता हासिल की है।

खण्ड शिक्षधिकारी इंद्रजीत सिंह ने विद्यालय के समस्त शिक्षक तथा छात्राओं को बधाई देते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सफल छात्राओं को पूर्व घोषणानुसार विशेष कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक परवेज आदिल द्वारा साईकिल प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद धामपुर ( बिजनौर )**

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 10 के सम्पत्ति संख्या 224 जो पालिका के गृहकर/जलकर अभिलेखों में राकेश कुमार रस्तौगी पुत्र रतन लाल रस्तौगी के नाम दर्ज है। अत: राकेश कुमार रस्तौगी पुत्र रतन लाल रस्तौगी का नाम निरस्त कर श्री आशीष रस्तौगी पुत्र परषोत्तम सरन रस्तौगी का नाम दर्ज किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस संबंध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तद्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र मौहम्मद इमरान व उसकी पत्नी शमा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इन दोनों से अपना व अपने परिवार का सभी तरह का रिश्ता-नाता खत्म कर लिया है। इन दोनों के किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।



**अकबर अली पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी ग्राम महमूदपुर नारायण, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुजातपुर खादर, विकास खण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक मीमो / पंचायत मनरेगा 2024 -2025

**अल्पकालीन निविदा**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत सुजातपुर खादर में चरन के मकान से लाखन के घर तक मनरेगा/योजना की धनराशि से सीसी रोड निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोडी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024- 2025 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 5/04/2025 को समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 4/04/2025 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

## एक नजर

### प्रतीक कुमार ने जीते तीन करोड़ रुपये



**नांगल सोती।** नांगल थाना क्षेत्र गांव तिसोतरा निवासी गंगाराम सिंह एडवोकेट का पुत्र प्रतीक कुमार प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करता है। प्रतीक ने 23 मार्च को ड्रीम इलेवन पर टीम बनाई थी। जिसमें उसने 3 करोड रुपए जीते हैं। युवक रातों रात करोड़पति बन गया। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना है। युवक के घर परिचितों व रिश्तेदारों का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है। प्रतीक ने बताया कि वह ड्रीम इलेवन पर सन् 2016 से लगातार टीम बना रहा है। जिसमें कई बार उसने छोटे-छोटे पुरस्कार भी जीते हैं। गांव में उसके द्वारा इतनी बड़ी धनराशि जीतने की खूब चर्चा हो रही है, सभी उसे बधाई देने पर लगे है।

### गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**नगीना।** पुलिस ने एसपी आर ए विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की। मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील मुहल्लों में भी पुलिस तैनात की गई। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहेंगे। निगरानी के लिए ड्रोन की मदद ली जाएगी। इस दौरान उन्होंने नगर के संभ्रांत लोगों से बातचीत कर उन्हें समझाया कि सड़कों पर नमाज न पढ़ें। नमाज निर्धारित स्थान पर ही पढ़ें। उन्होंने आमजन से अपील भी की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। कोई अफवाह फैलाए तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस मौके पर एस एस आई दीपक कुमार और एसआई सुभाष तोमर उनके साथ रहे।

### तरावीह की नमाज में कुरान मुकम्मल



**नगीना।** नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती ताहिरा खलील के आवास के पास मोहल्ला शाहजहीर स्थित घास की मंडी में शाहजहीर वाली मस्जिद में भी कुराने पाक मुकम्मल हो गया। कारी एजाज ने कुरान सुनाया और मौलाना अमीर हसन ने कुरान ए पाक सुना। मुफ्ती उवैस अकरम ने तकरीर की और कहा कि वो लोग खुशनसीब हैं, जिनको तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनने के लिए मिला। यह सदका हमारे नबी का है, जिसकी वजह से अल्लाह का कलाम हमको नसीब होता है। कहा कि तरावीह अभी खत्म नहीं हुई है। तरावीह में कलाम पाक सुनना अलग सुन्नत है और पूरे माह तरावीह सुनना अलग सुन्नत है। उन्होंने आखिरी अशरे में अल्लाह की खूब इबादत, जरूरतमंदों की जकात-फितरे से मदद की अपील की। लोगों ने कुरान सुनने-सुनाने वालों को इनामात से नवाजा। मस्जिद के मौलाना निसार अहमद ने सभी नमाजियों का शुक्रिया अदा किया। मुफ्ती उवैस अकरम ने मुल्क में अमन चैन, सलामती, बीमारों को शिफा के लिए दुआ कराई। इस दौरान मस्जिद कमेटी के इंतजामिया लोग, इलाकाई व गैर इलाकाई मुकतदी, जनप्रतिनिधि व समाजसेवक आदि मौजूद रहे।

### गन्ना समिति की सामान्य निकाय बैठक



**नगीना।** गन्ना समिति नगीना की सामान्य निकाय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वार्षिक विवरण वर्ष 2023-24 के अनुसार वर्ष का लाभ अंकन 18971813.82 एवं सकल लाभ अंकन रूपए 158418411.80 का अनुमोदन किया गया। समिति का वर्ष, 2025-26 बजट प्रस्तुत किया गया। बजट के अनुसार समिति की अनुमानित आय अंकन रूपए 106662000. 00 व अनुमानित व्यय अंकन रूपए 103822000.00 तथा बजट का अनुमानित लाभ अंकन रूपए 2840000.00 अनुमोदित किया गया। वर्ष 2024-25 बजट के सापेक्ष व्यय को अनुमोदित किया गया। समिति के कृषकों हेतु स्प्रे मशीन, ह्यूम पाईप क्रय करने एवं कृषकों को वितरण करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कृषकों को वितरण हेतु कीटनाशक इफ्को / कृभकों से मगाने का प्रस्ताव ध्वनिमत से सदन में पारित किये गये। इस अवसर पर चीनी मिल द्वारिकेश, बुन्दकी के उप महाप्रबन्धक (गन्ना) लवकुश चौहान, चीनी मिल बहादरपुर (अफजलगढ) के विनय कुमार, चीनी मिल स्योहारा से राजीव चौधरी वरिष्ठ प्रबन्धक (गन्ना), चीनी मिल धामपुर से सुरेन्द्र सिंह वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक ने प्रतिभाग किया। सामान्य निकाय बैठक (साधारण सभा) में कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार सभापति तथा राजेश कुमार ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक परिषद बुन्दकी-नगीना तथा संचालन विजयपाल, सचिव नगीना ने किया। इस अवसर पर कपिल कुमार उपसभापति, कमल सिंह, नरदेव सिंह, समर सिंह, हेतराम सिंह, श्रीमती आशा देवी, संचालक व सहायक लेखाकार राजवीर सिंह, अशोक कुमार, कपिल देव राजपूत, देवेन्द्र सिंह, जसराज सिंह एवं समस्त स्टाफ गन्ना समिति एवं गन्ना विकास परिषद नगीना ने भाग लिया।

### बच्चों के विवाद में घर में घुसकर मारपीट



**नहटौर।** गांव आंकू में मौहम्मद जामिल व दूसरे पक्ष के बच्चों में गुरूवार को विवाद हो गया था, जिसका बीच बचाव करा दिया गया था। जामिल पक्ष का आरोप है कि शुक्रवार को करीब पांच बजे दूसरे पक्ष के लोग लाठी डंडे व सरिया लेकर उनके घर में घुस गए। खाना बना रही महिलाओं के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान हड़कंप मच गया। गर्भवती महिला अंजुम पत्नी इमरान, मोमिना पुत्री रहमान शाह, शाहीन पत्नी मौहम्मद जामिल, रोशन पत्नी जहीर आलम के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जब मौहम्मद जामिल घर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गर्भवती महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# मालगाड़ी से टकराए एक दर्जन गोवंश

## गोवंश को मालगाड़ी काफी दूर तक घसीट कर ले गई, तीन की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुरादाबाद रेल मार्ग पर जैतरा रेलवे फाटक के पास एक बड़ी घटना हो गई। सहारनपुर से मुरादाबाद जा रही मालगाड़ी के आगे एक दर्जन से अधिक गोवंश रेलवे ट्रैक पर आ गए। रेलवे ट्रैक पर अचानक से एक साथ बड़ी संख्या में गोवंश देख मालगाड़ी चालक के हाथ पांव फूल गए। मालगाड़ी का चालक जब तक कुछ समझ पाता तेज गति से जा रही मालगाड़ी की चपेट में आधा दर्जन गोवंश आ गए। हादसे में तीन गौवंश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

हादसा उस समय हुआ जब शनिवार तड़के लगभग 3 बजे सहारनपुर से चलकर मुरादाबाद की तरफ एक मालगाड़ी जा रही थी। दिन निकलने से पहले ही जब यह मालगाड़ी धामपुर रेलवे स्टेशन से जैतरा फाटक के पास पहुंची तो अचानक से एक दर्जन से अधिक गोवंश रेलवे ट्रैक पर दिखाई दिए। रात को अंधेरा था, मालगाड़ी की स्पीड भी अधिक थी तत्काल ब्रेक लेना संभव नहीं था, इसी दौरान आधा दर्जन से अधिक गोवंश मालगाड़ी की चपेट में आ गए। तीन की मौके पर मृत्यु हो गई। गौवंश के शरीर के लोथड़े रेलवे ट्रैक पर बिखर गए। मालगाड़ी चालक की सूचना पर रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। रेलवे कर्मचारियों ने रेलवे ट्रैक पर खड़े एक दर्जन से अधिक गोवंश को वहां से हटाया। मृत गोवंशों के अवशेष को आधी रात में ही रेलवे ट्रैक से हटाकर किनारे किया। शनिवार तड़के यह घटना उस समय हुई जब लोग सो कर भी नहीं उठ पाए थे।

बताते हैं रेलवे ट्रैक पर हुए हादसे के बाद ट्रेन के आवागमन में कोई बाधा नहीं हुई है। हादसे की सूचना पर गौ सेवक गौतम गिरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए तथा घायल गौवंश का उपचार शुरू कराया।

### गोशाला का हाल बेहाल सड़क पर घूम रहे गोवंश

**धामपुर।** बताते हैं कि क्षेत्र में स्थित गौशाला का हाल बेहाल है। बड़ी संख्या में गोवंश सड़कों पर वीरान घूम रहे हैं। इनका कोई सहारा ना होने के चलते यह हाईवे तथा सड़क पर बीच बैठ जाते हैं। अब तो यह गोवंश रेलवे ट्रैक तक पहुंच गए हैं। बताते हैं कि जिस समय यह हादसा हुआ उसे समय 12 से अधिक गोवंश रेलवे ट्रैक पर मौजूद थे। रेलवे गेटमैन ने गोवंश देखा तो उन्हें कई बार वहां से हटाने का प्रयास किया। कई बार हटाने के बावजूद गोवंश दोबारा से रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए। अंधेरा होने के चलते रेलवे गेटमैन तथा चालक को ट्रैक पर गोवंश दिखाई नहीं दिए। गनीमत रही की तीन की ही मौत हुई जबकि अन्य गोवंश ट्रेन की आवाज सुनकर साइड हो गए। यदि सभी गोवंश ट्रेन की चपेट मे आ जाते तो बड़ा हादसा हो जाता।

## मौहम्मद अहमद व मरयम फारूकी ने रखा रोजा





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुसलमानों का रमजान का पवित्र व अकीदत का महीना माना जाता है। इस महीने की बरकत से अल्लाह ताला मुसलमानों के अगले पिछले गुनाह माफ कर देता है। इस महीने में अल्लाह ताला जहांनुम के दरवाजे बंद कर जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं।

मौहल्ला नई बस्ती निवासी मरहूम हजरत मौलाना आकिल कासमी के पुत्र मुफ्ती सलमान कासमी के बेटे मौहम्मद अहमद आठ वर्ष व पत्रकार मुजाहिद फारूकी की बेटी मरयम फारूकी सात वर्ष ने अलविदा जुमा का रोजा रखा। मौहम्मद अहमद व मरयम फारूकी ने सुबह सवेरे सहरी कर शाम को रोजा इफ्तार किया। रोजे के साथ साथ मासूम मौहम्मद अहमद व मरयम फारूकी ने पांच वक्त की नमाज पढ़ कर पूरे मुल्क की सलामती के लिए चैन सुकून की दुआ भी की।

## नमाज पढ़ने के बाद हुए खूनी संघर्ष में कई घायल

### छह लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नमाज अदा करने के बाद दो पक्षों में मस्जिद के पंखों को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। झगड़े में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। एक पक्ष की तहरीर पर दूसरे पक्ष के 6 व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में शुक्रवार की शाम 5 बजे अस्र की नमाज अदा करने के बाद कुरैशियों वाली मस्जिद से निकलते हुए भूरा पक्ष और अनीस पक्ष में मस्जिद के पंखे उतारने को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। यह कहासुनी पहले गाली-गलौच और फिर मारपीट में तब्दील हो गई। झगड़ा इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले और खूनी संघर्ष हो गया। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष के भूरा पुत्र मसीद, शाहरुख पुत्र भूरा और दूसरे पक्ष के आमिर पुत्र रईस, अनीस पुत्र यामीन, नबाब पुत्र यामीन, रिजवान पुत्र रईस, नसीम पुत्र वाजिद गंभीर रूप से घायल हो गये। लहूलुहान अवस्था में थाने पहुंचे दोनों पक्षों के सभी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया गया था। दोनों ही पक्ष कुरैशी बिरादरी से हैं। बताया जाता है कि भूरा पक्ष ने मस्जिद में नये पंखे लगवाने के लिये पुराने पंखे उतरवाये थे, जबकि अनीस पक्ष पुराने पंखों की ही मरम्मत कराने को कह रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। थानाध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने बताया कि इस प्रकरण में अनीस पुत्र यामीन ने काला पुत्र मसीतुल्ला, शाहरुख व उजैफ पुत्रगण काला, शकील, कफील व अजीम पुत्रगण मुशर्रफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। शनिवार को एक पक्ष के अनीस व नफीस पुत्रगण यामीन तथा दूसरे पक्ष के भूरा व शाहरुख पुत्रगण मसीता का बीएनएसएस की धारा 170 के अंतर्गत चालान किया गया है।

# काली पट्टी बांधकर अदा की नमाज

### वक्फ संशोधन बिल का विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में रमजान के अंतिम जुमे यानी अलविदा जुमे पर मुस्लिम समुदाय ने अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों नमाजी वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में हाथों में काली पट्टीं बांधकर मस्जिदों में पहुंचे। नगीना की कई मस्जिदों में नमाजियों का यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन देखा गया।

मस्जिद से बाहर निकलते समय भी नमाजियों के हाथों में काली पट्टी बंधी हुई थी। रमजान के इस खास दिन पर नगर की सभी मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोग नमाज के लिए एकत्र हुए। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

सभी मस्जिदों में नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। रमजान का महीना मुस्लिम समुदाय के लिए बेहद पवित्र माना जाता है। इस माह का आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा विशेष महत्व रखता है। इस बार नमाजियों ने अपनी धार्मिक रस्म के साथ शांतिपूर्ण विरोध का रास्ता भी चुना। मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। जामा मस्जिद के बाहर भी कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवक जुमे की नमाज के बाद लोगों से मिले। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जामा मस्जिद के बाहर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, थाना प्रभारी नगीना तेजपाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार, नायब तहसीलदार अजब सिंह, कानूनगो नीरज कुमार आदि पुलिस व तहसील के अधिकारी मौजूद रहे। उधर समाजसेवकों में शेख शाहनवाज खलील, आरिफ मलिक, वसीम अख्तर सिद्दीकी, आरिफ मलिक, सभासद बदर मुनीम आदि उपस्थित रहे। नगर पालिका द्वारा मस्जिदों के बाहर विशेष साफ सफाई व्यवस्था कराई गई।

शेख शाहनवाज खलील ने नमाजियों पर पुष्प वर्षा की व्यवस्था कराई।

# आरबीडी में पुलिस पाठशाला कार्यक्रम

### छात्राओं को साइबर फ्रॉड की जानकारी दी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी के निर्देशन में महाविद्यालय की शिकायत निवारण, महिला उत्पीड़न एवं एंटी रैगिंग समिति एवं अमर उजाला फाउंडेशन 'पुलिस की पाठशाला' बिजनौर के संयुक्त तत्वाधान में महिला सुरक्षा एवं महिला अधिकार हेतु जागरूकता एवं छात्राओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि सीओ संग्राम सिंह रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी ने छात्राओं को बताया कि यह कार्यक्रम आपके लिए ही आयोजित किया गया है आप खुल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। प्राचार्या ने छात्राओं को शुभाशीष देते हुए कार्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिजनौर ने छात्राओं से बातचीत के माध्यम से बताया कि किसी महिला को घूरना एवं बिना सहमति के इधर-उधर छूना अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि उनके साथ होने वाले किसी भी इस प्रकार के गलत व्यवहार के बारे में सर्वप्रथम अपने घरवालों को बताएं। उन्होंने छात्राओं को यह भी बताया कि आपके पास भी सभी अधिकार हैं जो किसी भी पुरुष को इस समाज ने दिए हैं। जैसे अपनी पसंद के कपड़े पहनना, अपना मनपसंद करियर चुनना, घूमना-फिरना इत्यादि। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090 के बारे में बताया और कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि आप बिना पुलिस स्टेशन गए ही अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। साथ ही आपकी गोपनीयता भी बनी रहती है। उन्होंने पुलिस आपातकाल नंबर 112 के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी देते हुए सावधान एवं सतर्क रहने के अनेक उपाय बताए।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने अपने अपने प्रश्न पुलिस अधिकारी से पूछे। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. दयावती देवी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों डॉ. आबिदा, डॉ. मृदुल, डॉ. अल्पना सिंह, कुमारी वर्षा एवं सीमाब का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय की IQAC coordination प्रोफेसर मंजू एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### आरबीएस का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**नांगल सोती।** राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती का सत्र 2024-25 का गृह परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। सफल हुए विद्यार्थी रिपोर्ट कार्ड लेकर खुशी से झूम उठे। वहीं असफल हुए विद्यार्थी काफी निराश दिखे। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने बताया कि परीक्षा में कुल 1624 छात्र-छात्रायें शामिल हुए थे, जिसमें से 1519 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय का रिजल्ट 93.47 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य ने टॉपर्स को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रबंध समिति अध्यक्ष यशवीर सिंह, प्रबंधक कावेन्द्र सिंह एड., कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड. ने सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनायें दीं। वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, गृह परीक्षा प्रभारी सत्यप्रकाश आर्य, सर्वेशचन्द्र शर्मा, संजय कुमार सिंह, बसंत यादव सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### मस्जिदों में कुरान-ए-करीम मुकम्मल



**कासमपुर गढ़ी।** क्षेत्र मे अलविदा जुमा की नमाज अमनों अमान साथ अदा की गई। वहीं मस्जिदों मे कुरआन ए पाक के मुकम्मल होने पर नमाजियों की भारी भीड़ रही। इस अवसर पर देश व दुनिया मे चेन व अमन कायम करने के लिए रो रोकर कर अल्लाह से दुआ मांगी गई। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहिद ने नमाज ए जुमा से पूर्व अपने बयान में लोगों को फितरा व जकात की एहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि जकात हर साहिबे माल पर फर्ज है। हर साहिबे माल को चाहिए कि वह हर साल अपने माल को पाक साफ करता रहे। शरीयत मे बताया गया ढाई प्रतिशत के हिसाब से पहले अपने खास रिश्तेदारों, अपने पड़ोसी, मौहल्ले व गांव शहर के लोगों को देखे कि कोन लोग जकात के मुस्तहिक है उनको जकात दे। ऐसा कोई मुस्तहिक जो जकात लेने में शर्म महसूस करें। उसे जताये नहीं बल्कि उसे हदया या तोहफा बताकर उसकी मदद करें अगर हम जकात को उसके सही हकदार तक पहुंचाने में कामयाब रहे तो हमारा माल भी पाक हो जायेगा और जरूरतमंदों की जरूरत भी पूरी हो जाएगी। उन्होंने फितरे पर रोशनी डालते हुए कहा कि फितरा इंसान की जान का सदका है जो आने वाली बलाओं को टाल ता है इसलिए हर मर्द औरत व बच्चों का फितरा ईद की नमाज से पहले अदा कर देना चाहिए।

### सीओ ने किया ईदगाह का निरीक्षण



**नगीना।** ईद उल फितर की नमाज की तैयारियों को लेकर सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने थाना प्रभारी तेजपाल सिंह व मुफ्ती नबील के साथ बढ़ापुर रोड स्थित ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के लिए पालिका कर्मचारियों को समय से पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिये। ईओ संदीप सक्सेना ने कहा कि जिन मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की जायेगी, उनके आसपास विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जा रही है। ईद की नमाज से पूर्व साफ सफाई, चूना आदि छिड़काव कराया जाएगा। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि नमाज के दौरान सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जायेंगे। ईदगाह पर भारी भीड को देखते हुए ईदगाह के चारों ओर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जायेगी और ट्रैफिक व्यवस्थाओं को सुचारू रखा जायेगा।

### हादसे में बाइक सवार का पैर टूटा

**नांगल सोती।** मंडावली थानांतर्गत ग्राम राजपुर नवादा निवासी कार्तिक (19 वर्ष) पुत्र राजीव शुक्रवार की रात लगभग पौने दस बजे नांगल की ओर से अपने घर जा रहा था। मंडावली-नांगल मार्ग पर ग्राम जालपुर के तिराहे के समीप स्थित ईंट भट्टे के सामने विपरीत दिशा से आ रहे बाइक के इंजन द्वारा बनाये गये रेहड़े (जुगाड़) ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे कार्तिक का पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस द्वारा युवक को अस्पताल भिजवाया गया।

### खेतों से इंजन का सामान चोरी

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम सीरबासुचंद निवासी मौहम्मद इब्राहिम ने बताया कि उसका खेत ग्राम त्रिलोकपुर में है। खेत में पानी देने के लिए बोरिंग है जिस पर पम्पसेट लगा हुआ था जिसे चोर बीती रात चुरा कर ले गये। उसने बताया कि चोर ग्राम सीरबासुचंद निवासी टिकेन्द्र कुमार व ग्राम त्रिलोकपुर निवासी अनिल कुमार के खेतों से इंजन का सामान, टिलर की खपरी व पम्पसेट आदि सामान चोरी कर ले गये। उन्होंने इसकी सूचना थाना अफजलगढ़ व रेहड़ को दे दी है।

### राधा कालेज का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**धामपुर।** राधा इण्टर कॉलेज में नर्सरी से 9 एवं 11 कक्षा के छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राइमरी व जूनियर विंग का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा सीनियर विंग का परीक्षा परिणाम 92.8% रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की वन्दना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रबंधक रवि कुमार, प्रबंध समिति की सदस्या श्रीमती अनु राजपूत द्वारा छात्र/छात्रओं को पुरस्कार वितरण किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार द्वारा किया गया और विद्यालय में आये पैरेंट्स का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार, अजीत सिंह त्रिवेन्द्र कुमार, राजपाल, रामेश्वर सिंह एवं समस्त स्टाफ का कार्य सराहनीय रहा।

# आपत्तियों के बीच नगर पालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक हंगामेदार रही। प्रस्तावों पर टोका-टोकी विरोध और कुछ बिंदुओं पर आपत्ति की गई। जबकि अन्य प्रस्तावों पर सभासदों ने स्वीकृति की मोहर लगा दी।

शनिवार को अपने पूर्व निर्धारित समय 11 बजे से कुछ देर से शुरू हुई नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक की शुरूआत चैयरपर्सन आसिया मुशीर के पहुंचने और अनुमति देने के बाद की गई। बैठक शुरू होने से पूर्व सभासदों को दिए गए एजेंडे पर बहस करने अथवा उन्हे मंजूरी दे दी जाए अनुमति मांगी गई,लेकिन सभासदों ने सभी प्रस्तावों को पढ़कर सुनाने के बाद ही मंजूरी प्रदान करने की सहमति बनी। पूर्व में जारी एजेंडे में प्रस्ताव नम्बर को मेज थपथपाकर हरी झंडी दे दी गई जबकि प्रस्ताव सं. दो, तीन, चार, पांच, छह, सात, आठ व नौ और 10 पर बिना किसी बहस के मेज थपथपाकर पास कर दिया गया। प्रस्ताव सं. 11 बिंदू सं. 1 से 19 तक विभिन्न कार्य 26,04,304 रूपये के कार्य प्रत्याशा में कराए जाने का पास करने की अनुमति मांगी गई,लेकिन सभासद गौहर खान ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब इतनी बड़ी रकम के प्रस्ताव प्रत्याशा में करायें जायेंग्रगे तो फिर बोर्ड की बैठक की आवश्यकता ही क्या है। इस पर अकाउंटेंट इरशाद अहमद ने समझाते हुए सभासदको संतुष्ट किया लेकिन सभासद शौकीन ने भी करोड़ों के प्रस्तावों को प्रत्याशा से कराये जाने पर कड़ी आपत्ति जतायी। ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी ने कुछ जानकारियां और विकास कार्य व ज़रूरत पड़ने पर कार्य कराने के लिए प्रस्ताव को आवश्यक बताया इसके बाद सभासदों ने इस प्रस्ताव को पास कर दिया। बैठक में प्रस्ताव सं. 12 और 13 तथा 18, 19 और 20, 21 24, 25, 26, 28, 29, 30, 31, 32 को सभासदों ने पास कर दिया, लेकिन प्रस्ताव सं. 16 में दिए गए बिदुओं पर गहरी नाराजगी प्रकट की गई। सभासद शौकीन ने इस प्रस्ताव में वर्णित बिंदू सं. 1 से 7 तक अगले बोर्ड की बैठक में रखने और स्थगित करने की मांग की जबकि बिंदू सं. 2 को भी स्थगित करने एवं बिंदू सं. 4 को निरस्त कर 15 वें वित्त राशि में 10 लाख 60 हज़ार से पहले ही खरीदे जा चुके होने और पुन: खरीदे जाने पर आपत्ति की। इसी प्रस्ताव के बिंदू सं. 6 को भी निरस्त करने और बिंदू सं. 8 को निरस्त कर 15 वें वित्त से खरीदे जाने हैं तो इसमें क्यों पास कराया जा रहा है इसे निरस्त करने की मांग की। इसके अलावा इसी प्रस्ताव सं. 16 के बिंदू 11 को भी निरस्त करने तथा बिंदू सं. 15 में पिछली सफाई कार्य संतोष जनक नहीं होने और कितने वार्डो में कितनी सामग्री परात आदि पहुंची इसकी कोई सूची नहीं देने पर गहरी नाराजगी प्रकट की। इस पर ई ओ ने बचाव करते हुए आगे से सभासदों को जानकारी देने के साथ उनके लैटर पैड पर जारी करने की भरोसा दिलाया। प्रस्ताव सं. 17, 18, 19, 20, 21 को पास कर दिया गया। जबकि प्रस्ताव सं. 22 मं असेस्मेंट रिकॉर्ड की नकल प्राप्त करने के लिए 50 रूपये निर्धारित शुल्क बढ़ाकर 500 रूपये करने पर आपत्ति जताते हुए सभासदों ने इस जनहित से जुड़ा होने और काफी अधिक बढ़ोत्तरी करने पर नाराजगी प्रकट की। सभासदों ने इसके स्थान पर 150 रूपये शुल्क निर्धारित करने कहकर प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। हालांकि ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी ने पालिका की आय में बढ़ोत्तरी होने और वसूली अधिक होने पर ही विकास कार्यों के शासन से ग्रांट अधिक मिलती है। प्रस्ताव सं. 23, 24,25, 26 को टोका-टोकी व शोरगुल के बीच पास कर दिया गया। प्रस्ताव सं. 27 दीपा सराय स्थित भूमि जिस पर पुलिस चौकी का निर्माण को अनापत्ति प्रमाण पत्र बोर्ड की प्रत्याशा में प्रदान कर दिया गया उपर मांगे गए अनुमोदन को हरी झंडी दे दी,लेकिन इससे सम्बंधित अभिलेखों की प्रति दी जाने की मांग रखी गयी। प्रस्ताव सं. 28 जिसमें ग्राम तश्तपुर बाहर चुंगी स्थित गाटा सं. 639 वाली भूमि पर थाना आवासीय भवन का निर्माण कराने को बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र बोर्ड की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रदान किये जाने की जानकारी देकर अनुमोदन की मांगी। सभासदों ने इसे भी पास कर दिया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक के पत्र का उल्लेख करते हुए जामा मस्जिद के संरक्षित भवन में जल स्रोत के ऊपर बने कमरे में पुलिस गार्ड सुरक्षा और साम्प्रदायिक घटनाएं रोकने के लिए जामा मस्जिद के निकट पुलिस चौकी हेतु सुरक्षित भवन स्थापित किए जाने के लिए भूमि आवंटन की मांग की इसे भी पास कर दिया गया। प्रस्ताव सं. 30 में पूर्व में कार्य कर रहे कर्मचारियों का रिन्यूवल किया गया। जबकि 31, 32, को बिना किसी आपत्ति के पास कर दिया गया। बजट की बैठक में प्रस्तावित आय 1, 36, 79, 87, 869 1, 17,90, 50 हजार व्यय व 18,89,37,869 रूपये का बजट पास किया गया। विशेष प्रस्ताव जिसमें उपजिलाधिकारी के प्रस्ताव पर पैयजल के लिए ओवर हैड टेंक का निर्माण कराने के प्रस्ताव को हरी झंडी देकर अन्य कोई प्रस्ताव पेश नहीं किया गया। अध्यक्षता कर रहीं चैयरपर्सन आसिया मुशीर ने समापन की घोषणा कर दी। बैठक का संचालन अकाउंटेंट इरशाद अहमद ने किया जबकि सभासद इब्राहीम, गगन वार्ष्णेय, असलम, रागिब, राजेन्द्र, रेहान, हाजी पप्पू, मंजू देवी, चचंल वर्मा, इफ्तेखार अहमद आदि मौजूद रहे।

### O सत्यव्रत चौकी व थाना निर्माण को भूमि के लिए दिया गया अनुमोदन, हंगमेदार रही बोर्ड की बैठक



सम्भल-नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में प्रतिभाग करते सभासद व मौजूद चेयरमैन।

## सभासद प्रतिनिधियों और पतियों को बाहर भेजने पर नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक शुरू होने से पूर्व दर्शक दीर्धा में मौजूद सभासद पतियों और प्रतिनिधियों को बैठक से बाहर रहने का फरमान सुनाने पर नाराजगी देखी गई।

जब-जब बोर्ड की बैठक का आयोजन किया जाता है दर्शक दीर्धा में पड़ी कुर्सियों पर काफी लोग बैठ जाते है। बोर्ड की बैठक शुरू होते ही आपस में बातचीत करने से होने वाले शोर से बैठक में बाधा उत्पन्न होती है। इस बार आयोजित हुई बैठक के शुरू होने से पहले ही दर्शक दीर्धा में बैठे सभासद पतियों औश्र उनके प्रतिनिधियों को सभागार से बाहर होने का फरमान सुनाया गया। इससे उनमें नराजगी फैली। हालांकि सभासद गौहर खां ने इस पर नियमों का हवाला दिया गया,लेकिन इससे पूर्व पालिका के कर्मचारी और सभाद पति और प्रतिनिधि कुर्सियां खाली कर बाहर चले गए।

### Oफरमान पर जताई गयी नाराज़गी

## इस बार पुलिस जवानों को देख सभासद हुए हतप्रब्ध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जब-जब भी नगर पालिका परिषद की बौड बैठक का आयोजन किया गया है किसी सुरक्षा अथवा पुलिस बल की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी है। पूर्व में प्रशासक/एडीएम की अध्यक्षता में बैठक के दौरान नोंकझोंक के बाद पुलिस सुरक्षा ज़रूर रही है।

नगर पालिका परिषद की बेर्ड बैठक के दौरान सभासद और दर्शक दीर्धा में लोगों के अलावा कोई और नहीं रहता है,लेकिन इस बार दर्शक दीर्धा से सभासद पतियों और उनके प्रतिनिधियों को बाहर रहने के अलावा पुलिस सुरक्षा भी कुछ अधिक ही रही। जबकि पूर्व में सम्पन्न हुई बोर्ड की बैठकों के दौरान पुलिस कर्मियों को नहीं देखा गया है। इस बार पुलिस कर्मियों की खासी संख्या देख सभासद हतप्रब्ध रह गए। हालांकि पुलिस इस बार किसलिए लगायी गयी इसके बारे में सुरक्षा कारणों का हवाला दिया गया। लेकिन पूर्व से अब तक नजर डाली जाये तो बोर्ड बैठक में टोक-टोकी के अलावा कभी शांति भंग नहीं हो सकी है न ही किसी सभासद के बीच कोई तना-तनी का मामला ही सामने आ सका है। लेकिन फिर भी बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती पर तरह-तरह की चर्चायें और इसके पीछे कोई न कोई कारण माने जा रहे है। बोर्ड की बैठक में पुलिस की मौजूदगी का असर यह भी पड़ा की सुरक्षा के लिए सभागार में मौजूद उपनिरीक्षक प्रस्तावों पर बार-बार अपत्ति करते देख सभासद के पास चले गए। वह तो कर निरीक्षक ने उपनिरीक्षक को रोका और सदन में कोई हस्तक्षेप उनकी और से नहीं किया जा सकता इसकी जानकारी देकर सभासद के पास से हटाया।

### Oसदन में मौजूद उपनिरीक्षक सभासद के पास पहुंचे।

## अभाविप की बैठक मे रहे विभाग प्रमुख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला की बैठक में नगर इकाई संभल मे आयोजित की गयी जिसमे क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री विपिन गुप्ता व प्रान्त संगठन मंत्री तरूण सिंह जी प्रवासी के रूप मे मौजूद रहे। एवं विभाग प्रमुख सम्भल डा. डी.के. अग्निहोत्री प्रांत सह मंत्री लक्षित सिंघल विभाग संगठन मंत्री दिवाकर बाबरा जिला संयोजक पीयूष बिडोलिया प्रांत कार्यकारिणी हितेश प्रजापति तहसील संयोजक मनसाफ प्रजापति छात्र प्रमुख दर्शिका भारद्वाज प्रांत कार्यकारिणी सदस्य हरमन ठाकुर ,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य धरुव शेखर प्रजापति ,आदित्य प्रजापति मोहित कश्यप रितिक प्रजापति मुस्तफा सैफी सुरेंद्र यादव इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सिरसी-कस्बे में पर्वो के मद्देनजर फ्लैग मार्च करते पुलिस व आरआरएफ के जवान।

## पुलिस व आरआरएफ ने किया फ्लैग मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** नवरात्रि और ईदुल फितर के मद्देनजर जनता के बीच सुरक्षा की भावना जागृत करने को पुलिस एवं आर आर एफ के जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

हजरत नगर गढ़ी थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस चौकी से पुलिस एवं आर आर एफ के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आगामी नवरात्र व ईदुल फितर आपसी भाई चारे व शांति के साथ मनाने का संदेश देना था। साथ ही आसामाजिक तत्वों को भी चेतावनी दी कि अगर किसी भी स्तर पर शांति भंग करने का प्रयास किया तब ऐंसे तत्वों के विरूद्व कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च चौकी से शुरू होकर सदक सराय, गिन्नौरी, शर्की एवं चौधरियान मौहल्लों में मुख्य मार्गो से होता हुआ चौकी पर आकर समाप्त हो गया। फ्लैग मार्च में पुलिस चौकी प्रभारी बोविन्द्र कुमार शर्मा एवं थाने के अन्य उपनिरीक्षक भी शामिल रहे।

### Oत्योहारों पर सुरक्षा की भावना की जागृत

## मात्र बीस दिन में पाया जा सकता है ब्याज एवं अर्थदंड माफी का लाभ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जी.एस.टी. विभाग के अधीन भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही एमनेस्टी प्रोविजन स्कीम-2024 व जी.एस.टी. अधि नियम की धारा-73 के अन्तर्गत वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 के लिए पारित न्याय निर्णयन आदेश में सृजित की गई धनराशि 31 मार्च 2025 तक जमा करने पर ब्याज एवं अर्थदण्ड माफ कर दिया जायेगा। यदि व्यापारी द्वारा कोई अपील दाखिल कर दी गई है, तो उसे वापस लेकर समस्त कर जमा करना होगा। छूट के लिए व्यापारियों को कर की सम्पूर्ण धनराशि 31 मार्च 2025 तक जमा करने के बाद ब्याज व अर्थदण्ड माफी के लिए ऑनलाइन प्रार्थनापत्र 30 जून 2025 तक देना होगा।

अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर मुरादाबाद जोन मुरादाबाद आर. एस. द्विवेदी एवं संयुक्त आयुक्त कार्यपालक राज्य कर मोहित गुप्ता के निर्देश पर विभाग के अधि कारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार व्यापारियों को व्हाटसऐप एवं दूरभाष के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। जनपद में कुल 1427 व्यापारियों के विरूद्व धारा-73 के अन्तर्गत आदेश पारित किये गये थे जिसमें से अब तक कुल 802 व्यापारियों द्वारा उक्त योजना का लाभ लेते हुए रू. 376.48 लाख, कर विभाग में जमा करा दिया गया है। जनपद के सभी व्यापारियों/व्यापारिक संगठनों, अधिवक्ताओं एवं भटटा एसोसिएशन से शेष बचे दो दिनों में अधिक से अधिक संख्या में कर जमा कर उक्त योजना का लाभ उठाने पर ज़ोर दिया जबकि मुख्य सचिव उ.प्र. लखनउ के निर्देश पर राज्य कर विभाग के सभी कार्यालय 30 व 31 मार्च, को भी पूर्व की भाँति खुले रहेंगें।

### Oव्यापारियों से योजना का लाभ पाने का आह्वान

## पदेन सदस्य शहर और विधायक ने नहीं लिया बोर्ड की बैठक में भाग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हमेशा देखा गया है कि नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में पदेन सदस्य सांसद और विधायक अनुपस्थित रहे हैं जबकि शहर के विकास के लिए उनकी मौजूदगी अहम साबित हो सकती है,लेकिन इस बार सांसद और विधाकयों के साथ चार सभासद भी बोर्ड की बैठक से नदारद रहे।

नगर निकाय और जिला पंचायत के विधायक व सांसद पदेन सदस्य होते हैं। हर बार होने वाली नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सांसद ओर विधायक गैर मौजूद रहते हैं। जबकि शहर के विकास और अन्य जनहितकारी कार्यो की मंजूरी के लिए होने वाली नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में विधायक और सांसद की भागीदारी अहम साबित हो सकती है। मगर हर बार की तरह इस बार भी शहर विधायक इकबाल महमूद और सांसद जियाउर्रहमान बर्क बोर्ड की बैठक में नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं वार्ड के हितों के लिए चुने जाने वाले चार सभासद जिनमें वार्ड संख्या 2 से रेशमा, वार्ड सं. 12 से अर्जुमन माहेरा, वार्ड 23 से नजमा व वार्ड सं. 23 से मौ. परवेज भी अनुपस्थित रहे।

### Oवार्ड के हितों के लिए चुने चार सभासद रहे नदारद

## दिवंगत सभासद को बैइक से पूर्व दी गई श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक शुरू होने से पूर्व दिवंगत सभासद राहेमीन को श्रृद्वांजलि देने का प्रस्ताव सभासद शौकीन ने रखा। इस पर सभी सभासदों ने दो मिनट का मौन रखाकर श्रृद्वांजलि दी गयी। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक का शुभारम्भ हुआ। उसके बाद ही प्रस्तावों को पढ़कर बहस नोकझोंक के बीच पास किए गए।

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: चेयरमैन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** नगर पंचायत चैयरमेन ने नवरात्रि व ईदुल फितर पर



सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखाने के लिए सफाई कर्मियों को लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

चैयरमेन कौसर अब्बास ने सफाई कर्मचारियों को नवरात्रि एवं इुर्दल फितर पर्वो के मददेनजर सभी धर्म स्थलों एवं मुख्य मार्गो पर विशेष सफाई व्यवस्था रखने पर ज़ोर दिया। उन्होने कहा कि किसी भी कर्मचारी ने अगर कार्य में लापरवाही बरती तब ऐंसे कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। चैयरमेन ने इन पर्वो पर पैयजलापूर्ति भी नियमित रूप से दिए जाने को कहा। जिससे किसी को भी पर्व के दिन पैयजलापूर्ति में असुविधा न हो। उन्होने ईदुल फितर को ईदगाहों एवं उसके आसपास भी सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी।

### Oत्यौहारों के मददेनजर कर्मचारियों के कसे पेंच



सम्भल-संचारी रोग व दस्तक अभियान को बैठक लेते मुख्य विकास अधिकारी।

## संचारी रोग व दस्तक अभियान का किया जाए प्रचार-प्रसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान को लेकर आयोजित बैठक में क्यूआरटी टीम को सक्रिय करने व मच्छरों के प्रजन्न रोकने को प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई ने बताया कि एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा जो कि 30 अप्रैल तक चलेगा जबकि 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। बैठक में अंतर्विभागीय कराया जाने वाले कार्यो की विस्तार से जानकारी ली गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर कोई आपातकाल की स्थिति है तो उसकी सूचना डब्ल्यू एच ओ तथा यूनिसेफ को दी जाये जिससे कि माइक्रो प्लान में समय से बदलाव किया जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि क्यू. आर. टी टीम को सक्रिय रखा जाए। साफ सफाई, फागिंग तथा झाडी कटान को लेकर निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में इसको लेकर मुनादी करे तथा प्रचार प्रसार करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को अभियान में वार्ड मेम्बर को भी महत्व देने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि संचारी रोग अभियान में प्रधान रुचि लें नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए प्लान तैयार करने के साथ शूकर पालन के संवेदीकरण तथा जहाँ शूकर पालन नहीं किया जा रहा वहाँ का भ्रमण करने को निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में पंचायती राज विभाग की विशेष भूमिका है। उन्होने कहा कि सभी संबंधित विभाग शासक गाइडलाइन का प्रयोग किया जाए। सफाई कर्मचारी झाडी कटान के औजार अपने साथ रखें। मुख्य विकास अधिकारी ने वी एच एस एनडी सत्र को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि सत्र को सक्रिय रूप से संचालित किया जाए। आशा भी सक्रिय रूप से कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्स अधिकारी डा. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्स अधिकारी डा. पंकज विश्नोई, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेन्द्र कुमार पाण्डेय, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण जागरूकता को निकाली रैली

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** पर्यावरण निदेशालय द्वारा संचालित जिला योजना वर्ष (2024-25) के तत्वावधान में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम बबराला पीएम श्री विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। शनिवार को नगर में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकालकर स्वच्छता का सन्देश दिया। रैली का नेतृत्व शिक्षिका नीतू प्रभा व सरोज आदि सहयोगी द्वारा किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी बृजमोहन ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य पर्यावरण को शुद्व बनाने में सहयोग करने को जागरूक करना है। पर्यावरण जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। पर्यावरण हमारी जीवन पर प्रभाव डालता है। रैली के बाद विद्यालय में पर्यावरण पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रथम स्थान पूनम, दूसरे स्थान शगुन, तृतीय स्थान रौनक ने प्राप्त किया। जिनको प्रमाण पत्र व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों का किया समारोह पूर्व सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टी बी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को समारोह में सम्मानित किया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. संतोष कुमार ने बताया कि जनपद की 17 ग्राम पंचायत पूर्ण रूप से टीबी मुक्त हैं। जिलाधिकारी ने उन 17 ग्राम पंचायत के प्रधानों को गांधी जी की प्रतिमा तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा इनके साथ ही टीबी मुक्त अभियान के अन्तर्गत अच्छा कार्य करने वाले सीएचओ तथा टीबी विभाग के कार्मिकों को भी जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक एवं जिला क्षयरोग अधिकारी डा. संतोष कुमार के अलावा अधिकारी तथा ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

### गांधी जी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र दिए

## मारपीट में वांछित पिता-पुत्र गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस ने मारपीट में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना क्षेत्र के शकरपुर गांव निवासी जुगेंद्र पुत्र राम करन तथा योगेश पुत्र जुगेंद्र मारपीट के मामले में वांछित थे। शनिवार को कैला देवी थाने से उप निरीक्षक रईस अहमद व साहब सिंह तथा हेड कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार ने वांछित दोनों आरोपियों को शकरपुर के पास शिव मंदिर के सामने से गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें संबंधित धाराओं में दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

## अधिवक्ता की गिरफ्तारी का विरोध जारी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद के सदर अधिवक्ता की गिरफ्तारी का रोष थम नहीं रहा है। लगातार चल रहा धरना निरंतर जारी है। मौन जुलूस निकालने के प्रस्तावित कार्यक्रम को अधिवक्ता के बहनोई के निधन पर स्थगित कर दिया गया।

शाही जामा मस्जिद के सदर व वरिष्ठ अधिवक्ता जफर अली एड. की गिरफ्तार पर पना आक्रो थम नहीं रहा हैं अधिवक्ता लगातार आन्दोलन कर रहे हैं कलम बंद हड़ताल पर अधिवक्ताओं ने शनिवार को भी कोई कार्य नहीं किया बल्कि विरोध में मौन जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया था। परन्तु अधिवक्ता गुफरान मोहसिन के बहनोई के इंतेकाल पर प्रस्तावित मौन जुलूस को स्थगित कर दिया गया और शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा को श्रृद्वांजलि दी गई। इस मोके पर कृष्ण कुमार एड., अब्दुल रहमान, मौ. ताहिर, देवेन्द्र कुमार सागर, याहिया खान, अब्दुल जब्बार, सलमान आरिफ, मौ. आमिर, मौ. यामीन, फाजिल, कपिल चन्द्रा,मौ. नईम, चौधरी मजारूल, सरफराज नवाज,अब्दुल कादिर, निशा, चौ. सुआलेहीन रजा आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक परीक्षाफल में मेधावी किए गए पुरस्कृत

**बबराला।** रामा कान्वेट स्कूल बबराला में परीक्षाफल वितरित किया गया। विधालय के छात्र व छात्राओं को जो उच्च अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा खेलकूद बस्ता सुलेख पहाडे आदि में प्रथम द्वितीय व् तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार दिया गया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अनिल कुमार से घरेलू व्यवस्थाओं में सहयोग न करने के कारण व्यथित हूं। गतवर्ष से अब तक उसे सुधरने के कई मौके दिए, लेकिन लगातार उपेक्षा करने पर, मैं उसको चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करने का निर्णय लेता हूं। उसका मेरी संपत्ति पर कोई सरोकार नहीं रहेगा।

**सेवाराम सिंह ग्राम आढौल, थाना-हयात नगर, तहसील व जिला सम्भल। मोबाइल-8279628423**

**सम्बंध विच्छेद**

हमारे पुत्र मौ. बिलाल ने अपना दूसरा निकाह नगमा पुत्री इस्लाम नि. डेरा सराय सम्भल के साथ कर लिया था। बिलाल की पत्नी नगमा बदतमीज व सरकश महिला है। बिलाल अपनी दूसरी पत्नी नगमा की गलत संगत में पड़ गया है। दोनो गाली-गलौंच करते है और हमारा कहना नहीं मानते हैं। इसलिए हमने परिवार सहित दोनों से 01 माह पूर्व अपने समस्त सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब हमारा बिलाल व नगमा से कोई सम्बंध नहीं है बल्कि वह अपने अच्छे व बुरे के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सलीम पुत्र मजीद, महमूदी पत्नी सलीम नि.गण अबुसईदपुर कला तह. व जिला सम्भल।**

# टिमिट के एमबीए छात्रों का श्री सीमेंट लिमिटेड में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में फाईनल ईयर के विद्यार्थियों के लिये देश की बहुप्रतिष्ठित सीमेंट कम्पनी श्री सीमेंट लिमिटेड ने सेल्स एसोसिएट के पद के लिये कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया कम्पनी की ओर से सीनियर एग्जीक्यूटिव एचआर ने कम्पनी दं जॉब के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों की जॉब सम्बन्धित जिज्ञासाओं का समाधान दिया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के ऐप्टीट्यूड व पर्सनल इन्टरव्यू लिये गये। सभी कठिन चयन प्रक्रियाओं के बाद टिमिट के एमबीए के विद्यार्थियों को अंतिम रूप से ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किये गये। चयनित छात्रों को कंपनी ने अपने ऑफिस ज्वाइन करने हेतु आमंत्रित किया है। भाग्यशाली चयनित विद्यार्थी मोहम्मद साकिब खान और विशाल चौहान ने इस उपलब्धि का श्रेय टिमिट के सर्वोत्तम स्लेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सर्वोत्तम फैकल्टीज के साथ उत्तम प्लेसमेंट सेल की क्रिया प्रणाली को प्रदान किया और कहा कि टिमिट से एमबीए करने के बाद उनके सपनों की मंजिल मिल गई है तथा वह आजीवन टीएमयू से जुड़े रहेगे। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा इंडस्ट्रिज व कंपनियों की मांग के अनुसार बेहतरीन मैनेजमेंट प्रोफेशनल को तैयार करता आया है। श्री सीमेंट लिमिटेड जैसे प्रतिष्ठित ब्रॉडों का कैंपस में पधारना टिमिट / टीएमयू के लिए बड़े गर्व का विषय है। हमने अपने मैनेजमेंट कोर्स में उद्योग-उन्मुख एकीकृत पाठ्यक्रम उन पेशेवरों द्वारा राय लेकर डिजाइन किए हैं जो उद्योग का हिस्सा हैं और जानते हैं कि छात्रों को क्या पढ़ाया जाना चाहिए। ये पाठ्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि छात्र पेशेवर दुनिया में छाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना



मोहम्मद साकिब खान विशाल चौहान

चाहिये। सत्र 2025 में पासआउट दोनो छात्रों ने प्लसमेंट सैल व विश्वविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन व सपोर्ट की भूरि-भूरि प्रशंसा की व कहा कि टिमिट एमबीए के लिए सर्वोतम संस्थान है जहाँ से हर संभव मदद हमें मिली है। इस अवसर पर कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि० डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उत्तम प्लेसमेंट दिया जा रहा है।

# हावर्ड कान्वेंट स्कूल में ईद पर की प्रेम और सौहार्द की मिसाल कायम

**कांठ( शाह टाइम्स )** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में होने वाली दैनिक प्रार्थना के साथ किया गया। जिसके अंतर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शिक्षिका सुफिया नसीम के नेतृत्व में हुए फैंसी ड्रेस कंपटीशन में कक्षा दो ब से मोहम्मद अरहान प्रथम, एल के जी ब से हादिया द्वितीय और एल के जी ब से ही सिदरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, शिक्षिका फरहीन फातिमा के नेतृत्व में हुए निबंध लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 7 से अरशीन इशरत ने प्रथम, कक्षा 6 से नमरा काशिफ ने द्वितीय और कक्षा 7 से जुनेरा अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, शिक्षिका फरहीन मिस्बा के नेतृत्व में हुए कार्ड मेकिंग कंपटीशन में कक्षा पांच से आलिया परवीन ने प्रथम ,अलीशा ने द्वितीय और दिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि ईद उल फितर का त्यौहार आपसी प्रेम का प्रतीक है इसलिए हम सबको यह त्यौहार प्रेम , सद्भाव, और सम्भाव के साथ मनाना चाहिए। दीपेश सिंह एवं रेनू बिश्नोई ने सभी को ईद उल फितर पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।




## एक नजर

### अधिवक्ता परिषद ब्रज ने स्वाध्याय मंडल की बैठक

**चन्दौसी।** अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल के स्वाध्याय मंडल की बैठक बार रूम सभागार चंदौसी में आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता विभोर कुमार बंसल एड. ने आयकर अधिनियम के अंतर्गत अधिवक्ता अपनी आयकर विवरणी कैसे दाखिल करें, इस विषय पर




बताया कि प्रत्येक व्यक्ति जिसकी आय तीन लाख रुपये से अधिक है तो अपनी विवरणी दाखिल करना आवश्यक है। पूंजीगत आय के विषय में बताया कि जो अधिवक्ता प्रॉपर्टी खरीदने बेचने का कार्य अपने नाम से करते वह व्यापार की श्रेणी में आता है और सुप्रीम कोर्ट ऐसे कार्यों पर रोक लगाई है। अपनी विवरणी दाखिल करते समय अपनी व्यवसाय से आय, संपत्ति से आय, ब्याज से आय को भी शामिल करना चाहिए। बैठक में राजीव शर्मा, प्रवीन गुप्ता, विष्णु शर्मा, अमरीश अग्रवाल, सुनील कुमार, आशीष अग्रवाल, आकाश मिश्र, अजय श्रीधर, अजय कुमार, ललित कुमार, अभिलाष शुक्ला, यशपाल, गौरव, रिंकी एवं मनीष पांडे (अधिवक्ता उच्च न्यायालय) उपस्थित रहे।

### सनातन नववर्ष की पूर्व संध्या पर निकाली गई शोभायात्रा

**चन्दौसी।** सनातन सेवक संघ के तत्वाधान में शनिवार को चौत्र शुक्ल प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर सनातन नववर्ष के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ भारत माता के स्वरुप के समक्ष कपिल गुप्ता, अखिलेश खिलाड़ी, विवेक नागपुर, अंशुल टनाटन आदि द्वारा आरती कर किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे डीजे पर नववर्ष के गीतों पर थिरकते हुए श्रद्धालु चल रहें थे। उसके बाद प्रथम झाँकी भारत माता की, द्वितीय झांकी प्रभु पुष्पक विमान की रही, उसके बाद इस्कॉन का संकीर्तन रहा, जिसके मनमोहक कीर्तन पर आमजन थिरकने को विवश नजर आ रहें थे। इसके उपरांत मातृशक्ति की कलश यात्रा में बढ़चढ़ कर सहभागिता रही, अंत में मां दुर्गा की मूर्ति रथ पर विराजमान थी। शोभायात्रा सीतारोड स्थित श्रीरघुनाथ आश्रम से प्रारंभ होकर मनिहार चौक, बिसौली गेट, पुरानी पैठ, बड़ा बाजार, घंटाघर, फाड़याई बाजार, ब्रह्मबाजार, कैथल गेट होते श्रीराधाकृष्ण मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा





के दौरान आमजन एवं व्यापारियों ने पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, जलपान एवं भारत माता के स्वरूप की आरती कर स्वागत किया। शोभायात्रा में इस्कॉन के कलाकारों के भजनों पर भक्तो ने भरपूर आनंद लिया। नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस शोभायात्रा का सभी भक्तो ने भरपूर आनंद लिया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से अमित अग्रवाल, राजीव सक्सेना, विकास सनातनी, राखी, मोक्षिका, कुमोद अग्रवाल, अनिता शर्मा, रुचि अग्रवाल, सिम्मी, हेमलता गुप्ता, अंशिका, नीता सक्सेना, कावेरी, नीलम अरोरा, दुर्गा, मुदित गर्ग, निकुंज शर्मा, अभिनव राज, सी०पी० गुप्ता, प्रदीप बूरा, रवि आईटीसी, डॉ० दिशांत, शशिकांत, अंशुल गोयल, डॉ० सिद्धार्थ सिंघल, अमन अग्रवाल, सुदीप अग्रवाल, तुषार वार्ष्णेय, दुष्यंत, अनुराग, यश, ब्रह्मांश, आकाश वार्ष्णेय इत्यादि उपस्थित रहे।

### अक्रूरजी महाराज की जयंती मनाए जाने को लेकर की चर्चा

**चन्दौसी।** श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन् द्वारा शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 11 अप्रैल को अक्रूरजी महाराजजी की भव्य शोभयात्रा निकाले जाने को चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता अखिलेश खिलाड़ी ने की एवं संचालन प्रभात कृष्णा ने किया। अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस बार भी भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। शोभायात्रा से पहले सुबह ०७ बजे अक्रूरजी महाराज की कैथल गेट स्थित मंदिर में भव्य आरती का भी आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा में अक्रूरजी महाराज के स्वरूप व अन्य झांकियों का संचालन होगा। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार से अपील की गई कि ११ अप्रैल को अक्रूर महाराज की जन्यती पर अवकाश घोषित किया जाए। भुवनेश वार्ष्णेय ने नगरपालिका से मांग की कि नगर में अक्रूरजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाये। इस दौरान देवेन्द्र मोनू, मंतेश वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, अमित चौधरी, प्रमोद गुरु, सुशील वार्ष्णेय, विनेश वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, विपिन बालाजी, सुभाष भोलेनाथ, कौशल किशोर, चिराग फैंसी, आकाश गिरधर, अनीश चर्चिल, कार्तिक, गोपाल, ऋतिक, हेमंत, विकास, अरविंद एमडीएच आदि मौजूद रहे।

# एआई , एआर और वीएलई शिक्षण में वरदान: प्रो. यशपाल

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में इनोवेटिव इन्क्लूसिव प्रैक्टिसेज फॉर इफेक्टिव टीचिंग-लर्निंग पर अतिथि व्याख्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली के एजुकेशन एक्सपर्ट प्रो. यशपाल सिंह का मानना है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता- एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी- एआर और वर्चुअल लर्निंग एनवायरनमेंट्स- वीएलई जैसे उपकरण शिक्षण को अधिक प्रभावी और समावेशी बना सकते हैं। उन्होंने समता और समानता के मूलभूत सिद्धांतों को विस्तृत उदाहरणों के माध्यम से समझाया। प्रो. सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में इनोवेटिव इन्क्लूसिव प्रैक्टिसेज फॉर इफेक्टिव टीचिंग-लर्निंग पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व अतिथि वक्ता प्रो. यशपाल सिंह, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके गेस्ट लेक्चर का शुभारम्भ किया। प्राचार्य डॉ. विनोद जैन बोले, ऐसे सारगर्भित व्याख्यानों के जरिए शिक्षकों और छात्रों को नई शैक्षणिक दृष्टि मिलती है। मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

अंत में फैकल्टी डॉ. नाहीदा बी. ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। प्रो. यशपाल सिंह ने समावेशी शिक्षा के चार महत्वपूर्ण पहलुओं- बहिष्करण, पृथक्करण, एकीकरण और समावेशन पर विशेष जोर देते हुए कहा, एक प्रभावी शिक्षक को कक्षा में उपस्थित विविधता को ध्यान में रखते हुए शिक्षण प्रक्रिया को अनुकूल बनाना चाहिए। समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल टूल्स और टेक्नोलॉजी- संचालित शिक्षण पर भी चर्चा करते हुए कहा, सहकर्मी




सहयोग और समूह शिक्षण से सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक और प्रभावी होती है। व्यक्तिगत शिक्षण योजना- आईईपी प्रत्येक छात्र की आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रम को ढालने की आवश्यकता पर बल दिया। गेस्ट लेक्चर में शिक्षा संकाय की फैकल्टीज- डॉ. पूनम चौहान, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. शशि रंजन, डॉ. पावस कुमार मंडल, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. शैफाली जैन, श्री धर्मेंद्र सिंह के संग-संग एमएड, बीएड बीएबीएड- इंटीग्रेटेड, बीएलएड के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# फर्जी आदेश चढ़ते ही तहसील में मचा हड़कंप

## कूटरचित दस्तावेजों का लिया सहारा

**चन्दौसी।** फर्जीवाड़ा करने वालों के हाथ कितने लंबे हैं, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। कूट रचित दस्तावेजों के सहारे राई से पर्वत करना आम बात है। असली मालिक नकली और नकली असली बन जाता है। यह सब कम्प्यूटर का जमाना है, कहीं कुछ हो सकता है। शनिवार को उस समय तहसील में अच्छा खासा हंगामा हो गया, जब फर्जी परवाना तहसील कर्मचारियों ने जारी कर आदेश भी अंकित कर दिया। उस आदेश का पता तब चला जब वास्तविक मालिक ने खतौनी निकाली। यहां बताते चलें कि मऊ अस्सू में खाता सं० 00422 तहसील चन्दौसी में गाटा सं० 330 ( 116195033000001 दिनेश कुमार का 0.0088, 0.0089, ०.0355, 0.0710, 0.001 ) में एक कूटरचित परवाने से भगवंती पत्नी स्व. मुरारीलाल नि० मौलागढ़ दर्ज हो गया जबकि विनय कुमार शर्मा का मानना है कि यह नाम कूटरचित दस्तावेजों के सहारे डलवाये हैं। इस प्रकरण में तहसीलकर्मी भी मिले हैं। भगवंती, सुनील, पुष्पा आदि ने मु.अ.सं० 069/2025 थाना बनियाठेर में फर्जी तरीके से जेल भेजने के लिए कूटरचना कर छल कपट तरीके से तहसील चन्दौसी में भगवंती का नाम संतोष कुमार द्वारा कराया गया जिसको मौके पर तहसील अधिकारियों ने तलब किया और उक्त कृत्य के बारे में जानकारी ली लेकिन सभी जालसाज कोई संतोषजनक जबाव नहीं दे पाये। वहीं पीडिघ्त को बुरा परिणाम भुगतने की धमकी देते चले गये।

वहीं पूरी घटनाक्रम से जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया जिससे जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही हो सके। इस संबंध में तहसीलदार चन्दौसी ने बताया कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है। परवाने का अवलोकन कर जांच के लिए उपजिलाधिकारी को भेज दिया गया है। मामले की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आयेगी।

# नगरपालिका परिषद् ने की बोर्ड की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को नगरपालिका परिषद् चन्दौसी द्वारा स्वास्थ्य विभाग में नगरपालिका बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी/ उपजिलाधिकारी चन्दौसी निधि पटेल द्वारा पहुंचकर कोरम पूरा करते हुए शुरु कराई गई। बैठक में नगरपालिका चन्दौसी क्षेत्र में विभिन्न एजेन्डों पर बातचीत की गई जिसमें नगर के विभिन्न कार्ययोजना स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। यहां बताते चलें कि बैठक में सभी सभासद बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचे। सभासदों ने पिछले कार्यों के संबंध में अवगत कराया क्योंकि एजेण्डा उन्हें २४ घंटे पूर्व मिला है जबकि चार-पांच दिन पहले पहुंच जाना चाहिए। रेंट विभाग के प्रस्ताव सर्किल रेट जलकल विभाग के प्रस्ताव जलकल व्यवस्था हेतु बनाये रखने हेतु नगरपालिका क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था के संबंध में वर्णित सामग्री के संबंध में विभिन्न एजेन्डों पर चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2025-25 में प्रस्तावित आय- व्यय, प्रस्तावित अवशेष के बारे में चर्चा की गयी।




लगभग दो घंटे चली बैठक में कुछ बिंदुओं पर असहमति हुयी। बाकी सभी एजेन्डे पास कर दिये गये। गर्मी के मौसम में पानी की व्यवस्था आदि पर बोर्ड बैठक में विस्तृत रुप से चर्चा की गयी। ग्रीष्मकाल में स्प्रे वार्डों में कराने हेतु लगभग 36 मशीन स्प्रे मशीनों पर होने वाली व्यय धनराशि मरम्मत सहित आदि एजेण्डों पर चर्चा हुई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय, कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी/ उपजिलाधिकारी चन्दौसी निधि पटेल, जेई अनुज कुमार, एसएफसी सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, प्रभाकर गुप्ता, राजू, अवनेश कुमार व सभासद कपिल कुमार, निशांत शर्मा, मेघा गुप्ता, कोमल रानी, रीना, अमन कोली, उर्मिला, हरीश अरोरा, शिव कुमार, ममता, विमलेश, कुमारी निदा खान, तरुण कुमार गुप्ता, रुक्साना बेगम, लो अग्रवाल, दरख्शा खातून, परवीन जहां, सचिन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में घोषित हुआ परीक्षा परिणाम

**चन्दौसी।** शनिवार को नगर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश विद्यालयों में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नगर के ए.एम. वर्ल्ड स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम पाकर छात्र प्रसन्न हो उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रमाणपत्र व पुरस्कार वितरित किये गये। इस दौरान शिक्षकगण के साथ अभिभावक उपस्थित रहे। नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन द्वारा कक्षा 01 से 11 तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। सभी कक्षाओं में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के सम्बद्ध प्राइमरी प्रभाग में कार्यरत अध्यापिका नहीद जमाल 37 वर्षों की संतोषजनक सेवा करने के पश्चात् सेवानिवृति पर विद्यालय के स्टाफ ने उन्हें फूल मालाऐं देकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान मौ. हनीफ, अब्दुल जाहिद, वाहिद हुसैन, सलमान अहमद, मोहम्मद नाजिघ्र, सैयद अली आसिम, हुमायूं शमसी, रिजवान अहमद खान, अख्तर अंसारी, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद गौस, शाजिया खानम, मेहजबी,



भावना गुप्ता, राशि त्यागी, राहुल मधुकर, अनवर परवेज अंसारी, रोशन सलीम, अकील अहमद, नाजिघ्र हुसैन, जमील अहमद, शबाब अली, मोहम्मद सुब्हान, जुघ्बेर आलम, जावेद आलम, अनुराग सिंह, पंकज बहुखंडी, कमरुद्दीन, अब्दुल शारिक आदि सभी स्टाफ उपस्थित रहा। पथरा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा फल की घोषणा प्रवीन कुमार द्वारा की गई। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल संचालक महानंदन गौतम एवं प्रधानाचार्य आशा गोस्वामी, समस्त स्टाफ एवं अभिभावकों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर नीरज शर्मा, सत्येंद्र सिंह, प्रवीन कुमार, सत्यपाल सिंह, शिवगणेश शर्मा, रमन शर्मा, रंजीत कुमार, सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल, आभा रानी, योगेश, शालू, आरती सिंह, रेशमा, सुशीला, क्षमता, रंजीत कौर, कमलजीत कौर, सोनी शर्मा, दुर्गेशनंदिनी, इशिका, गीता आदि उपस्थित रहीं। ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रन एकेडमी चंदौसी में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि प्रतिभा चौधरी (प्रदेश महासचिव वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति उ.प्र.), डॉ. दुर्गा टंडन (कवियत्री), सुधा शर्मा (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, साक्षी सेवा समिति उ.प्र.), अभिषेक गुप्ता द्वारा मां शारदे सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। समारोह में सत्र 2024-2025 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया।

इस दौरान विद्यालय प्रबंधक एड. अंकित वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, पीयूष कुमार वार्ष्णेय, फरहीन, मन्तशा, पूर्णिमा, खुशी रस्तोगी, दिशा ठाकुर, एकता, मुस्कान, सेजल आदि का सहयोग रहा।

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, मुरादाबाद**

पत्रांक : 480/सं.प्र.-मुरादाबाद दिनांक 29.03.2025

**सर्वसाधारण की सूचना**

परिषद की बुद्धि विहार योजना मुरादाबाद स्थित दुर्बल आय वर्ग भवन सं० 4बी/315 का आवंटन प्रदेशन-पत्र सं०-2942/सं०प्र०/ दिनांक 26.08.1995 द्वारा श्री भोला नाथ सिंह पुत्र स्व० श्री देव नाथ सिंह के पक्ष में हुआ था। आवंटी ने इस कार्यालय से दिनांक 06.03.1998 को किराया किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 18.03.1998 को खण्ड कार्यालय से भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया मूल आंवटी द्वारा दिनांक 05.12.2002 को उक्त भवन का मुख्तारेआम श्रीमती रेखा अरोड़ा पत्नी श्री राकेश अरोड़ा को नियुक्त कर दिया गया अब मुख्तोरआम श्रीमती रेखा अरोडा द्वारा अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 25.03.2025 के द्वारा दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या, 4बी/315 बुद्धि विहार योजना मुरादाबाद को मुखतारेआम के आधार पर मूल आवंटी श्री भोलानाथ सिंह पुत्र स्व० श्री देव नाथ सिंह के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादन हेतु औपचारिकताएं पूर्ण करते हुयेप्रपत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि इस विक्रय विलेख के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वैध कारणो/साक्ष्य सहित से इस सूचना प्रकाशन के 21 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में प्राप्त करा सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चत् कोई क्लेम आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा परिषद नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सम्पत्ति-प्रबन्धक**

**कार्यालय ग्राम पंचायत पाडला**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 29.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत पाडला में मनरेगा योजनान्तर्गत शमशान घाट से पक्की रोड तक सीसी टाईल्स ओर दीवार निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 20.04.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/ एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शमशान घाट से पक्की रोड तक सीसी टाईल्स ओर दीवार निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, ईट, बजरी, सरिया सीसी टाईल्स आदि। | 750670 | 15013 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-पाडला**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी ( न्यायिक ) महोदय, कांठ जनपद-मुरादाबाद।**
**वाद सं. :** टी-202413540608526
धारा-116 उ.प्र.राज्य सरकार 2006
**ग्राम-खेमपुर सैफुल्लापुर**
**तारीख पेशी:** 07.04.2025

1. बलराज सिंह व रूप वसंत पुत्रगण भोजराम व सोमती पत्नी भोजराम निवासी गण खेमपुर सैफुल्लापुर (गावड़ी) पोस्ट व तह. कांठ, जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**

**बनाम**

1. अमित कुमार पुत्र यादराम, 2. कु. राधा पुत्री यादराम, 3. श्रीमती रेखा देवी पत्नी यादराम, 4. कमल सिंह पुत्र फूल सिंह, 5. नन्दराम पुत्र फूल सिंह, 6. श्रीमती नथिया पत्नी फूल सिंह, 7. कु. प्रीति पुत्री होरी सिंह, 8. बंटी पुत्र होरी सिंह, 9. मनोज पुत्र होरी सिंह, 10 चन्द्रवती पत्नी होरी सिंह, 11. नन्दराम पुत्र उदल सिंह, 12. महेन्द्र सिंह पुत्र करन सिंह, 13. रमेश सिंह पुत्र करन सिंह, 14. सर्वेश कुमार पुत्र करन सिंह, 15. श्रीमती तारावती पत्नी करन सिंह, 16. मंगल पुत्र पातीराम, 17.वीर सिंह पुत्र पातीराम, 18.रामलाल पुत्र हेत. राम, 19. खेम सिंह पुत्र उदल, 20 शीशपाल सिंह पुत्र उदल सिंह, 21. सतीश सिंह पुत्र उदल सिंह, 22. अमन ना.वा. आयु 13 वर्ष पुत्र राकेश कुमार संरक्षक जिला जज महोदय मुरादाबाद, 23. अरूण कुमार ना. वा. आयु 9 वर्ष राकेश कुमार संरक्षक जिला जज महोदय मुरादाबाद समस्त निवासीगण ग्राम खेमपुर सैफुल्लापुर (गांवड़ी) पोस्ट व तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 04के दिवस 07 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 03 के दिवस 28 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**उपजिलाधिकारी ( न्यायिक )**
**तहसील कांठ, मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बार काउंसलिंग आफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी अधिवक्ता पंजीकरण प्रमाण पत्र /एडवोकेट एनरोलमेंट प्रमाण पत्र कचहरी परिसर मुरादाबाद में कहीं गिर गया है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। जिसका उपयोग अवैधानिक होगा।

**सुरेश सिंह पुत्र देवराज सिंह एनरोलमेंट नंबर- UP6266/16 निवासी ग्राम बहोरनपुर कला, थाना भगतपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अनिल कुमार नशे का आदी हो गया है। मेरा कहा सुना भी नहीं मानता है। अनिल के इस कार्य में उसकी पत्नी प्रगति तथा पुत्र कुनाल भी सहयोग करते हैं। गलत संगत में पड़ने के कारण मैं अपने पुत्र अनिल उसकी पत्नी प्रगति तथा पौत्र कुनाल से सभी संबंध समाप्त करता हूं। भविष्य में मेरा तथा मेरे परिवार का इनसे कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

**धर्मपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय हीरा सिंह, ग्राम अकबरपुर आशा उर्फ हरौली पोस्ट राजा का ताजपुर थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामूवाला गणेश**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 29.03.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रामूवाला गणेश में मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 20.04.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.00 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/ एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन रोड से गजेन्द्र सिंह की दुकान तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, ईट, बजरी, सीसी टाईल्स आदि। | 195259 | 3906 | 250/- | 3 माह |
| 2 | सुनील के घर से दलजीत बाया नरेश सिंह तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेता, ईट, बजरी, सीसी टाईल्स आदि। | 510500/- | 10210 | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रामूवाला गणेश**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# कार अनियंत्रित होकर खाई में पलटी, बीटेक छात्र की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** सामने से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने कार में टक्कर मार दी। कार अनियंत्रित हो पेड़ से टकराकर खाई में पलट गई। कार में सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना देकर घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला। दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सको ने रजत कुमार को मृतक घोषित कर दिया। जबकि उसके चचेरे भाई योगेश का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना डिलारी के गांव करनपुर निवासी 23 वर्षीय रजत कुमार पुत्र घनश्याम सिंह व मृतक का चचेरा भाई योगेश पुत्र विजय सिंह अपनी कार से किसी काम के लिए उत्तराखंड के जसपुर मे अपने रिश्तेदार के यहां मिलने गए थे शुक्रवार की रात्रि 11:30 बजे के आसपास दोनों भाई कार से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान यूपी में उत्तराखंड के बॉर्डर पर स्थित ठाकुरद्वारा जसपुर मार्ग पर मस्तलीपुर गांव के निकट सामने से तेज रफ्तार अज्ञात तेज रफ्तार वाहन चालक ने सामने आ रही कार में टक्कर मार दी। कार में टक्कर लगते ही कार अनियंत्रित हो पेड़ से टकराते हुए खाई में पलट गई। जिसमें रजत कुमार व उसका चचेरा भाई योगेश कुमार गंभीर रूप सेघायल हो गए। उनकी चीख पुकार पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दे कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकाला। पुलिस भी मौके पर पहुंची तत्काल दोनों घायलों को उपचार के लिए ठाकुरद्वारा सामुदायिक



स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सको ने 23 वर्षीय रजत को मृतक घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहरा मच गया। परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंचे।

मृतक रजत बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्रथा। जवान बेटे का शव देख पिता बेहोश हो गए। बताया कि इकलौता वेटा था। बहन अंशु व रुबि का रोते बिलखते बुरा हाल था।



मृतक अविवाहित था। मृतक की मां कुसुम लता काफी समय से कोमे की स्थिति में चल रही है।

परिजनो ने पंचनामा भरवा कर बिना पोस्टमार्टम के शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया।

## वार्षिक उत्सव में महाराजा शूरसेन के बच्चे सम्मानित

कांठ(शाह टाइम्स) महाराजा शूरसैन इण्टर कॉलेज मघपुरी इनायतपुरी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि एड. लाखन सिंह सैनी तथा विशिष्ट अतिथि शिप्रा दीक्षित एवं सदस्य जिला पंचायत विनोद कुमार, कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि सी पी लक्खा रहे। इण्टर मीडिएट के टॉपर छात्र सोहित कुमार के 94 प्रतिशत अंक पाने पर छात्र सोहित कुमार एवं उनके पिता यशपाल सिंह को सम्मानित किया गया। गृह परीक्षा कक्षा 6, कक्षा 7, कक्षा 8, कक्षा,9 कक्षा 11 का भी परिणाम घोषित किया गया और अंक पत्र वितरित किए गए। अपनी अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी स्मृति चिह्न, मेडल एवं पुरस्कार आदि देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक एड. अजब सिंह सैनी, संचालक उमेश कुमार, प्रधानाचार्य रेनू सैनी, प्रधान गुलजार अली,विनय विश्नोई, शिखा विश्नोई, अंजली गुप्ता, प्रियंका, लक्ष्मी कौर, शालू, लता, विमल कुमार, कैलाश चन्द, इंद्रसरण, हेतराम सिंह, मनोज आदि मौजूद रहे। संचालन रोहित कुमार और अध्यक्षता रमेश सिंह की रही।



## एक नजर

### अभियान को गति देने के लिए आठ वर्ष की उपलब्धि का किया पत्रक वितरण

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बिलारी ने सेवा सुरक्षा सुशासन के 8 वर्ष का उत्सव मनाते हुए पार्टी के अभियान को गति देने के लिए 8 वर्ष की उपलब्धि का पत्रक वितरण विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान के द्वारा सम्पर्क कर घर घर दिया। इस मौके पर गोपाल अंजान ने बताया मोदी योगी की डबल इंजन की सरकार में किसान, मजदूर, महिला सशक्तिकरण, व्यापारी सहित, सभी वर्गों के लिए सरकार ने काम किया। जनता मोदी,योगी को स्वीकार कर रही है इसलिए कार्यकर्ता, विधायक, सांसद, सरकार के मंत्री, सभी बूथ तक मोदी,योगी के कामों को लेकर जनता के बीच जा रहे है। घर घर संपर्क अभियान में मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट, पंकज चौहान,विश्वास यादव, श्रीकांत गुप्ता, मनोज ठाकुर, वीरपाल कोली, अजय ठाकुर, अमित मौर्य, अमित प्रजा. पति, मेघपाल सिंह, अभिषेक जैन, अर्जुन सक्सेना, उज्जवल गोयल, यश गुप्ता, निहाल सिंह, गिरीश बाबू सभासद, अभिलाष गौड़, गोपाल यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उधार देने से मना करने पर मारपीट कर किया घायल

कांठ(शाह टाइम्स) छजलैट थाने के गांव मल्हपुर निवासी शुभम गुप्ता पुत्र सर्वेश गुप्ता का कहना है कि वह गांव मे परचून की दुकान चलाता है। तथा मिनी बैंक भी संचालित करता है। 27 मार्च को रात्रि 09.45 पर गांव के शुभ उर्फ हनी पुत्र नेमपाल सिंह व शुभम पुत्र विजयपाल सिंह आये और पैसे और सामान उधार मांगने लगे दोनो ने शराब पी रखी थी उसने सामान और पैसे देने से मना कर दिया जिस पर दोनो ने मार-पीट शुरु कर दी मारपीट में उसके सिर में कडे से चोट आई। पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### गाली देने से मना करने पर महिला को पीटा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** छजलैट थाने के गांव रसूलपुर निवासी शायदा पत्नी शमीम का आरोप था कि २८ मार्च की दोपहर करीब २ बजे मै वह घर मे अकेली थी तभी गांव के खुर्शीद पुत्र सपीक, सबाबुल पुत्र सपीक, रिहान पुत्र कलुआ आए और गन्दी -२ गालिया देने लगे। गाली देने को मना किया तो तीनो पकडकर मारने पीटने लगे। खुर्शीद व रिहान पर छुरी थी शोर मचाया तो गांव वालो ने आकर बचाया। महिला थाने पहुंची और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### हिंदू ओबीसी के अधिकारों पर डाका डालकर मुसलमानों को देना स्वीकार नहीं: विहिप नेता डॉ. राजकमल गुप्ता

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजकमल गुप्ता ने बताया कि कर्नाटक सरकार द्वारा सरकारी ठेकों में मुसलमानों को 4% आरक्षण देने के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए इसे असंवैधानिक, तुष्टिकरण की पराकाष्ठा और पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक में भाग ले रहे विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री श्री बजरंग बागड़ा ने आज कहा कि कर्नाटक की वर्तमान सरकार अनेक प्रकार से मुस्लिम तुष्टिकरण के अभियान में लिप्त है जो हिंदू समाज के प्रति उसकी घृणा और निम्न सोच का परिणाम है।

श्री बागड़ा ने कहा कि 4% का मुस्लिम आरक्षण हिंदू ओ बी सी के कोटे से छीन कर दिया गया है जो हिंदू ओ बी सी के संवैधानिक अधिकारों पर डाका डालने जैसा है और परिषद इसे स्वीकार नहीं करती। परिषद् इस निर्णय को प्रभावी बनने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## नवसंवत्सर अग्नि की तरह निरंतर गतिमान है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर नव संवत्सर (चौत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय उत्सव का आयोजन आज प्रारंभ हुआ। उत्सव के प्रथम सत्र के प्रारम्भ में आचार्य अनुज शास्त्री (देहरादून) ने डा अभय श्रोत्रिय -मीरा सोती, निर्मल आर्य -प्रीता आर्य,सतीश मदान -अरुणा मदान ,विनोद कुमार गुप्ता- ममता गुप्ता, शेखर गुप्ता -आशु गुप्ता,राजेश नारंग -प्रभा नारंग की यज्ञ मानी वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया। तत्पश्चात आचार्य अशोक कुमार आर्य ने परम् पिता परमात्मा की सृष्टि रचना और उसकी जीवों पर दया से सम्बंधित भावनात्मक भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर आचार्य अनुज शास्त्री ने बताया कि परमपिता परमात्मा ने चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को सृष्टि की रचना की। रचना वहीं करता है जिसके पास कुछ बनाने की सामग्री और उस सामग्री से बनाने का ज्ञान हो। सृष्टि की रचना में प्रकृति रूपी सामग्री से इस सृष्टि की रचना हुई। परमपिता परमात्मा में ही ऐसा सामर्थ्य है जो समस्त भूमण्डल,द्युलोक ओर अंतरिक्ष लोक का निर्माण करके उसको धारण करता है तथा संचालन भी करता है। परमपिता की सृष्टि रचना जो चार अरब बत्तीस करोड़ वर्ष की होती है और उतनी ही अहोरात्र अर्थात प्रलय काल का समय होता है। दिन के बाद रात्रि और रात्रि के बाद दिन,वर्ष, सदी, युग आदि की निरंतरता की गति ही संवत्सर है। जिस प्रकार यज्ञ की अग्नि निरंतरता ऊपर को उर्ध्वगामी रहती है उसी प्रकार संवत्सर की गति भी सदैव निरंतरता को बनाए रखती है। यज्ञ परमपिता परमात्मा की श्रेष्ठ कृति



है। इस अवसर पर अरबिंद आर्यबंधु वी के अग्रवाल,डा राम मुनि, विजय नंदन, अखिलेश रस्तोगी,ऊषा गुप्ता, रमाशंकर आर्य, ऋषिपाल सिंह यादव, अजब सिंह आर्य, लोकेश आर्य,प्रज्ञाशु आर्य, संदीप त्रिवेदी सुदेश आर्य वीरेंद्र आर्य,खुशबू आर्य, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## प्रिंस शर्मा ने मेधावी बच्चों को सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

**कांठ।** हन्दू फ्रीडम फण्ड के संस्थापक पंडित प्रिंस शर्मा, व डायरेक्टर मुकुल शर्मा ने एस ए ए सीनियर सेकेंड्री स्कूल उमरी कलां मैं मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर मेधावी बच्चों को रिपोर्ट कार्ड, मैडल व स्मिर्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल के संस्थापक रईस अहमद ने प्रिंस शर्मा को स्कूल का भ्रमण कराया और डिजिटल बोर्ड, डिजिटल शिक्षा के प्रबंध के बारे में जानकारी दी। रईस अहमद ने बताया की स्कूल में ऐसी ऐसी सुबिधा दी जाएंगी जो आस पास के स्कूल में नहीं है। उन्होंने स्कूल के स्टॉफ की तारीफ की और कहा कि वह स्कूल को जिले का नंबर वन स्कूल बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसरा पर बच्चों के माता पिता, स्कूल स्टॉफ, डायरेक्टर शामिमूल हसन,डायरेक्ट शमशीद अहमद,प्रिंसिपल काड्रिंक फोकम, कोर्डिनेटर, सोफिया सारीक, अनमोल शर्मा, अमित शर्मा, भूरा जाटव इत्यादि उपस्थित रहे।




## किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**कुंदरकी।** कक्षा 6 ए- बुशरा प्रथम स्थान, वजीहा दूसरा स्थान, आलीशान तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 बी- ज्योति प्रथम स्थान, शिफा दूसरा स्थान, अलशिफ तीसरा स्थान। कक्षा 7 ए - अफिया प्रथम स्थान, फरहीन दूसरा स्थान , जुबैर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 बी- अंशिका ने प्रथम स्थान, विनीत दूसरा स्थान,मनीषा सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 ए- गौरी ने प्रथम स्थान, सुवालेहा ने दूसरा स्थान, मोहम्मद अरबाज ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 8 बी- इंशा ने प्रथम स्थान, सिद्धरा ने दूसरा स्थान, अर्शी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 ए- रोहिणी प्रथम स्थान, शेरिन फातिमा दूसरा स्थान, वंशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 बी- फैजुल रहमान प्रथम स्थान, देवांश उपाध्याय दूसरा स्थान, मो० आमिल तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 सी- शाफिया ने प्रथम स्थान, कनीज फातिमा ने दूसरा स्थान, उमेरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 ए- अलशीफा प्रथम स्थान, अर्शी ने




दूसरा स्थान, सुनेबा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 बी- सृष्टि प्रथम स्थान, अलशिफा दूसरा स्थान, मव उवैस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 सी - आजमी जहरा ने प्रथम स्थान, दीक्षा ने दूसरा स्थान, गजाला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 डी- अमित ने प्रथम स्थान, नीतीश कुमार ने दूसरा स्थान, शान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। किसान इंग्लिश मीडियम से अलशीफ कक्षा 11की छात्रा ने टॉप किया। किसान हिंदी मीडियम में फैजुल रहमान ने अधिकतम अंक पाकर कॉलेज टॉप किया। इस मौके पर किसान पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक एडवोकेट आरिफ पाशा ने छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कविता की कुछ पंक्तियां कही- लहरों से डरकर नौका कभी पार नहीं होती,मेहनत करने वालो की कभी हार नही होती।कॉलेज में आए मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन युवा के प्रदेश प्रभारी श्री शुभम राठी ने छात्र छात्राओं को कामयाबी के मंत्र बताए। उन्होंने कहा की छात्र जीवन एक अनमोल धरोहर है आप इस उम्र में सही दिशा और सही लक्ष्य कि ओर बढ़ते रहे अपने जीवन में अभी लक्ष्य को निर्धारित करके शिक्षा ग्रहण करें और अपने परिवार जनों के स्वप्न को साकार करें प्रोग्राम का संचालन कॉलेज कॉर्डिनेटर/ शिक्षिका लुबना सय्यद ने किया। इस मौके और कॉलेज के उप प्रबंधक आसिफ इकबाल एड सहप्रशासक इंतेखाब आलम कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंबर रजा, इंचार्ज अंग्रेजी माध्यम रियासत उल्लाह , वरिष्ठ अध्यापक जितेंद्र राठी, जगदीश राजन, अमर सिंह सरफराज अली, नदीम अहमद , अरकान अली, कमर अली ,नर्गिस इरफान,सोनम कुरेशी,रुखसार फरीदी,भावना, शहरीन खान, नाजिया, जोहा,सानिया कुरेशी, गुलनाज खान,फरहीन ,आदि स्टाफ का सहयोग रहा। प्रोग्राम के अंत में कॉलेज प्रशासक एडवोकेट आरिफ पाशा ने सभी अध्यापकों अध्यापिकाओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## वार्षिकोत्सव के दौरान लघु नाटक प्रस्तुत कर छात्रों ने मोहा मन

**ठाकुरद्वारा।** विकास खण्ड डिलारी के उच्च प्राथमिक विद्यालय इग्राह कंपोजिट में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन मां सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया हुआ। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कुलदीप कुमार द्वारा ग्राम प्रधान प्रति. निधि अमर सिंह ,एआरपी सामाजिक विज्ञान जितेंद्र कुमार, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह, ब्लॉक मंत्री आलोक कुमार मलिक तथा उपस्थित सभी अतिथियों का चंदन का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न ज्ञानवर्धक लघु नाटिका, देश भक्ति गीत, संगीतमय योग, अनेक प्रेरक प्रसंग आदि प्रस्तुत किए गए। एआरपी जितेंद्र कुमार द्वारा बच्चों को और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के अध्यापक प्रेमपाल सिंह, आलोक कुमार,रूबी शर्मा, कौशल कुमार शर्मा, मीनाक्षी, शिखा रानी , शवाना परवीन आदि के द्वारा बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और अधिक से अधिक बच्चों का नवीन नामांकन कराने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष राजीव कुमार यादव, वर्तमान अध्यक्ष ज्योति रानी, अशफाक हुसैन ,प्रेम सिंह ,हरि सिंह, राजकुमार ,योगेंद्र पाल सिंह, मनोज कुमार, चंद्रपाल सिंह, कुसुम लता आंगनवाड़ी, प्रीति यादव, हिमांशु, अनुज, विनय कुमार, दीपू सिंह, सेफ राजा , अंशिका, यश जड़वाल, प्रियांक जडवाल, अजय सिंह, कार्तिक कुमार ,अवनी, रितिका , हुसैन, रीवा , मो. रिहान आदि उपस्थित रहे।



## नगर निगम मुरादाबाद की कान्हा गोशाला की दिव्य हवन सामग्री को मिला शानदार समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम मुरादाबाद की कान्हा गौशाला में 750 गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। गौशाला में गो-सेवा को बढ़ावा देने और गो-उत्पादों के समुचित उपयोग हेतु 2023 की दीपावली से दिव्य हवन सामग्री का निर्माण प्रारंभ किया गया था। शुरुआत दीपक निर्माण से हुई थी, जिसे अब विस्तृत रूप दिया गया है। **हवन सामग्री: निर्माण और उपलब्धता**-गौशाला में कार्यरत कर्मचारी विशेष विधि से इस दिव्य हवन सामग्री का निर्माण कर रहे हैं। यह सामग्री कान्हा गौशाला के ष्पंचगव्य पवित्र गौ-उत्पाद पूजा सामग्री केंद्रष्से 251 (गौ सेवा संकल्प) के मूल्य पर खरीदी जा सकती है। **हवन सामग्री के उपयोग एवं विशेषताएँ**-इस हवन सामग्री में एक विशेष रूप से निर्मित मिट्टी का कुंदेदार दीपक होता है, जिसके ऊपर गोबर से बना दीपक रखा जाता है। इसमें विशिष्ट हवन सामग्री भरी जाती है और इसे प्रज्वलित कर घर में सुगंधित वातावरण और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जाता है।

**आर्थिक सफलता एवं उपलब्धियाँ**-होली एवं दीपावली के अवसर पर कान्हा गौशाला द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री से ६२,६०,००० तक की आय अर्जित की जा चुकी है। यह पहल गो-सेवा, स्वदेशी उत्पादों के प्रचार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**नवरात्रि पर्व पर विशेष पहल**-नगर निगम मुरादाबाद द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों जैसे काली माता मंदिर, कंपनी बाग पंचायत भवन के पास ष्पंचगव्य पवित्र गौ-उत्पाद पूजा सामग्री केंद्रष स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर गाय के गोबर से निर्मित दिव्य हवन किट, गौकाष्ठ, हवन की लकड़ी, दीपक और उपले जैसे उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं।

**गौ-काष्ठ भंडारण केंद्र की स्थापना**-मुरादाबाद के लोकोशेड, गुलाब बाड़ी, सी.एल. गुप्ता मोक्ष धाम सहित विभिन्न स्थानों पर गौ-काष्ठ भंडारण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अंतिम संस्कार में पारंपरिक लकड़ी के स्थान पर गौ-काष्ठ का उपयोग किया जा सकेगा, जिससे वृक्षों की कटाई में कमी आएगी और नगर निगम मुरादाबाद की कान्हा गौशाला आत्मनिर्भर बनेगी।

**दीप यज्ञ कृपा किट: हवन करने की विधि**-वंदे गौमातरम गौ-चेतना केंद्र द्वारा निर्मित दीप यज्ञ कृपा किट को अपनाकर हवन की प्रक्रिया अत्यंत सरल हो जाती है। मिट्टी के यज्ञ कुण्ड में रूई की बाती रखें। घी डालकर दीपक की तरह जलाएं। पंचदेव के नाम से पांच आहुति दें। गौमय दीपक को मिट्टी यज्ञ कुण्ड में स्टैंड पर रखें। कुछ ही क्षण में दीपक जलने लगेगा। गायत्री मंत्र के साथ आहुति दें। पूर्ण होने पर दीपक को पूरे घर में घुमाएं। ठंडी हुई यज्ञ भस्म को पौधों में डालें।

**हवन करने के लाभ**-गौ संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा। हवन की सबसे सरल एवं वैज्ञानिक विधि। न्यूनतम खर्च में अधिकतम लाभ, प्राकृतिक, केमिकल रहित सुगंधित वातावरण। हानिकारक रोगाणुओं का समूल नाश। सकारात्मक ऊर्जा का संचार। भस्म से मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि। लकड़ी की बचत एवं वृक्षों की रक्षा। पंचगव्य पवित्र गौ-उत्पाद पूजा सामग्री केंद्र, नगर निगम मुरादाबाद के सौजन्य से प्रदेश की प्रथम आईएसओ प्रमाणित कान्हा गौशाला में गोबर से निर्मित उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से: दीपयज्ञ किट उपला दीप हवन सामग्री गौकाष्ठ, नगर निगम मुरादाबाद की यह पहल गो-सेवा एवं स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है।

## श्री बालाजी शक्ति पीठ का मेहंदीपुर में बजा डंका, निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** जनपद मुरादाबाद की तहसील ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव रामपुर बलभद्र स्थित श्री बालाजी शक्तिपीठ द्वारा तीन दिवसीय मेहंद. ीपुर यात्रा के अंतिम दिन मेहंदीपुर बालाजी में भव्य शोभा यात्रा मंदिर के महंत विक्रम यादव के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के साथ निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्री राम और श्री बालाजी का गुनगान किया जिससे माहौल भक्ति में हो गया। बतादे कि श्री बालाजी शक्ति पीठ रामपुर बलभद्र के महंत विक्रम यादव दके नेतृत्व में तीन दिवसीय बालाजी यात्रा गुरुवार को मेहंदीपुर पहुंची। जहां पर यात्रा के अंतिम दिन भगवान श्री राम के भक्तों द्वारा महंत विक्रम यादव के नेतृत्व में ढोल नगादों के साथ एक भव्य शोभा यात्रा मेहंदीपुर स्थित झांसी की रानी धर्मशाला से बालाजी मंदिर और श्री राम मंदिर तक निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु ढोल नागाड़ो की धुन पर भगवान श्री राम और बालाजी के भक्ति नाचते गाते चल रहे थे। यात्रा का जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प



वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान भगवान श्री राम और मेहंदीपुर बालाजी के जयकारों से माहौल श्री राममय हो गया। यात्रा में बालाजी शक्तिपीठ की प्रमुख सेविका प्रिया यादव, गुड्डी यादव ,जसपुर महंत अनिता राणा ,राजीव राणा ,रिंकी चौधरी ,रेनू चौधरी ,ममता, मान्या चौधरी ,एकता चौधरी, मुनेश पाल, सुमन, लक्ष्मी,निमेश देवी, मुकेश गोला, आदेश कुमार ,संजू कुमार, महिपाल सिंह ,बरखेड़ा पांडे महंत सोमपाल सिंह, कार्तिक यादव, संजीव चौधरी, हरिशचंद्र पाल, दिनेश कुमार, राजे चौधरी, महेंद्र सिंह ,राजेंद्र सिंह आदि श्री बालाजी भक्त यात्रा में शामिल रहे।

# राजस्थान को स्पिन के जाल में फंसाने उतरेगी सीएसके

## आईपीएल-2025




● सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर और जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर की बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती है

**गुवाहटी, वार्ता।** बरसापारा की धीमी मानी जाने वाली पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की स्पिन तिकड़ी रविवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बल्लेबाजों को दवाब में लाने की रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी।

आईपीएल 2025 का 11 वां मैच रविवार शाम 7:30 बजे में यहां खेला जायेगा। पिच के टर्न के अनुकूल होने की उम्मीद के बीच सीएसके की स्पिन जोड़ी नूर अहमद और रवींद्र जडेजा खराब फॉर्म में चल रही आरआर बल्लेबाजी लाइनअप के खिलाफ अहम भूमिका निभा सकती हैं। सीएसके ने इस सीजन की मिश्रित शुरुआत की है, उसने मुंबई इंडियंस को एक शानदार जीत से चैंका दिया था, लेकिन चेपक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, आरआर ने शुरुआती दोनों मैच हारकर खुद को मुश्किल में पाया है और फॉर्म में वापसी की कोशिश कर रही है। आमने-सामने की स्थिति में, सीएसके 29 मुकाबलों में 16 जीत के साथ थोड़ा आगे है। हालांकि, हाल के वर्षों में आरआर का दबदबा रहा है, जिसने 2020 से पांच बार की चैंपियन के खिलाफ अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं। नूर अहमद सीएसके के ट्रम्प कार्ड के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने अब तक दोनों मैचों में महत्वपूर्ण प्रहार किए हैं। उनकी विविधता और स्पिन के अनुकूल ट्रैक पर पनपने की क्षमता उन्हें एक बड़ा खतरा बनाती है। उधर, हमेशा भरोसेमंद रहने वाले रवींद्र जडेजा रन रोकने और बीच के ओवरों में साझेदारी तोड़ने में महत्वपूर्ण होंगे। संजू सैमसन समेत आरआर के शीर्ष क्रम के साथ उनका द्वंद्व मुकाबले को दिलचस्प सकता है। सीएसके के मिस्ट्री स्पिनर महेश दीक्षाणा एक निराशाजनक शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में नुकसान पहुंचाने के लिए सक्षम हैं। गुवाहाटी की धीमी सतह पर उनकी कैरम बॉल एक महत्वपूर्ण हथियार हो सकती है। आरआर की किस्मत यशस्वी जायसवाल पर निर्भर हो सकती है, जो 2023 से 160-4 की स्ट्राइक रेट से 1060 रन बनाकर उनके स्टैंडआउट बल्लेबाज रहे हैं। पावरप्ले में उनकी धमाकेदार शुरुआत सीएसके को शुरुआत में ही बैकफुट पर ला सकती है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 37 गेंदों पर 66 रनों की तूफानी पारी खेलने वाले कप्तान संजू सैमसन एक बार फिर आगे से नेतृत्व करने के लिए उत्सुक होंगे। सीएसके के लिए रचिन रवींद्र ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच जीतने वाली 65 रनों की पारी खेलकर पहले ही अपनी क्लास दिखा दी है और वह शीर्ष क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। हालांकि, सीएसके के मध्य क्रम की असंगतता चिंता का विषय बनी हुई है। बरसापारा ट्रैक पारंपरिक रूप से धीमे गें. दबाजों के अनुकूल रहा है, जिसमें स्पिनर 7-8 रन प्रति ओवर की इकॉनमी बनाए रखते हैं। मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 173 रहा है, जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने औसतन 158 रन बनाए हैं।

## केएल राहुल की मौजूदगी देगी दिल्ली कैपिटल्स को ताकत



○ दिल्ली ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में आखिरी ओवन में जीत के साथ अभियान की शुरुआत की

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** केएल राहुल की मौजूदगी से दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में मजबूती मिलने की संभावना है।

दिल्ली ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ पिछले मैच के आखिरी ओवर में रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। आशुतोष शर्मा (31 गेंदों पर 66 नाबाद) और विप्रज निगम (15 गेंदों पर 39) की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने एक विकेट शेष रहते 210 रन का लक्ष्य हासिल किया था। हालांकि डीसी के लिए उसका शीर्ष और मध्य क्रम चिंता का सबब बना हुआ है। एलएसजी के खिलाफ जेक फेजर-मैकगर्क, फाफ डु प्लेसिस और अभिषेक पोरेल संघर्ष करते नजर आए थे वहीं मिशेल स्टार्क, कुलदीप यादव और मोहित शर्मा एसआरएच के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाने का लक्ष्य रखेंगे। दूसरी ओर, हैदराबाद ने अपने सीजन की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स पर शानदार जीत के साथ की, लेकिन अपने दूसरे मैच में लखनऊ के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ट्रैविस हेड (28 गेंदों पर 47 रन) के शानदार प्रयास के बावजूद, एसआरएच केवल 190/9 रन ही बना सका, जिसे एलएसजी ने आसानी से हासिल कर लिया। एसआरएच टूर्नामेंट में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी लाइनअप में से एक है, जिसमें अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा से अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें सिमरजीत सिंह और एडम ज़म्पा फॉर्म में नहीं हैं। कप्तान पैट कमिंस और वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को डीसी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए कदम बढ़ाना होगा। विशाखापत्तनम की पिच ने हाल के मैचों में हाई स्कोर की प्रवृत्ति दिखाई है, जिसमें 200 से अधिक स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा किया गया है। स्पिनरों का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही मैच के अंतिम चरणों में गेंद के नीचे रहने की उम्मीद है। दोनों टीमों के पास मजबूत बल्लेबाजी होने के कारण, उच्च स्कोरिंग मुकाबला होने की संभावना है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## टूर्नामेंट में हमारा अनुभव रहा शानदार: पूजा

**रांची, वार्ता।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीतने वाली हॉकी हरियाणा की कप्तान ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि टूर्नामेंट में उनका अनुभव शानदार रहा है। हॉकी हरियाणा ने झारखंड के रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर एक करीबी मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीता है। चार जीत, दो हार और एक शूटआउट जीत के साथ, हॉकी हरियाणा ने सात मैचों में 15 अंक दर्ज किए और पूल चरण को तालिका में शीर्ष पर समाप्त किया। ओडिशा हॉकी एसोसिएशन ने भी 18 गोलों के साथ समान अंक प्राप्त किए, हालांकि हॉकी हरियाणा का गोल अंतर बेहतर रहा। सुप्रिया और सावी ने हॉकी हरियाणा के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में चार-चार गोल किए। कप्तान पूजा मलिक ने भी शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने आगे बढ़कर तीन गोल किए। फाइनल में, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए अहल्या लाकड़ा (8') ने पहला गोल किया, लेकिन हॉकी हरियाणा के लिए काजल (12', 22') ने दो गोल किए, इसके बाद सावी (44') ने एक गोल करके जीत सुनिश्चित की।

## ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी दारिया कसात्किना

**दुबई, वार्ता।** स्थायी निवास के लिए आवेदन को स्वीकार किए जाने के बाद रूसी मूल की टेनिस खिलाड़ी दारिया कसात्किना अब ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करेंगी। रूस के एलजीबीटीक्यू+ नियमों की आलोचना करने वाली और यूक्रेन में युद्ध का विरोध करने वाली 27 वर्षीय दारिया कसात्किना फिलहाल दुबई में रह रही हैं और पिछले ढाई साल से रूस नहीं लौटी हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने उन्होंने इस बात का खंडन किया था कि डब्ल्यूटीए टूर ड्रॉ समारोह में उनके नाम के आगे इस्तेमाल किए गए झंडे में गड़बड़ी के बाद उन्होंने स्पेन की नागरिकता ले ली है। आठ एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया एक ऐसी जगह है जिसे मैं प्यार करती हूं, यह एक ऐसी जगह है जहां मैं पूरी तरह से घर जैसा महसूस करती हूं। मुझे मेलबर्न में रहना पसंद है और मैं वहां अपना घर बनाने के लिए उत्सुक हूं। उन्होने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मैं अब से अपने पेशेवर टेनिस करियर में अपनी नई मातृभूमि ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करूंगी। जाहिर है, इस निर्णय के कुछ हिस्से ऐसे हैं जो आसान नहीं रहे हैं।

## जडेजा के नाम अनोखा डबल रिकॉर्ड



3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने

**चेन्नई, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 17 साल बाद चेन्नई सुपर किंग्स को उन्हीं के होमग्राउंड चेपाक में हराया। टीम को 2008 में आखिरी जीत मिली थी। आरसीबी ने 196 रन बनाए, जवाब में सीएसके 146 रन ही बना सकी। बेंगलुरु ने 50 रन से मैच जीत लिया।

सीएसके के विकेटकीपर एमएस धोनी ने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। आरस. ीबी के कप्तान रजत पाटीदार के 3 कैच छूटे। रवींद्र जडेजा आईपीएल में 3000 रन और 150 प्लस विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी बने। चेन्नई सुपर किंग्स को पहला विकेट विकेटकीपर एमएस धोनी की बहुत तेज स्टंपिंग के चलते मिला। 5वें ओवर की आखिरी बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। साल्ट कवर ड्राइव खेलने गए, लेकिन मिस कर गए। धोनी ने बाल कलेक्ट की और साल्ट का पैर क्रीज में आने से पहले ही गिल्लियां उड़ा दीं। उन्होंने 0.16 सेकेंड में स्टंपिंग की। फिल साल्ट 32 रन बनाकर आउट हुए। धोनी ने मुंबई के खिलाफ टीम के पहले मैच में भी इसी तरह की तेज स्टंपिंग की थी। तब उन्होंने सूर्यकुमार यादव को पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में मथीश पथिराना की बाउंसर विराट कोहली के हेलमेट पर लगी। विराट पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद मिस कर गए। फिजियो मैदान में आए और कोहली को चेक करने लगे। विराट ने कुछ देर बाद बैटिंग शुरू की और अगली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार को 3 जीवनदान मिले। दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और खलील अहमद ने 8 गेंद के अंदर रजत के 3 कैच छोड़े। इसके बाद उन्होंने 51 रन की पारी खेली। 12वें ओवर की तीसरी बाल रवींद्र जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। पाटीदार ने शाट खेला, लेकिन गेंद लान्ग आफ पर खड़ी हो गई। हुड्डा तेजी से बाल के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 17 रन पर थे। 13वें ओवर की पहली बाल नूर अहमद ने आफ स्टंप के बाहर फेंकी। पाटीदार ने बड़ा शाट खेला, लेकिन गेंद कवर्स पोजिशन पर खड़ी हो गई। त्रिपाठी ने डाइव लगाई, लेकिन मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। पाटीदार इस वक्त 19 रन पर थे। 13वें ओवर की पांचवीं बाल नूर अहमद ने फुलर लेंथ फेंकी। पाटीदार ड्राइव करने गए, लेकिन बाल थर्ड मैन की ओर खड़ी हो गई। खलील अहमद ने डाइव लगाई, लेकिन कैच छूट गया। पाटीदार इस वक्त 20 रन पर थे। 20वें ओवर में बेंगलुरु के टिम डेविड ने सैम करन के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। करन ने ओवर की शुरुआती 2 गेंदें डाट करा दीं। डेविड ने तीसरी बाल पर लान्ग लेग, चौथी गेंद पर सामने और पांचवीं गेंद पर लान्ग आन की दिशा में छक्का लगा दिया। उन्होंने 8 गेंद पर 22 रन बनाए। बेंगलुरु के जोश हेजलवुड ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद बाउंसर फेंकी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पाकिस्तान को शिकस्त

■ मार्क चैपमैन ने 132 और डेरिल मिचेल ने 76 रनों की पारी खेली

**नेपियर, वार्ता।** मार्क चैपमैन (132) और डैरिल मिचेल (76) के बीच 199 रन की भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में 73 रनों की बड़ी जीत दर्ज की।

मैकलीन पार्क में बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 344 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 44-1 ओवरों में 271 रनों पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड की जीत में बल्लेबाजों का अहम योगदान रहा। शुरुआती तीन विकेट मात्र 50 रन पर गिरने के बाद मेजबान टीम के दवाब में आने की संभावना दिखने लगी थी मगर चैपमैन और मिचेल ने आक्रामक रवैया अख्तियार किया और पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए मैदान के चारों ओर कई आकर्षक शाट खेले। पारी के 42वें ओवर में इरफान खान की गेंद पर आउट होने से पहले मिचेल चार चौके और इतने ही छक्के लगा चुके थे। दूसरे छोर पर चैपमैन ने पाकिस्तानी गेंदबाजों पर कोई रहम नहीं बरता हालांकि वह भी जल्दी आउट होकर पवेलियन लौट गए। चैपमैन ने अपनी शतकीय पारी में 111 गेंद खेलकर 13 चौके और छह छक्के लगाये। जवाब में बाबर आजम (83 गेंदों पर 78 रन) की शानदार पारी और उस्मान खान (39), अब्दुल्ला शफीक (36), सलमान आगा (58) की बल्लेबाजी के बावजूद पाकिस्तान कीवी टीम के विशालकाय लक्ष्य को पाने में असफल रही।

## मियामी ओपन के फाइनल में नोवाक, 100वें खिताब के करीब

■ मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशि कर रहा हूं जो मुझे बड़ी ट्रॉफी दिलाएगा: जोकोविच

**फ्लोरिडा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रेव को हराकर 2016 के बाद पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है और इसके साथ ही वह अपने 100वें एटीपी खिताब से मात्र एक कदम दूर रह गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी 37 वर्षीय जोकोविच ने पहला सेट जीतने के लिए लगातार पांच गेम जीते। दिमित्रेव ने दूसरे सेट में खराब शुरुआत की और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने इसका फायदा उठाते हुए 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में अपना 99वां खिताब जीतने के बाद मैं स्पेशल 100 खिताब जीतने की संभावना के साथ खेल रहा हूं। मैं टेनिस के उस बेहद जरूरी स्तर को खोजने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे एक बड़ी ट्रॉफी के लिए लड़ने की स्थिति में लाएगा। मैं टूर्नामेंट के लिए जिस तरह से तैयार हुआ हूं और जिस तरह से खेल रहा हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैंने एक भी सेट नहीं गंवाया है। उन्होंने कहा कि यह एक शानदार अवसर है। देखते हैं कि दो दिनों में क्या होता है। 14वीं वरीयता प्राप्त 33 वर्षीय दिमित्रेव के लिए हवा की स्थिति खेल की शुरुआत अच्छी रही, जिन्होंने जोको. विच की सर्विस पर पहला गेम जीता, लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए । इस बीच दिमित्रेव को परेशान करने के लिए कुछ कहने पर एक प्रशंसक को बाहर निकाल दिया गया, जिसके बाद बुल्गारियाई खिलाड़ी ने दूसरे सेट की धीमी शुरुआत की। पिछले साल के परा. जित फाइनलिस्ट दिमित्रेव ने अपने तीन सर्विस गेम जीते, लेकिन जोकोविच बहुत अच्छे थे।

## तमीम ने शुभचिंतकों के प्रति व्यक्त किया आभार

● आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं: तमीम



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने उन शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है जिन्होने बीमारी के मुश्किल समय में उनकी सला. मती की दुआ की। तमीम को सोमवार को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद एंजियोप्लास्टी के लिए उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उन्होने फेसबुक पर शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। जनवरी 2025 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद तमीम घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखे हुए हैं। वह ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग के मैच में शिनेपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की अगुआई कर रहे थे, जब टॉस के तुरंत बाद उन्हें बेचैनी महसूस हुई। शुरुआती उपचार के लिए उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत बिगड़ गई और सोमवार को उन्हें एंजियोप्लास्टी सर्जरी के लिए ले जाया गया। तमीम को घटना के चार दिन बाद शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई और उन्होंने मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। अपने फेसबुक पेज पर बांग्ला में पोस्ट किए गए संदेश में तमीम ने कहा कि आप सभी की दुआओं की बदौलत मैं अब घर पर हूं। इन चार दिनों में मैंने अपने आस-पास के माहौल को समझा है और एक नई जिंदगी पाई है। इस अहसास में सिर्फ प्यार और कृतज्ञता है। मुझे अपने पूरे करियर में आपका प्यार मिला है। लेकिन अब मैंने इसे और भी ज़्यादा तीव्रता से महसूस किया है। मैं वाकई अभिभूत हूँ। उन्होंने चिकित्सा पेशेवरों, अस्पतालों, सहयोगी कर्मचारियों और उन व्यक्तियों के प्रति भी अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने जीता 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब

**कैलिफोर्निया, वार्ता।** ओलंपियन अंकिता ध्यानी ने शनिवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में आयोजित मैंग्रम आमंत्रण 2025 एथलेटिक्स मीट में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज का खिताब जीता। इस इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अंकिता ने 9:44-05 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, जो आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के 9:48:48 के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर गया। पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली अं. कता ने 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लिया है। 26 वर्षीय धावक ने राष्ट्रीय खेलों 2025 में दर्ज अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 9:53:63 सेकंड से लगभग नौ सेकंड कम समय लिया। हालांकि, कोरिया गणराज्य के गुमी में इस साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए उनका चयन एएफआई के विवेक पर निर्भर है। मैंग्रम आमंत्रण में सोफी मैकमैनस ने 10:50:93 सेकंड के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हन्ना चाउ 10:58:98 सेकंड में तीसरे स्थान पर रहीं। अंकिता की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में यह तीसरी प्रतिस्पर्धी उपस्थिति थी। उन्होंने पटना में इंडियन ओपन यू 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में इस स्पर्धा में अपनी शुरुआत की थी, जहाँ वह विजयी हुई थीं। पारुल चौधरी ने बुडापेस्ट में 2023 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 9:15:31 सेकंड के समय के साथ महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है।

## मनीषा ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**अम्मान, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं के 62 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। मनीषा ने रोमांचक फाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर 2021 के बाद महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का पहला महिला फीस्टाइल कुश्ती स्वर्ण पदक हासिल किया। मनीषा ने अपने अभियान की शुरुआत तकनीकी श्रेष्ठता के जरिए कजाकिस्तान की टाइनिस दुबेक पर शानदार जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कोरिया गणराज्य की हनबिट ली को हराया और सेमीफाइनल में गत चैंपियन किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेक काजी को 5-1 से हराया।

## गुजरात ने मुंबई को 197 का लक्ष्य दिया

● रोहित ने लगातार दो चौके मारे, सिराज ने अगली बॉल पर बोल्ड किया

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 के 9वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 197 रन का टारगेट दिया है। जवाबी पारी में मुंबई ने 8 रन पर पहला विकेट गंवा दिया हैं। रोहित शर्मा लगातार दो चौके मारकर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद सिराज ने बोल्ड किया। 3 ओवर के बाद मुंबई का स्कोर 30/1 है। तिलक वर्मा और रियान रिकेल्टन क्रीज पर हैं।



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 41 बाल पर 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाए। साई के अलावा, जोस बटलर ने 39 और शुभमन गिल ने 38 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंडया ने 2 विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और एस राजू को एक-एक विकेट मिला। रोहित शर्मा की जगह बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा ने दूसरा ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा के ओवर में लगातार 3 बाउंड्री लगाई। इनमें दो चौके और एक छक्का शामिल रहा। 197 रन चेज कर रही मुंबई इंडियंस ने पहले ओवर में विकेट गंवाया। रोहित शर्मा ने पहला ओवर डाल रहे सिराज पर लगातार दो चौके लगाए। फिर अगली बाल पर सिराज ने रोहित को बोल्ड कर दिया। गुजरात टाइटंस ने ईशांत शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया है। वे शेरफेन रदरफोर्ट की जगह मैदान पर आए हैं। गुजरात की पारी के आखिरी ओवर से 10 रन आए और 2 विकेट भी गिरे। पारी की आखिरी बाल पर साई किशोर रनआउट हुए। जबकि चौथी बाल पर राशिद खान पवेलियन लौटे। इस तरह गुजरात ने 196 रन बनाए। गुजरात ने लगातार तीसरी बाल पर विकेट गंवाया।रदरफोर्ट, राहुल तेवतिया और साई सुदर्शन आउट हुए। 19वें ओवर की दूसरी बाल पर शरफेन रदरफोर्ड (18 रन) को दीपक चाहर ने मिचेल सैंटनर के हाथों कैच कराया। 19वें ओवर की पहली बाल पर राहुल तेवतिया (शून्य) रनआउट हुए। उन्हें हार्दिक पंडया ने डायरेक्ट थ्रो पर आउट किया। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर साई सुदर्शन (63 रन) को ट्रेंट बोल्ट ने एलबीडब्ल्यू किया। 16वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया।

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने मनाया अपना 45वां स्थापना दिवस

## यह शहरी विकास की दिशा में एक स्वर्णिम यात्रा: शैलेश कुमार, 29 मार्च 1981 को की गई थी एमडीए की स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने अपने 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया। महत्वपूर्ण आयोजन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा सम्मान, प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। शहरी विकास की 45 वर्षों की यात्रा समारोह में 29 मार्च 1981 से 29 मार्च 2025 तक के शहरी विकास यात्रा को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने नगरीय अधोसंरचना, आवासीय एवं वाणिज्यिक परियोजनाओं, यातायात प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक सुविधाओं को विकसित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बइस अवसर पर उपाध्यक्ष शैलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने पिछले ४५ वर्षों में एक सुव्यवस्थित एवं समावेशी शहरी विकास की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह हमारी प्रतिबद्धता और प्रशासनिक दक्षता का परिणाम है कि आज मुरादाबाद एक सुसंगठित, आधुनिक एवं प्रगतिशील शहर के रूप में उभर रहा है। आने वाले वर्षों में हम नागरिक सुविधाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के लिए कार्य करेंगे।ष्भूमि बैंक और वित्तीय प्रबंधन की पारदर्शिता।

इस कार्यक्रम के दौरान मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के विकास में भूमि बैंक (स्ंदक ठंदा) के प्रभावी उपयोग एवं वित्तीय प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। शहरी विस्तार एवं नियोजन के अंतर्गत कितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया, कितनी योजनाओं के लिए उपयोग में लाई गई तथा भविष्य की परियोजनाओं के लिए कितनी आरक्षित है, इस पर विस्तृत जानकारी दी गई। वित्तीय प्रबंधन एवं राजस्व संकलन के संबंध में बताया गया कि नगर नियोजन, भूमि आवंटन, कर एवं अन्य राजस्व स्रोतों के माध्यम से संचित धन का उपयोग विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए किया गया। शहर के विकास में प्राधिकरण की उपलब्धियाँ।४५ वर्षों के दौरान मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित प्रमुख कार्य संपादित किए गए।शहरी आवास योजनाएँ: नियोजित टाउनशिप एवं आवासीय परियोजनाएँ।परिवहन अधोसंरचना: प्रमुख सड़कों, ओवरब्रिज एवं बाईपास का निर्माण व्यावसायिक एवं औद्योगिक क्षेत्र: व्यापारिक केंद्रों, औद्योगिक परिसरों एवं वाणिज्यिक भवनों की स्थापना हरित क्षेत्रों का विस्तार, उद्यानों एवं झीलों का सौंदर्यीकरण जल निक. ासी प्रणाली, स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना का क्रियान्वयन ।स्मार्ट सिटी परियोजनाएँ: डिजिटल एवं तकनीकी रूप से सक्षम अधोसंरचना का विकास भविष्य की कार्ययोजनाएँ समारोह के अंत में प्राधिकरण की भावी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। मुरादाबाद को एक आत्मनिर्भर, हरित एवं तकनीकी रूप से उन्नत नगर के रूप में विकसित करने के लिए निम्नलिखित प्राथमिकताओं को रेखांकित किया गया।नवीन आवासीय एवं वाणिज्यिक परियोजनाओं का विस्तार संपूर्ण शहरी क्षेत्र में सतत विकास आधारित अधोसंरचना का निर्माण पर्यावरण-अनुकूल एवं ऊर्जा दक्ष योजनाओं का क्रियान्वयन नगरीय परिवहन व्यवस्था को अत्याधुनिक एवं सुलभ बनाना स्मार्ट सिटी मिशन के तहत डिजिटल सेवाओं का विस्तार शहर के विकास के प्रति संकल्पबद्धता। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहरी विकास को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह समारोह मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की सुदृढ़ कार्यशैली, प्रशासनिक कुशलता एवं पारदर्शिता को दर्शाता है।यह आयोजन मुरादाबाद को एक सुव्यवस्थित, पर्यावरण अनुकूल एवं







नागरिक हितैषी महानगर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ।

## एक नजर

### डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर में कुंदरकी विधायक ने बच्चों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता बिलारी।** डॉ देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कुंदरकी के भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस बीच स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनय कुमार लोहिया के अलावा विभाग प्रचारक मुरादाबाद बृजमोहन मौजूद रहे। उन्होंने बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक विशाल क्वात्रा, उपाध्यक्ष विवेक सिंह, कोषाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, भाजपा नेता सुरेश सैनी परमेश्वर लाल सैनी, प्रेम वीर सिंह, हरपाल सिंह, देवेंद्र गांधी, अंचित कुमार मुन्ना उदयराज सिंह, मुन्ना श्रोत्रिय, डा. मदन बंसल,नरेश गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट, विश्वास यादव उर्फ लवली,ललित चौधरी, ध्रुव गुप्ता, दिनेश सिंह, दिग्विजय सिंह,मोहनलाल शर्मा आदि मौजूद रहे। अंत में प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### एसएमएस वेदजी में घोषित हुआ परीक्षा परिणाम

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** स्टेशन रोड स्थित एसएमएस वैध जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी से कक्षा 9 तक के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम विनय कुमार सिंह, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, नगर पालिका के वाइस चौयरमैन आशीष शंकर पांडे, मोहनलाल शर्मा, प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज, निर्देशक अभिषेक भारद्वाज उपस्थित रहे। शनिवार को प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को एसडीएम विनय कुमार सिंह ने पुरस्कृत किया कहा कि शिक्षा के साथ-साथ रुचि के अनुरूप बच्चों को खेल,संगीत, अभिनय कला में आगे बढ़ना चाहिए। पालिका अध्यक्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरुस्कृत किया। वहीं माता-पिता की सेवा करने का भी आव्हन किया। प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह ने बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### सीएनजी ऑटो व छोटा हाथी की टक्कर के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** सीएनजी ऑटो व छोटा हाथी की टक्कर के मामले में घायल ग्रामीणों के परिवार की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला रामपुर के तहसील शाहबाद थाना सैफनी के बड़ागांव निवासी धनवीर पुत्र प्यारेलाल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 18 मार्च को उसका बेटा अमित व विकास सीएनजी ऑटो से बिलारी से अपने घर आ रहा था। लाप. रवाही से गाड़ी चलाते हुए छोटा हाथी ने सीएनजी ऑटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में अमित व विकास की गंभीर चोटें आई। उसका पैर बुरी तरह से कुचल गया। इस मामले में तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### वार्षिक परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

**चन्दौसी।** बहजोई रोड स्थित चन्दौसी पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात् विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी वाले मेधावियों को ट्राफी के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रथम दस विद्यार्थियों को भी मैडल से सम्मानित किया गया। साथ ही उच्चतम वार्षिक उपस्थिति, सर्वश्रेष्ठ यूनीफॉर्म का अवार्ड दिया गया। सीनियर वर्ग की वेदिका कक्षा प्रथम से तथा जूनियर वर्ग कक्षा एलकेजी की आध्या चौहान टॉपर रही। विद्यालय सचिव विक्रम ने सभी अभिभावकों व अतिथियों का स्वागत किया।

### दो भाईयों ने एक साथ उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

**चन्दौसी।** एक ही घर के दो बेटों ने यूजीसी नेट पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया है। बदायूं रोड नि० सुभाष कुमार वाल्मीकि के दोनों बेटों दिव्यांशु व अभिषेक कुमार ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर पीएचडी प्रवेश के लिए पात्रता हासिल की है। दोनों बेटों की सफलता से परिवार का खुशी का माहौल है। दिव्यांशु व अभिषेक ने अपनी सफलता का श्रेय माता ममता व पिता सुभाष कुमार तथा गुरुजनों को दिया है।

### दस साल की इकरा ने रखा पहली बार रोजा

**कांठ( शाह टाइम्स )** दस साल की इकरा के पहला रोजा रखने से घर में खुशी का माहौल बन गया सभी ने रोजा पूरा होने पर बच्ची को मुबारकबाद दी इकरा उल कयाम सपा नेता कयामुद्दीन सैफी निवासी उमरी कला की पुत्री है जिसकी उम्र इस वक्त 10 साल है इकरा ने परिजनों से अलविदा जुम्मे को रोजा रखने की इच्छा जताई परिजन बच्ची का हौसला देखकर खुश हुए और उसे इजाजत दे दी बच्ची ने परंपरा के अनुसार सुबह सहरी खाकर रोजा रख लिया और शाम को इफ्तार किया तो परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा उन्होंने इकरा उल कयाम की लंबी उम्र के लिए दुआ की और उसे मुबारकबाद दी।



### क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह ने ग्राम प्रधान को किया सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )** युवा राष्ट्रीय लोक दल रूहेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत सिंह एडवोकेट ने मुरादाबाद जिले की मिलक अमरावती ग्राम की प्रधान गार्गी चौधरी से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें पटका पहनाकर एवं भगवान गणेश जी की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। अजीत सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित गार्गी चौधरी को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया, जो पूरे जनपद के लिए गर्व की बात है। उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनकी प्रशंसा की और उनके प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। अजीत सिंह ने उनके नेतृत्व में ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर चर्चा की एवं आगे की योजनाओं पर विचार-विमर्श करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों और जनसेवा के प्रति समर्पण को नमन किया।



## महानगर समाजवादी पार्टी ने कराया रोजा इफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर समाजवादी पार्टी की ओर से आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के मकसद से गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। बर्बलन पुलिस चौकी के निकट स्थानीय एक शादी हॉल में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

रोजा इफ्तार में गणमान्य नागरिकों उलेमाओं, नेताओं, मीडिया कर्मियों वगैराह ने शिरकत की। इस अवसर पर दुआ कराई उन्होंने इस अवसर पर मुल्क की कौम की तरक्की जहां-जहां परेशान हाल मुसलमान है उनकी परेशानियों को दूर करने सबके गुनाह कबीरा को माफ करने बीमारी को शिफा देने रसूले पाक की सुन्नतों पर अमल करने की दुआ की। इस रोजा इफ्तार कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर इमाम सैयद मासूम नायब इमाम मुफ्ती फहद पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन राज्यसभा सांसद जावेद अली खान मुरादाबाद देहात के विधायक नासिर कुरेशी पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी राजेश यादव महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी



सलीम वारसी शोएब हसन पाशा हाजी रईस खान मोहम्मद अरबाज खान नसीम पक्ष लालू प्रवेश लुकमान खान सोमवीर सिंह यादव कमरूज्जमा सैफी एडवोकेट अरबाज खान मोहम्मद जान तुर्की अलीम मिर्जा केसर कुद्दूसी नसीम पाशा सैयद ओवैस अली जाकिर अली अलीम मिर्जा इकबाल अंसारी नदीममुद्दीन डॉक्टर मोहम्मद अहमद मोहम्मद आरिफ साजिद वारसी सैयद उस्मान अली एडवोकेट शाहिद हुसैन गामा असलम खान शाहिद भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हशमत रजा ने 20 इमामों को तोहफे में दी स्कूटी

### 33 लोगों को उमरे,155 बेटियों की कराई शादी सामाजिक क्षेत्र में किये अनगिनत कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** रमजान के पवित्र महीने में समाजसेवी पूर्व नगर पंचायत कुंदरकी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी हाजी हशमत रजा नगर के इमामो को स्कूटी भेंट कर रहे हैं। शुक्रवार को एक मीनार वाली मस्जिद, लाल मस्जिद, कुरेशी वाली मस्जिद, मस्जिद आला हजरत, तकिया वाली मस्जिद में कुरान पाक मुकम्मल होने पर इमामों को तोहफे दिए गए। इससे पहले भी उन्होंने लगभग 20 इमामों को स्कूटी भेंट की है। हशमत रजा ने अब तक 33 लोगो को उमरे, 155 गरीब लोगों की बच्चियों की शादी कराई है। वह




आये दिन कंबलों का वितरण गर्म कपड़े, लिहाफ हर तरह से लोगो की मदद करते हुए आ रहे हैं। उनके इस कार्य की नगर में खूब चर्चा हो रही है। लोग जगह-जगह उनकी प्रशंसा करते हुए देखे जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी वह खूब वायरल हो रहे हैं।

## प्राथमिक विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मूंढापांडे के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में वार्षिकोत्सव/ शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह जी के प्रतिनिधि विक्की ठाकुर व विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख मूढापांडे डॉ नवदीप यादव का स्कूली बच्चों ने दण्ड घोष व बेंड बाजे के साथ स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जलन व बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत व अन्य गीतों पर खूब थिरके। देश भक्ति गीत पर योगा, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, नशा मुक्ति जैसे कार्यक्रमों से स्कूली बच्चों ने जनमानस को जागरूक कर वाह-वाह लूटी।कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि विधायक कुंदरकी प्रतिनिधि विक्की ठाकुर ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों का सर्वांगीण विकास व उन्हें उनत्ति के मार्ग पर ले जाती है। इसलिए सरकार की मंशा ही हर बच्चें को अच्छी शिक्षा मिले, ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसके लिए डबल इंजन की सरकार बेसिक शिक्षा के सुधार हेतु लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चें राष्ट की नींव है, सभी इन्हें अच्छी शिक्षा देकर सशक्त बनाए।

उन्होंने स्कूल को एक शीतल प्याऊ विद्यालय में लगवाने की घोषणा की।विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए अपनी क्षेत्र पंचायत निधि विद्यालय को सोलर व अन्य जरूरी सामान देने की घोषणा की।कार्यक्रम में मेधावियों के सम्मान के साथ ही स्वच्छ व नियमित व सांस्कृतिक व खेलकूद के बच्चों को भी मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियो द्वारा मेडल, प्रमाण पत्र, शील्ड व अन्य



उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बीईओ मूंढापांडे राजेश कुमार चतुर्वेदी ने स्कूल चलो अभियान के तहत अपने बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराने की अपील करते हुए सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ हरनन्दन प्रसाद व एआरपी योगराज सिंह ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता राम किशोर लोधी ,डीसी तेजपाल सिंह,तारा सिंह, आरएस एम के ब्लॉक अध्यक्ष योगराज सिंह, शिक्षक सुनील कैनवाल, विकास कुमार, विपिन कुमार ,वीरपाल सिंह, मुनेंद्र सिंह ,अजय कुमार,अनिरुद्ध यादव, अंजली सागवान ,जोगेंद्र सिंह ,प्रमोद कुमार, रामचंद्र सैनी मुकेश सिंह आदि शिक्षक/शिक्षिकाओ सहित बड़ी संख्या में सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी अभिभावक उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे से मिट्टी न उठाने पर पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार से लोग नाराज

**कांठ( शाह टाइम्स )** लोक निर्माण विभाग द्वारा सहसपुर से छजलैट के बीच सड़क के चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है जिसमें सड़क के दोनों और लगभग डेढ़ मीटर चौड़ाई बढ़ाने के लिए खुदाई की जा रही है लेकिन उस जगह से निकलने वाली मिट्टी को वहां से नहीं हटाया जा रहा जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लोगों का कहना है कि संबंधित ठेकेदार की इस लापरवाही के चलते उन्हें अपने पास से पैसे खर्च करके मिट्टी उठानी पड़ रही है मिट्टी ना उठने के कारण एक तरफ तो चल रही तेज हवाओं से धूल के गुबार उड़ रहे हैं दूसरी ओर दुकानों और मकानो के सामने का रास्ता भी बंद हो गया है मजबूरन लोगों को मिट्टी उठाने के लिए अपने साधनों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है नगर के लोगों ने संबंधित ठेकेदार से खुदाई के तुरंत बाद ही मिट्टी उठाए जाने की मांग की है।



● मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

## प्रत्येक योजना व कार्यक्रम का लाभ हर जरुरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे: मण्डलायुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यो की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ हर पात्र एवं जरुरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे इसको अधिकारी अच्छे से सनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान अकांक्षीय विकास खंडों की मॉनीटरिंग के संबंध में जनपद सम्भल की स्थिति खराब होने पर मण्डलायुक्त ने सीएमओ सम्भल को स्थिति में सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीएमओ को स्वास्थ्य सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं की सही से समीक्षा करने के दिए निर्देश। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मण्डलायुक्त ने सम्भल और अमरोहा जनपद को ज्यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग करवाकर जनपद की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। ई-संजीवनी पोर्टल पर ओ०पी०डी० की स्थिति में सुधारात्मक कार्यवाही करने, सीएचओ को एक्टिव करने एवं कार्यप्रणाली को देखने के निर्देश दिए। ई संजीवनी पोर्टल पर ओपीडी में रामपुर लगातार प्रदेश में पहले स्थान पर बरकरार है। इसके साथ ही आशा के खाली पड़े पदों और आशा की ट्रैनिंग पर सीएमओ मुरादाबाद को विशेष ध्यान के दिए निर्देश। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्री एक अहम कड़ी है, इनकी ट्रैनिंग और कार्यप्रणाली पर अच्छे से ध्यान दिया जाये। मुख्य चिकित्साधिकारियों से मण्डलायुक्त ने कहा कि आशा भुगतान और सीएचओ भुगतान को प्राथमिकता से संज्ञान लेकर करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत डीबीटी पेमेंट के शेष भुगतान ससमय करवाने के निर्देश दिए। आभा आईडी स्टेटस पर बिजनौर की स्थिति खराब होने पर प्रगति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश। ज्यादातर स्वास्थ्य पैरामीटरों पर मुरादाबाद की स्थिति खराब होने पर कमिश्नर ने नाराजगी जताते हुए सुधारात्मक कार्यवाही के दिए निर्देश। मंडलायुक्त ने कहा कि जिन अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है, उसकी एक विस्तृत रिपोर्ट एडी हैल्थ प्रस्तुत करें। बैठक में झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा की जा रही डिलीवरियों का भी मुद्दा उठा, जिस पर मंडलायुक्त ने कठोर से कठोर कार्यवाही करने दिए निर्देश। बैठक में बताया गया कि मंडल में ०१ अप्रैल से ३० अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत होगी ,जिसके तहत मंडलायुक्त ने बताया कि सभी सीडीओ और ईओ अच्छे से तैयारी कर लें। बच्चों को सुबह असेंबली के दौरान हीट वेव और संचारी रोगों के बारे में जागरुक किया जाए। बच्चों के अभिभावकों को हीट वेव के बारे में भी जागरूक करें। इसके साथ ही बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने पी०एम० सूर्यघर योजना में प्रगति सुनिश्चित करने हेतु सभी जिलाधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। अर्बन एरिया में योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करवाया जाए। विद्यालयों, सरकारी भवनों, अर्द्धसरकारी भवनों, पंचायत सचिवालयों को भी ज्यादा से ज्यादा इस योजना में शामिल किया जाए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जर्जर तारों, जर्जर खंभों, विद्युत बिलों की स्थिति को सुधारने हेतु उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए चीफ विद्युत को निर्देशित किया। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ऊपर से कुल २१६ विद्यालयों से गुजर रहीं हाईटेंशन लाईनों को हटाये जाने के लिए, मुख्य अभियन्ता विद्युत को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुल ११७ विद्यालयों के ऊपर से सबसे ज्यादा जनपद बिजनौर में हाइटेंशन लाईन के ऊपर से निकलने पर विशेष ध्यान देकर, लाईन को हटवाने से सम्बन्धित उचित कार्यवाही करने के चीफ विद्युत को दिए निर्देश। एकीकृत बागवानी विकास योजना और पर ड्रॉप मोर क्रॉप में प्रगति खराब होने पर मंडलायुक्त ने स्थिति को ठीक करने के दिए निर्देश। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत सोलर पम्प स्थापना के अन्तर्गत सभी जनपदों को लक्ष्य सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित के लिए मण्डलायुक्त ने संयुक्त निदेशक मुरादाबाद कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा योजना का प्रचार-प्रसार करवाकर आम जन को योजना के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाये। फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में जनपद सम्भल व बिजनौर की स्थिति में सुधारने के निर्देश दिए । इसके साथ ही बैठक में खेत तालाब योजना, फसल अपशिष्ट प्रबन्धन योजना, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना इत्यादि योजनाओं पर भी प्रगति संबंधित चर्चा की गई । एन आर एल एम में रिवॉल्विंग फंड में प्रगति में बिजनौर और सम्भल की स्थिति खराब पाई गई और लखपति दीदी योजना में रामपुर की प्रगति खराब पाई गई। इसके साथ ही बैठक में एमजी नरेगा के अन्तर्गत भुगतान में बिजनौर की स्थिति खराब मिली। बैठक खेल मैदानों के निर्माण संबंधित, आंगनवाडी केन्द्रों के कायाकल्पों संबंधित, अमृत सरोवरों के निर्माण संबंधित विषयों पर प्रगति संबंधित चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्यवाही को अमल में लाने के निर्देश दिए। नदियों के पुनरूद्धार में मंडलायुक्त ने सम्भल में महाबा नदी, अमरोहा में बगद नदी और बिजनौर में मालन नदी के पुनरूद्धार पर प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश। बैठक में मण्डलायुक्त ने कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्ति आदि की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

राजस्व अधिकारियों से कोर्ट की कार्यवाहियों की निरन्तर समीक्षा करने एवं प्रक्रियात्मक उल्लंघनों से बचने



के दिए निर्देश बैठक में वाहन कर, माल यात्रीकर में मण्डलायुक्त ने मुरादाबाद के संबंधित अधिकारी को प्रगति सुनिश्चित कर स्थिति में सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही अनाधिकृत संचालित वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही, ओवरलोड वाहनों पर की गई कार्यवाहियों, स्कूल वाहनों पर की गई कार्यवाहियों के संबंध में आरटीओ मुरादाबाद से जानकारी लेते हुए मण्डलायुक्त ने उचित कार्यवाही करने एवं अमरोहा और सम्भल में चेकिंग की कार्यवाही को बढ़ाने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने चीफ विद्युत को विद्युत देयों की वसूली के संबंध में स्थिति को सुधारने एवं जनपद बिजनौर पर ध्यान देने के निर्देश दिए। जिस पर मण्डलायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों को यथोचित कार्यवाही कर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चकबंदी विभाग द्वारा सम्पादित न्यायिक कार्यों की अधिकारीवार समीक्षा की गई, जिस पर कमिश्नर ने लम्बित वादों को ससमय निस्तारण करने और बेवजह चक उड़ान न किया जाए इसको अधिकारी सुनिश्चित करें । मण्डलायुक्त ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कमिश्नरी द्वारा दिए गये आदेशों का अनुपालन को अच्छे से सुनिश्चित करवाया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री अनुज सिंह, जिलाधिकारी रामपुर श्री जोगिन्दर सिंह, जिलाधिकारी अमरोहा श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, जिलाधिकारी बिजनौर श्री जसजीत कौर, जिलाधिकारी सम्भल श्री राजेन्द्र पैंसिया, समस्त जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी एवं समस्त मण्डल स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।


# चीन को मित्र के रूप में देखना महत्वपूर्ण: मोहम्मद यूनुस

## चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर बोले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार

बीजिंग, वार्ता

**बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अपनी चार दिवसीय चीन यात्रा खत्म होने के मौके पर कहा कि उनके देश के लिए चीन को एक अच्छे मित्र के रूप में देखना 'महत्वपूर्ण' है और उन्हें उम्मीद है कि ढाका और बीजिंग के बीच संबंध एक नए चरण में प्रगति करेंगे। मोहम्मद यूनुस ने आगे कहा कि कि हमारा रिश्ता वर्षों से बहुत मजबूत रहा है।

हमारा व्यापारिक सहयोग अच्छा है और हम चीन के साथ साझेदारी से लाभान्वित हो रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के दौरान मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए चीन से अधिक




■ चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है: मोहम्मद यूनुस

निवेश की मांग की। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश के लिए एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में काम कर सकता है। मोहम्मद यूनुस और शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद दोनों देशों ने नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें आर्थिक और तकनीकी सहयोग, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में साझेदारी, जल संसाधन प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण में सहयोग शामिल है। इसके अलावा, तीस्ता नदी प्रबंधन परियोजना में चीनी कंपनियों के शामिल होने का भी स्वागत किया गया। बता दें कि, पहले की शेख हसीना सरकार इस परियोजना को भारत के सहयोग से पूरा करना चाहती थी, लेकिन अब चीन इसमें भूमिका निभाने को तैयार है। मौजूदा समय में एक हजार से अधिक चीनी कंपनियां बांग्लादेश में काम कर रही हैं। चीन से बांग्लादेश का आयात लगातार बढ़ रहा है। बांग्लादेश के कई मरीज इलाज के लिए भारत जाते हैं, लेकिन अब चीन इस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। वहीं चटगांव से चीन के कुनमिंग शहर के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बांग्लादेशी मरीज चीन में इलाज करा सकें। रही मोहम्मद यूनुस अब थाईलैंड में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है, लेकिन अभी भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# नेपाल में हिंसक प्रदर्शन, दो की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन में दो लोगों की मौत हो गई। हिंसा को बढ़ावा देने, प्राइवेट प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और आगजनी करने के आरोप में पुलिस ने 105 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के उपाध्यक्ष रबिंद्र मिश्र, जनरल सेक्रेटरी धवल शमशेर राणा शामिल हैं। इसके अलावा स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिंबू और संतोष तमांग जैसे राजशाही का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता समेत 17 अन्य नेता भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के प्रमुख आयोजक नवराज सुबेदी को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। वहीं, इस प्रदर्शन के चीफ कमांडर दुर्गा परसाई की तलाश की जा रही है। 40 से ज्यादा नेपाली संगठनों के प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ करने के बाद उसे आग के हवाले कर दिया था।




म्यांमार। भूकंप प्रभावित लोगों के लिए रवाना होने से पहले राहत सामग्री के साथ गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डे पर एनडीआरएफ के जवान।

# अफगानिस्तान ने ईद-उल-फितर पर दो हजार से ज्यादा कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** अफ़गान अधिकारियों ने मुसलमानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर 2,463 कैदियों को रिहा किया है। स्थानीय मीडिया 'टोलो न्यूज़' ने शनिवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरिम सरकार के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा के आदेश के आधार पर कैदियों को रिहा किया गया और जिन कैदियों में अपेक्षाकृत हल्के मामले थे, उन्हें अफ़गानिस्तान के 34 प्रांतों की जेलों से रिहा किया गया। अफ़गानिस्तान रमजान के 29वें दिन अर्धचंद्र के दिखने के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की घोषणा के बाद ईद-उल-फितर मनाएगा।



# डोनाल्ड ट्रम्प को कोर्ट से फिर बड़ा झटका

## सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह वॉइस ऑफ अमेरिका से कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक

■ कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बार फिर कोर्ट ने झटका दिया है। संघीय न्यायालय ने देश के सरकारी सहायता प्राप्त मीडिया समूह- वॉइस ऑफ अमेरिका को सरकारी आर्थिक मदद और कर्मचारियों को निकालने के आदेश पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने कहा कि वॉइस ऑफ अमेरिका को चुप नहीं कराया जा सकता। कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को मनमाना और मनमौजी निर्णय लेने का मामला कहा। न्यायाधीश जेम्स पॉल ओटकेन ने वॉइस ऑफ अमेरिका को चलाने वाली यूएस एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को 1200 से अधिक पत्रकारों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकालने से रोक दिया। ओटकेन ने एक अस्थाई प्रतिबंध आदेश जारी करके एजेंसी को कर्मचारियों या कांट्रैक्टरों को नौकरी से निकालने, कर्मचारियों की संख्या कम करने, छुट्टी पर भेजने और किसी भी कार्यालय को बंद करने या विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लौटने के लिए मजबूर करने से रोक दिया है। इसके अलावा एजेंसी फॉर ग्लोबल मीडिया को रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी, रेडियो फ्री एशिया और रेडियो फ्री अफगानिस्तान सहित अपने अन्य प्रसारण आउटलेट के लिए दिए जाने वाले फंड को समाप्त करने से रोका गया है। एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि वह न्यायाधीश के आदेश के बाद रेडियो फ्री यूरोप की फंडिंग बहाल कर रही है।

जज ओटकेन ने ट्रम्प प्रशासन को एक ऐसी एजेंसी को नुकसान पहुंचाने के लिए दोषी ठहराया, जिसे कांग्रेस द्वारा वैधानिक रूप से अधिकृत और वित्त पोषित किया गया है। न्यायाधीश ने एजेंसी के नेतृत्व की आलोचना करते हुए कि उन्होंने अमेरिकी सरकार के वैश्विक, सॉफ्ट-पावर मेगाफोन पर प्रभावों पर विचार किए बिना रातोंरात हाथ खींच लिए। जज ने वॉइस ऑफ अमेरिका के पत्रकारों, श्रमिक संघों और गैर-लाभकारी पत्रकारिता वकालत समूह रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के गठबंधन के बाद पिछले हफ्ते ट्रम्प प्रशासन पर कटौती को रोकने के लिए दायर मुकदमे पर सुनवाई की। संघीय अदालत में दर्ज किए गए मुकदमे में कहा गया है कि वॉइस ऑफ अमेरिका के कर्मचारियों को 15 मार्च को अपने लाइव प्रसारण समाप्त करने और फिर इमारत खाली करने के लिए कहा गया। इसके तुरंत बाद उन्होंने ईमेल सहित एजेंसी के कंप्यूटर सिस्टम तक पहुंच खो दी। वॉइस ऑफ अमेरिका की समाचार वेबसाइट को तब से अपडेट नहीं किया गया है। पूर्व टीवी समाचार एंकर और राजनीतिक उम्मीदवार लेक ने कहा कि वह यह निर्धारित कर रही हैं कि न्यूनतम स्टाफिंग स्तरों पर कुछ आउटलेट्स को संचालित करने के लिए कितने लोगों की आवश्यकता है? उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को काम पर वापस लाया गया है और क्यूबा में रेडियो मार्टी सेवा शुरू कर दी गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ये एजेंसियां हमारे अमेरिकी मूल्यों के अनुरूप हों। हम अमेरिका की कहानी बता रहे हैं। हम अपने विरोधियों की कहानियां नहीं बता रहे हैं। हम अमेरिका विरोधी कचरा नहीं फैलाएंगे।

### कनाडा और अमेरिका ने दोनों देशों के आपसी संबंधों पर की चर्चा

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से आयात-निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर दोनों देशों के आपसी संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक सूचना विज्ञप्ति के अनुसार, कनाडा के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति ने कनाडा के आम चुनाव, जो 28 अप्रैल को निर्धारित है, के बाद नए आर्थिक और सुरक्षा संबंधों पर व्यापक वार्ता शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को बताया कि कनाडा की सरकार दो अप्रैल को अमेरिका की ओर से व्यापार संबंधी अतिरिक्त कदमों की घोषणा के बाद कनाडा के श्रमिकों और अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए प्रतिशोधी शुल्क लागू करेगी।

# इजरायल ने बेरूत उपनगर को बनाया निशाना

बेरूत/पेरिस, वार्ता

■ युद्ध विराम के बाद पहली बार दक्षिणी उपनगरों में इमारत पर बोला हमला

■ मैक्रों ने की लेबनान को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों की निंदा

**इज़रायली** हवाई हमलों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक इमारत को निशाना बनाया। पिछले नवम्बर में युद्ध विराम पर सहमति बनने के बाद से यह पहला ऐसा हमला था। हवाई हमलों के तुरंत बाद इज़रायल रक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने लेबनान की राजधानी के पास हिजबुल्लाह से 'संबंधित ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया था। हवाई हमलों से पहले आईडीएफ ने सोशल मीडिया पर निकासी अलर्ट जारी किया, जिसमें लेबनानी नागरिकों को साइट के आस-पास के 300 मीटर के क्षेत्र को छोड़ने की सलाह दी गई।

आईडीएफ के अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्राई ने स्थान को चिह्नित करने वाला एक नक्शा साझा किया और निवासियों से तुरंत खाली करने का आग्रह किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब परिवार अपने घरों से भाग रहे थे, तो वहां अफरा-तफरी का माहौल था, कुछ लोग जल्दबाजी में स्कूल खाली कर रहे थे। आगे भी हमले की आशंका के चलते बच्चे पजामा पहनकर निकलते देखे गए। लेबनान के शिक्षा मंत्रालय ने लक्षित क्षेत्र के पास सभी सरकारी और निजी स्कूलों, माध्यमिक संस्थानों, व्यावसायिक केंद्रों और राफिक हरीरी विश्वविद्यालय परिसर को बंद करने का भी आदेश दिया। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायल के हवाई हमलों को 'अस्वीकार्य' और संघर्षविराम का उल्लंघन बताया। मैक्रों ने पेरिस में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि ये हमले एकतरफा कार्रवाई हैं जो पूर्व प्रतिबद्धता को तोड़ते हैं। वह शुक्रवार की बमबारी से टूटे हुए चार महीने के संघर्ष विराम का जिक्र कर रहे थे। यह संघर्षविराम लागू होने के बाद से बेरूत पर इजरायल का पहला आक्रमण था। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि यह हमला लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट हमलों के जवाब में था, जो सीमा पर तनाव बढ़ने का संकेत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तानी जेलों से 223 अफगान कैदियों को रिहा किया

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 223 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और वे अपने वतन वापस लौट आए हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, बंदी पिछले दो दिनों में पूर्वी नंगरहार में तोरखम सीमा पार बिंदु और दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए हैं। पाकिस्तान ने पिछले साल जेल में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें स्वदेश भेजा है। गौरतलब है कि कथित तौर पर 20 लाख से अधिक अफगानिस्तानी पाकिस्तान में रह रहे हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन सभी अफगानिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहा है, जिनके पास कानूनी यात्रा दस्तावेज और निवासी परमिट नहीं हैं।

### इराक में हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए

**बगदाद।** पश्चिमी इराकी प्रांत अनबर में हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सुरक्षा मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए इराकी बलों ने अनबर प्रांत के एक रेगिस्तानी इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। बयान में कहा गया है कि शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमले में दो आईएस आतंकवादी मारे गए, साथ ही हथियार, गोला-बारूद, उपकरण और रसद आपूर्ति नष्ट हो गई। जबकि इराक ने 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की।

# अमेरिका ने यमन पर किए 26 नए हवाई हमले

**सना/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर 26 नए हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। अल-मसीरा टीवी ने बताया कि दक्षिणी सना में अल-सवाद क्षेत्र पर आठ हवाई हमले किए गए और 18 हवाई हमलों में सादा और अल-जौफ प्रांतों के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी पक्ष ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

इससे पहले दिन में अल-मसीरा टीवी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने भोर से पहले यमन पर 40 से अधिक हवाई हमले किए, जिसमें सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, कमांड कैंप, सरीफ क्षेत्र और सनहान क्षेत्र में जरबन साइट के साथ-साथ उत्तरी प्रांतों में कई अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया। इसमें कहा गया है कि एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं ईरान ने यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों के जारी रहने और लेबनान



■ राजधानी सना व अन्य प्रांतों पर साधा निशाना, एक की मौत, तीन घायल
■ ईरान ने यमन पर अमेरिकी और लेबनान पर इजरायली हमलों की निंदा की

की राजधानी बेरूत को निशाना बनाकर किए गए नये इजरायली हमलों की निंदा की है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बागई ने शुक्रवार रात को जारी बयानों में यमन पर अमेरिकी हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे 'अवैध और अनुचित' बताया। उन्होंने हमलों को आपराधिक कार्रवाई कहा, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक नियमों का 'घोर उल्लंघन' है। बागई ने एक अन्य बयान में कहा कि बेरूत में आवासीय क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रवक्ता ने इजरायल की 'आपराधिक कार्रवाई' को लेबनान की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का घोर उल्लंघन बताते हुए इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा संघर्ष विराम समझौते के इजरायल के लगातार उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का आह्वान किया। इजरायली सेना ने हालांकि कहा कि बेरूत पर उसके हवाई हमलों में हिजबुल्लाह से संबंधित 'ड्रोन भंडारण सुविधा' को निशाना बनाया गया। गौरतलब है कि अमेरिकी सेना ने कल शाम यमन की राजधानी सना और अन्य प्रांतों पर हवाई हमले किए, जिनमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# एलन मस्क ने एक्सएआई को बेचा 'एक्स'

## कंपनी से 33 अरब डॉलर में ऑल-स्टॉक सौदा तय हुआ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्योग पति एलन मस्क ने घोषणा की कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को अपनी खुद की एआई कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर के ऑल-स्टॉक सौदे में बेच दिया है।

दोनों कंपनियां निजी स्वामित्व वाली हैं, इसलिए उन्हें अपने वित्तीय विवरणों को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अधिग्रहण एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमताओं को एक्स की विशाल वैश्विक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। इस सौदे में एक्सएआई का मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का 33 अरब डॉलर है। मस्क, जो टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ भी हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार हैं, ने 2022 में ट्विटर के नाम से मशहूर इस प्लेटफॉर्म को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों की संख्या में कमी की, अभद्र भाषा, गलत सूचना और उपयोगकर्ता सत्यापन पर नीतियों में बदलाव किया और प्लेटफॉर्म को एक्स के रूप में पुनः ब्रांड किया। एक्स को खरीदने के एक साल बाद मस्क ने एक्सएआई की स्थापना की, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उनका अगला प्रमुख उद्यम था। उन्होंने एक्स पर लिखा एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है।

आज, हम आधिकारिक तौर पर डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को अनलॉक करेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के हमारे मूल मिशन के प्रति सच्चे रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी। एआई उद्योग में प्रमुखता सक्रिय मस्क खुद को एआई उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहे हैं, एक ऐसा फोकस जिसने ट्रम्प प्रशासन और तकनीकी क्षेत्र दोनों से महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया है।





# म्यांमार भूकंप से पड़ोसी चीनी प्रांत में 1700 लोग प्रभावित

**बीजिंग/कोलंबो।** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप से दक्षिण-पश्चिमी चीनी प्रांत युन्नान में 1,700 से ज़्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सरकारी चीनी टेलीविजन चैनल सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। भूकंप से सीमावर्ती जिले रुइली में 458 घर प्रभावित हुए, कुल 1,705 लोग प्रभावित हुए।

दो लोग घायल हुए। कई ऊंची इमारतें और पुराने घर क्षतिग्रस्त हो गए। पानी और बिजली की आपूर्ति, सार्वजनिक परिवहन और दूरसंचार सेवाएँ बाधित हुईं। भूकंप का असर म्यांमार के पड़ोसी पांच देशों में भी महसूस किया गया। म्यांमार के प्रधानमंत्री मिन आंग लाइंग ने कहा कि इस आपदा में कम से कम 144 लोगों की मौत हो गई। आपातकालीन स्थिति के रूसी मंत्रालय ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयास में म्यांमार की सहायता के लिए बचाव दल को ले जाने वाले दो विमान भेजे। वहीं श्रीलंका के विदेश मंत्रालय, विदेशी रोजगार और पर्यटन ने एक बयान में कहा कि वह म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मंत्रालय ने उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और जो लोग घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मंत्रालय ने थाईलैंड और म्यांमार में श्रीलंकाई लोगों से सतर्क रहने और यांगून और बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावासों से संपर्क करने का अनुरोध किया। इससे पहले, बैंकॉक में श्रीलंकाई दूतावास ने कहा कि अभी तक थाईलैंड में श्रीलंकाई नागरिकों के भूकंप से प्रभावित होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, जिसके कारण बैंकॉक और अन्य देशों में झटके महसूस किए गए।

■ भूकंप के बाद श्रीलंका ने म्यांमार, थाईलैंड के प्रति संवेदना व्यक्त की

# पाक में चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमला विफल तीन आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी प्रांत पंजाब के डेरा गाजी खान जिले में पुलिस ने एक चेकपोस्ट पर आतंकवादी हमले को विफल कर दिया है और तीन हमलावरों को मार गिराया है। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 20 से 25 आतंकवादियों ने शुक्रवार रात उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा की सीमा से लगे जिले में लखानी चेकपोस्ट पर हमला किया, जिसमें मोर्टार, रॉकेट लांचर, स्नाइपर राइफल और अन्य भारी हथियारों का इस्तेमाल किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि हमले की तीव्रता के बावजूद, पुलिस बलों, एलीट फोर्स और स्पेशल ऑपरेशन यूनिट ने जमकर मुकाबला किया, जिससे हमलावरों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

# गिनी के पूर्व तानाशाह कैमारा को मिला क्षमादान

**डकार (सेनेगल)।** गिनी के सत्तारूढ़ जुंटा ने पूर्व तानाशाह मूसा श्दादिसश कैमारा को माफ कर दिया है। वे 2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की सजा काट रहे थे। इस नरसंहार में कम से कम 157 लोगों की मौत हुई थी और दर्जनों महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया गया था।

इस अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर जुलाई 2024 में कैमारा को सजा सुनाई गई थी। एक बयान के अनुसार, तख्तापलट करने के एक साल बाद जब प्रदर्शनकारी स्टेडियम में राष्ट्रपति पद के लिए कैमारा की योजना का विरोध कर रहे थे, तब सैनिकों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। उस समय जुंटा ने कहा था कि सेना के 'अनियंत्रित' तत्वों ने दुष्कर्म और हत्याओं को अंजाम दिया। हालांकि, ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब स्टेडियम में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तब कैमारा के करीबी सहयोगी वहां मौजूद थे और उन्होंने इस नरसंहार को रोकने के लिए कुछ नहीं किया। गवाहों के अनुसार, नरसंहार के दौरान कई पीड़ितों को गोली मार दी गई। कुछ को चाकू घोंपकर मारा गया। इस दौरान कुछ महिलाएं छिप गईं, लेकिन उन्हें वहां से घसीटकर बाहर निकाला गया और सेना ने कई दिनों तक उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

**2009 में सेना द्वारा किए गए स्टेडियम नरसंहार के लिए 20 साल की काट रहे थे सजा**

# अनन्या से तुलना करने पर बिफरी पलक तिवारी



**मुंबई।** श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वे पैपराजी से इरिटेट होती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, पलक तिवारी मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, तभी पैपराजी ने उनसे यह सवाल पूछा, श्आपको पलक कहें या अनन्या पांडे, हालांकि, पलक ने इस सवाल को नजरअंदाज करते हुए कोई रिएक्शन नहीं दिया। इसके बाद, पलक के एक्सप्रेशन को देखकर एक पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या आप नाराज हैं, इस पर पलक ने जवाब दिया कि आप लोग हमेशा ऐसे क्यों बोलते हो, फिर पैपराजी ने उनकी अपकमिंग फिल्म 'भूतनी' के बारे में पूछा, जिसका ट्रेलर आने वाला है। इस पर पलक हंसते हुए सिर हिलाती हैं और वहां से चली जाती हैं। साल 2023 में सलमान स्टारर श्किसी का भाई किसी की जानश से पलक तिवारी ने डेब्यू किया था। फिल्म में पूजा हेगड़े, वेंकटेश, भूमिका चावला, जगपति बाबू, विजेंदर सिंह, राघव जुयाल, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, शहनाज गिल, पलक तिवारी, विनाली भटनागर और सतीश कौशिक भी नजर आए थे। वहीं, अब जल्द पलक फिल्म 'भूतनी' में दिखाई देंगी, जिसमें संजय दत्त, मौनी राय, सनी सिंह, आसिफ खान और बेयानिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली है। ट्रेलर 30 को सिनेमाघरों में सलमान खान की सिकंदर के साथ जोड़ा जाएगा।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## सलमान ने बताई पेरेंट्स की शादी की सबसे बड़ी रुकावट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अदाकार सलमान खान इन दिनों फिल्म सिकंदर के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच सलमान ने अपने पिता सलीम खान और मां सलमा खान की शादी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि उनके माता-पिता के रिश्ते में सबसे बड़ी समस्या उनका धर्म नहीं, बल्कि उनके पिता का प्रोफेशन था। खान ने कहा कि भले ही उनके माता और पिता अलग-अलग धर्मों से हों, लेकिन उनकी शादी में ए कोई खास मुद्दा नहीं था। असली समस्या ए थी कि उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री में काम करते थे। सलमान ने बताया कि उनकी मां के परिवार को फिल्म इंडस्ट्री में उनके भविष्य को लेकर चिंता थी। उन्हें लगता था कि ये एक परमानेंट करियर नहीं है।

# मां की इजाजत बगैर एक रुपया भी खर्च नहीं करतीं सारा अली खान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने कहा कि वह अपनी मां की इज्जत के बिना एक रुपया भी खर्च नहीं कर सकतीं।

उन्होंने यह भी कहा कि उनका गूगल पे अकाउंट उनकी मां के अकाउंट से लिंडीएम है और ओटीपी भी उनके पास आते हैं। सारा अली खान ने कहा कि मैंने सीखा है कि छोटी-छोटी चीजों को आपको अलग-अलग जगहों पर निवेश करना चाहिए। मेरी मां मेरा फाइनेंशियल अकाउंट हैंडल करती हैं। मेरा गूगल पे अकाउंट भी उनके साथ लिंडीएम है और ओटीपी उनके पास आते हैं। मैं बिना उनसे ओटीपी लिए टिकट बुक नहीं कर सकती। इसी वजह से उन्हें हमेशा पता होता है कि मैं कहां हूं। सारा ने आगे कहा कि मैं जानती हूं और ध्यान रखती हूं कि मैं अपना पैसा कहां खर्च करती हूं। मुझे पैसे का बेवजह खर्च करना पसंद नहीं है, लेकिन हां, मुझे लगता है कि थोड़ी बहुत शापिंग या सेलिब्रेशन में कोई हर्ज नहीं है, अगर आप चाहें तो। हालांकि, मुझे यात्रा करना बहुत पसंद है, तो मैं यात्रा के लिए अपने पैसे बचाती हूं। कपिल शर्मा के शो में सारा अली खान ने बताया था कि वह अपनी मां को महंगी चीजें खरीदने से रोकती हैं। जैसे कि एक बार उनकी मां 1600 रुपये का तौलीया खरीद लाई थीं, तो सारा ने उन्हें डांटते हुए कहा कि ऐसा खर्च करना ठीक नहीं है। वहीं, सारा अली खान की बात करें तो उन्होंने साल 2018 में फिल्म श्केदारनाथश से अपने करियर की शुरुआत की थी। सारा की श्स्काई फोर्स इसी साल रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिला था।

समस्त देशवासियों को जुमा अलविदा एवं ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

सौजन्य से:- जवाब हुसैन ग्राम प्रधान बगरब्बा वि. ख. सैदनगर रामपुर

# आलिया भट्ट को पसंद नहीं, बदल गई हो कहना



**मुंबई।** आलिया भट्ट ने हाल ही में शेयर किया कि उन्हें यह पसंद नहीं है कि लोग उनसे बोले कि वह काफी बदल गई हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि हमेशा एक ही व्यक्ति बने रहना काफी खराब और मुश्किल है। आलिया का कहना है कि जिंदगी में बदलाव होना अच्छा है।

आलिया भट्ट ने हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत की। इस दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि उन्हें कौन-सी बात सबसे ज्यादा नाप. संद है। सवाल का जवाब देते हुए आलिया ने कहा कि एक बात मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है, वो है लोगों का मुझसे कहना, 'अरे, तुम बदल गई हो।' मेरे हिसाब से यह ठीक है, मुझे लगता है कि समय के साथ बदलना अच्छा है। 16 साल की उम्र में आप जो थे, वही बने रहना डरावना है।' आलिया भट्ट ने इस बातचीत के दौरान कहा कि ऐसी कई बात हैं, जो वह चाहती थी कि इंडस्ट्री में आने से पहले कोई उन्हें बताता।

रमजान माह की बधाई
राजेन्द्र कुमार
पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा
वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौहम्मद असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान-कोतवाली देहात
एमएच इलेक्ट्रानिक्स एवं फर्नीचर, कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद अली
संभावित प्रत्याशी
आजाद समाज पार्टी
धामपुर विधानसभा क्षेत्र


रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
इमरान कुरैशी
जिला पंचायत सदस्य
जनपद-बिजनौर
जिला अध्यक्ष
युवा रालोद
जनपद-बिजनौर


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल गफ्फार
जिला प्रचार मंत्री
भाकियू टिकैत
जनपद-बिजनौर
कोतवाली देहात


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बहुजन समाज पार्टी
मुरादाबाद


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर


Ranked No. 1 in the City*
SETH ANANDRAM JAIPURIA SCHOOL
VASUNDHARA, GHAZIABAD

From Classroom to Cockpit
WHERE DREAMS TAKE FLIGHT
Admission Open for 2025-26
Pre-Nursery to XI
As per vacant seats
100% Scholarship for deserving students seeking admission in class XI.

| Scholarship test result | Scholarship on Composite fee |
|---|---|
| 97.5% or More | 100% |
| 95% to 97.49% | 90% |
| 90% to 94.99% | 80% |

Scholarship eligibility based only on Board Result

| % Board Marks | Scholarship on Composite fee |
|---|---|
| 98 % and above | 100% |

Streams available: Science, Commerce & Humanities
jaipuriaghaziabad.edu.in
*by Times School Survey 2024
Cfore School Rankings 2024
Dainik Jagran 2024
8447069990, 8080811811 (ext.1)
Sector-14C, Vasundhara, Ghaziabad
THE SCHOOL OFFERS
CAMBRIDGE International Education
Cambridge International School
ieyc International